CMYK

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 11 अंक : 33 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 19 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अजमेर कोटा भरतपुर संभाग से जुड़े पार्टी के संगठन के नेताओं से बजट को लेकर की चर्चा

### प्रदेश के विकास को लेकर मांगेसुझाव, बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी और पूर्व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ओंकार सिंह लखावत भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** ऐसा राजस्थान के इतिहास में पहली बार देखने को मिल रहा है जब जयपुर में मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश का कोई मुख्यमंत्री सामूहिक मंथन और सामूहिक चर्चा के माध्यम से प्रदेश के विकास को गति देने और प्रदेश के लोगों के जीवन को खुशहाल बनाने की दिशा में पूरा फोकस रखे हुए हैं । जी हां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अब तक के पिछले दो साल के कार्यकाल पर नजर डालें तो उसमें साफ दिख रहा है कि मुख्यमंत्री शर्मा ने सामूहिक मंथन और सामूहिक चर्चा के माध्यम से प्रदेश की तरक्की और भलाई के लिए नई योजनाएं और नए निर्णय लिए जिसमें सबसे बड़ी बात यह है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा के संगठन से जुड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों से लगातार संपर्क में रहते हैं जिसकी वजह से प्रदेश के सभी जिलों और सभी विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों के बारे में उन्हें नियमित रूप से जानकारी मिलती रहती है। जो उन्हें बजट तैयार करने में काफी सहायक साबित होती है यही वजह रही की प्रदेश की भजनलाल सरकार ने राजस्थान विधानसभा में अब तक तीन बजट प्रस्तुत किए हैं और इन तीनों ही बजट को लेकर राजस्थान की जनता में ही नहीं बल्कि पूरे देश के लोगों ने बजट की काफी प्रशंसा की है वजह यही है कि बजट तैयार करने में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जल्दी बाजी नहीं करते और सभी क्षेत्र के विशेषज्ञ लोगों विशिष्ट जनों, जनप्रतिनिधियों इत्यादि सभी से चर्चा करके ही बजट तैयार करते हैं। बजट तैयार करने के बाद बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन पर भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कड़ी निगरानी रखते हैं और प्रत्येक बजट की घोषणा के क्रियान्वयन को लेकर संबंधित विभाग के बड़े अधिकारियों से लगातार बजट की घोषणा को लेकर फीडबैक लेते रहते हैं। इसके अलावा इलाके के संबंध जनप्रतिनिधि से भी बजट की घोषणा की क्रियान्वयन के संदर्भ में नियमित रूप से बातचीत करते रहते हैं । इस दौरानअगर कोई अधिकारी बजट कि किसी घोषणा को लेकर लापरवाह दिखे तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने में भी पीछे नहीं हटते । जानकारी के अनुसार पिछली 11 फरवरी को राजस्थान विधानसभा में उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी की ओर से जो बजट प्रस्तुत किया गया है उस बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा अभी से युद्ध स्तर पर जुट गए हैं। एक तरफ उन्होंने सभी विभागों के बड़े अधिकारियों से अपने-अपने विभाग से जुड़ी बजट की घोषणा के क्रियान्वयन के लिए कार्य योजना तैयार करके उसे मुख्यमंत्री कार्यालय को भिजवाने को कहा है तो दूसरी तरफ पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों से बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन पर कड़ी नजर रखने को कहा है इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले कुछ दिनों से मुख्यमंत्री आवास पर एक बार फिर से प्रदेश के सभी संभाग के भाजपा के संगठन से जुड़े नेताओं से विस्तार से बातचीत कर रहे हैं बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा एक तरफ जहां बजट की घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से अपील कर रहे हैं तो दूसरी तरफ बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर भी कड़ी नजर रखने के लिए कह रहे हैं। इसके अलावा संगठन से जुड़े नेताओं से उनके क्षेत्र में और जो समस्याएं बाकी बची है उनके बारे में भी उनसे सलाह और सुझाव ले रहे हैं ताकि पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को फील्ड में जनता से बातचीत के दौरान किसी भी तरह की नाराजगी नहीं झेलनी पड़े। इसीलिए पिछले कुछ दिनों से मुख्यमंत्री आवास पर भजनलाल शर्मा पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से नियमित रूप से मुलाकात कर रहे हैं। बुधवार को अजमेर कोटा भरतपुर संभाग से जुड़े भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से उन्होंने काफी देर तक सामूहिक चर्चा और बातचीत की बताया गया है कि मुख्यमंत्री शर्मा संभागबार पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से सामूहिक चर्चा कर रहे हैं। इस चर्चा में पूर्व उपमुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक प्रणामी और भाजपा के वरिष्ठ नेता औंकात सिंह लखावत भी बुधवार को मौजूदरहे । जानकार लोगों का कहना है कि पिछले 2 साल में जयपुर में मुख्यमंत्री आवास पर सामूहिक संवाद और सामूहिक चर्चा के जितने कार्यक्रम आयोजित हुए हैं इतने कार्यक्रम अब से पहले प्रदेश में किसी भी मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित नहीं किया। लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री आवास को एक तरह से संवाद का एक बड़ा केंद्र मानकर चल रहे हैं जहां पर सामूहिक चर्चा और सामूहिक संवाद से जो अच्छी बात और अच्छा निर्णय निकलकर सामने आता है उसे वह प्रदेश के विकास में और तरक्की में समायोजित करने का प्रयास करते हैं इसीलिए आजकल कहा जा रहा है कि जयपुर का मुख्यमंत्री आवास प्रदेश के तरक्की और विकास में एक नया स्वर्णिम इतिहास लिखता हुआ नजर आ रहा है।

## स्पीकर वासुदेव देवनानी की ठोस पहल, सदन में मंत्री और विधायकों को दिशा निर्देश जारी किए

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को सदन की कार्यवाही के सुचारु संचालन एवं मर्यादा के पालन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। देवनानी ने कहा कि जिन माननीय सदस्यों के नाम चर्चा में भाग लेने हेतु निर्धारित किए जाते हैं, वे मंत्री के उत्तर तक सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। चर्चा केवल अपने विचार व्यक्त करने तक सीमित न रहे, बल्कि मंत्री के उत्तर को सुनना भी प्रत्येक सदस्य का दायित्व है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों को सीमित कार्य दिवसों के दौरान सदन में सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अक्सर कोरम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जो सदन की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न करती है। सभी सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित है. विशेषकर वे सदस्य जिनका नाम चर्चा के लिए निर्धारित है। स्पीकर देवनानी ने यह भी निर्देशित किया कि जब किसी भी अनुदान की मांग पर संबंधित मंत्री उत्तर देते हैं, उस समय मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि 16 अनुदान मांगों पर अलग-अलग मंत्रियों को उत्तर देना होता है, ऐसे में मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यॉ का भी सदन में उपस्थित रहकर चर्चा सुनना संसदीय परंपरा और मर्यादा के अनुरूप है। अध्यक्ष देवनानी अनुदान की मांगों पर कटौती प्रस्तावों की प्रक्रिया स्पष्ट करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि जिस दिन संबंधित मांग सदन में ली जाती है, उस दिन प्रस्तुत सभी कटौती प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत माने जाएंगे। बोलने की अनुमति उन्हीं माननीय सदस्यों को दी जाएगी, जिनके नाम विभिन्न दलों के सचेतकों एवं सरकारी मुख्य सचेतक द्वारा आसन को भेजे जाएंगे। प्राथमिकता उन सदस्यों को दी जाएगी, जिनके कटौती प्रस्ताव सूचीबद्ध हैं। मतदान के समय यह परंपरा रही है कि प्रस्तुत कटौती प्रस्ताव स्वतः वापस माने जाते हैं। जिस माननीय सदस्य का नाम पुकारा जाएगा, वे अपने सभी कटौती प्रस्तार्वा पर एक साथ उसी समय अपने विचार रखेंगे। पार्टी के नेता अथवा अन्य प्रमुख सदस्य भी अपनी पार्टी की ओर से विचार व्यक्त कर सकेंगे। अध्यक्ष देवनानी ने यह भी स्पष्ट किया कि मांगों पर बहस के दौरान उठाए गए प्रश्नों का उत्तर संबंधित मंत्री उसी दिन देंगे। इसके पश्चात मांगों पर मतदान की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। समयाभाव के कारण जिन प्रश्नों का उत्तर तत्काल नहीं दिया जा सकेगा, उनका लिखित उत्तर संबंधित माननीय सदस्यों को उपलब्ध कराया जाएगा। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष ने सभी माननीय सदस्यों से संसदीय परंपराओं के पालन और सदन की गरिमा बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देने की अपेक्षा व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि विधायकगण को जनता चुनकर भेजती है। सदन में सत्र के दौरान पूरा समय उपस्थित रहे। अनुशासन और मर्यादा का भी पालन करें।

## कान्हा ग्रुप के 33 ठिकानों पर इनकम टैक्स विभाग के छापे, मौके पर भारी मात्रा में नकदी मिलने की भी मिली जानकारी

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** कान्हा ग्रुप के राजस्थान, पश्चिम बंगाल, मुंबई और कई अन्य स्थानों पर स्थित करीब 33 ठिकानों पर आयकर विभाग की टीमों की ओर से बुधवार को एक साथ छापा मार करवाई को अंजाम दिया गया है इस छापामार कार्रवाई में कान्हा ग्रुप के पांच रेस्टोरेंट भी शामिल हैं ।छापामार कार्रवाई के दौरान शुरू में कई ठिकानों पर भारी मात्रा में नकदी भी मिली है। इनकम टैक्स विभाग की टीमों ने सभी जगह पर लेनदेन की कच्ची पर्ची, डिजिटल डाटा, लैपटॉप, कंप्यूटर, हार्ड डिस्क, दस्तावेज पत्रावली इत्यादि बरामद करके इन सब की जांच पड़ताल की जा रही है। शुरू की जांच पड़ताल में भारी मात्रा में अघोषित संपत्ति से जुड़े दस्तावेज और पत्रावलियां भी मिली है जिनके बारे में इनकम टैक्स विभाग की टीम तमाम तरह की जानकारियां एकत्रित करने की कोशिश कर रही है। जानकारी के अनुसार राजधानी जयपुर में भी टोंक रोड पर कान्हा ग्रुप का एक बड़ा रेस्टोरेंट स्थित है इसके अलावा जयपुर में अन्य जगहों पर भी इस ग्रुप के दफ्तर और ठिकाने हैं पश्चिम बंगाल, मुंबई, कोटा, श्रीगंगानगर और कई अन्य शहरों में कान्हा ग्रुप के विभिन्न ठिकानों पर खबर लिखे जाने तक इनकम टैक्स विभाग की टीमों की ओर से जांच पड़ताल की जा रही थी कल 33 ठिकानों पर यह छापामार कार्रवाई की गई है। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक विभाग को पिछले कुछ महीनो से लगातार शिकायत मिल रही थी कि कान्हा ग्रुप की ओर से वास्तविक इनकम के बारे में सही जानकारी इनकम टैक्स विभाग को नहीं दी जा रही और भारी मात्रा में इनकम टैक्स की राशि बचाने के अलावा काली कमाई को अन्य जगहों पर इन्वेस्ट किया जा रहा है इनकम टैक्स विभाग के अधिकारियों ने समय-समय पर मिल रही इन शिकायतों को काफी गंभीरता से लिया और अपने स्तर पर कान्हा ग्रुप के विभिन्न ठिकानों के बारे में जानकारी जुटा गई तथा विभिन्न ठिकानों पर हो रही गतिविधियों पर भी गुपचुप में इनकम टैक्स विभाग की टीमों की ओर से जानकारी हासिल की गई जिसमें इनकम टैक्स विभाग को जब यह पूरा यकीन हो गया कि जो शिकायतें कान्हा ग्रुप के बारे में मिली थी वह सभी शिकायतें सत्य पर आधारित है इसके बाद इनकम टैक्स विभाग ने इस ग्रुप के विभिन्न ठिकानों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम देने के लिए एक कार्य योजना तैयार की गई। जिसमें सभी ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई को अंजाम देने का निर्णय लिया गया ताकि विभिन्न ठिकानों पर रखें संदिग्ध कागजात और दस्तावेज इधर-उधर ना हो जाए इसीलिए बुधवार को राजधानी जयपुर सहित पश्चिमी बंगाल महाराष्ट्र और कई अन्य जगहों पर एक साथ छापामार कार्रवाई को इनकम टैक्स विभाग में अंजाम दिया ।

## एसकेआईटी कॉलेज में बम होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस और कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मचा




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के जगतपुरा क्षेत्र में स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान कॉलेज में बम होने की सूचना मिलने के बाद कॉलेज प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे कॉलेज परिसर को खाली करवाया । पुलिस ने मौके पर डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते को भी बुलाया। पुलिस ने कालेज परिसर में काफी देर तक सदन जांच पड़ताल शुरू की इसके अलावा कालेज परिसर के आसपास के इलाके में भी पुलिस ने तलाशी अभियान काफी देर तक संपादित किया। लेकिन पुलिस के तलाशी अभियान में पुलिस को कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने इस सूचना को पूरी तरह से गलत करार दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार को जगतपुरा स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान कॉलेज के प्रिंसिपल के पास ईमेल के माध्यम से सूचना दी गई की कॉलेज में भारी मात्रा में आरडीएक्स रखा हुआ है जो 11:45 बजे कॉलेज में विस्फोट होगा ईमेल से मिली सूचना के बाद प्रिंसिपल ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना भेजी सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे कॉलेज परिसर को खाली करवाया तथा कॉलेज में तलाशी अभियान शुरू किया गया लेकिन पुलिस को तलाशी में कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अब ईमेल करने वाले व्यक्ति को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है अब देखने वाली बात यह है कि क्या जयपुर पुलिस ईमेल करने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर पाएगी और उसे पकड़ पाएगी क्योंकि पिछले कुछ महीनो से जयपुर में जिलाधीश कार्यालय, हाई कोर्ट परिसर को भी एक बार नहीं कई बार इसी तरह की बम होने की सूचना दी गई थी लेकिन पुलिस अब तक इस तरह की फर्जी सूचना देने वाले व्यक्ति को नहीं पकड़ पाई है इसके अलावा कल जोधपुर हाई कोर्ट और जयपुर हाई कोर्ट बेंच को भी बम से उड़ने की धमकी दी गई लेकिन ईमेल के माध्यम से इस तरह की सूचना देने वाले व्यक्ति को पुलिस पकड़ नहीं पाई है यही वजह है कि इस तरह की गलत सूचना देकर पुलिस प्रशासन और संबंधित विभागों से जुड़े लोगों के लिए परेशानी खड़ी करने वाले इन फर्जी सूचना देने वाले लोगों की गिरफ्तारी नहीं होने की वजह से इनके हौसले बुलंद हैं और वह रोजाना कहीं ना कहीं इस तरह की सूचना भेज कर पुलिस के लिए भी बड़ी सिर दर्द बन गए हैं ।

## सदन में चिकित्सा विभाग के अनुदान मांगों पर बहसः आरयूएचएस का नाम भेरू सिंह शेखावत के नाम पर करने की मांग

### ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टर के ज्यादा नियुक्त किए जाने की मांग उठी, नए डॉक्टर से 50 लाख रुपए का बॉन्ड भरवाने की बात कही गई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को चिकित्सा विभाग के अनुदान मांगों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किया। इस दौरान विधायकों ने ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा व्यवस्था मजबूत करने की बात कही और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टर नियुक्त होने के लिए पीछे हटते हैं इसलिए डॉक्टरों की नई नियुक्ति के दौरान 50 लाख का डॉक्टर से बंद भरवाना सुनिश्चित किया जाए और शुरू के 5 साल प्रत्येक नए डॉक्टर को ग्रामीण क्षेत्रों में नियुक्ति दी जाए। इस तरह से अनुदान मांगों पर बहस के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने अपनी अपनी सलाह और राय सरकार को दी हालांकि कांग्रेस पार्टी के विधायक के हाकम अली ने कहा कि प्रदेश के सबसे बड़े सवाई मानसिंह अस्पताल में बिना पैसों के मरीज का इलाज नहीं किया किया जाता। उन्होंने कहा कि सवाई मानसिंह अस्पताल में और सरकारी अस्पतालों में गरीब मरीज ही इलाज करवाने के लिए ज्यादा जाते हैं लेकिन सरकारी अस्पतालों में भी मरीज से पैसा लिया जाता है। हालांकि हाकम अली के इस बयान पर भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि यह बिल्कुल गलत आरोप है एसएमएस अस्पताल में डॉक्टर पूरी मेहनत के साथ कार्य करते हैं और एसएमएस अस्पताल में बिना पैसों के मरीज का इलाज होता है। चर्चा के दौरान जयपुर की मालवीय नगर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक कालीचरण सराफ ने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा को और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की ज्यादा आवश्यकता है लेकिन डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्रों में ड्यूटी ज्वाइन करने से पीछे हटते हैं इसलिए सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए और नए डॉक्टर से 50 लाख का बॉन्ड भरवाना सरकार की ओर से सुनिश्चित किया जाए और नए डॉक्टर को शुरू के 5 साल ग्रामीण क्षेत्र में ही नियुक्ति देने का नियम सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा व्यवस्था और मजबूत हो सके। भाजपा विधायक कालीचरण सराफ ने कहा कि उदयपुर में जिस तरह से मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी है ठीक उसी तरह से आर यू एच एस का नाम पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व उपराष्ट्रपति दिवंगत भैरों सिंह शेखावत के नाम पर किया जाना चाहिए क्योंकि मोहनलाल सुखाड़िया भी कई बार राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे जब उनके नाम से उदयपुर में यूनिवर्सिटी है तो शेखावत के नाम से अगर आर यू एच एस का नाम रख दिया जाता है तो यह प्रदेश की जनता के लिए और प्रदेश सरकार के लिए भी काफी सम्मान की बात होगी क्योंकि शेखावत ने राजस्थान और देश की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है और राजस्थान में मुख्यमंत्री के रूप में उनका शासन काल आज भी याद किया जाता है उनके नाम से अगर आर यू एच एस का नाम रख दिया जाता है तो यह विपक्ष को भी स्वीकार होगा चिकित्सा विभाग की अनुदान की मांगों पर बहस के दौरान भाजपा विधायक अनीता बघेल ने पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार पर हमला बोला और कहां की आज कांग्रेस पार्टी के विधायकों को प्रदेश की पीएचसी सीएचसी की दुर्दशा को देखकर रोना आ रहा है लेकिन प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था के जो बुरे हाल पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने किया उसके बारे में कांग्रेस पार्टी के विधायक कुछ नहीं कह रहे उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में चिकित्सा के क्षेत्र में हमारी सरकार ने शानदार कार्य किए हैं और लोगों को अच्छी चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध हो रही है ।

## भारत-अमेरिका व्यापारः 500 अरब डॉलर का सामान आएगा भारत

नई दिल्ली/(एजेंसी)

भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और तकनीकी जरूरतों को पूरा करने के लिए अब अमेरिका की ओर एक बड़ा रणनीतिक बदलाव कर रहा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संकेत दिया है कि भारत अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर (लगभग 41 लाख करोड़ रुपये) का सामान खरीदने का इरादा रखता है। इस 'मेगा ट्रेड डील' का खाका लगभग तैयार है, जिसे मार्च में अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। इस समझौते के केंद्र में ऊर्जा विविधता, हाई-टेक उपकरण और एविशन सेक्टर है। अमेरिका के अनुसार भारत ने रूसी तेल के आयात को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोकने की प्रतिबद्धता भी जताई है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए अब गिने-चुने देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहता। पीयूष गोयल ने मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारत कच्चे तेल और कोकिंग कोल के स्रोतों में विविधता लाना चाहता है। कोकिंग कोल, जो स्टील उद्योग के लिए महत्वपूर्ण कच्चा माल है, को लेकर मंत्री ने चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा, 'हम अभी कोकिंग कोल के लिए केवल 2 या 3 भौगोलिक क्षेत्रों (देशों) पर निर्भर हैं और इनकी कीमतें लगातार बदलती रहती हैं। हमें अमेरिका से उच्च गुणवत्ता वाला कोकिंग कोल भारत लाने में खुशी होगी '। भू-राजनीतिक लिहाज से एक बड़ी खबर यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए लगाए गए 25' टैरिफ को हटा दिया है। यह कदम इसलिए उठाया गया क्योंकि नई दिल्ली ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं

## सदन में भजनलाल सरकार ने कहा-2028 तक शेखावाटी के लोगों को यमुना का पानी पिलाएंगे

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** राजस्थान विधानसभा में भजनलाल सरकार ने एक बार फिर से यमुना जल समझौते के क्रियान्वयन को लेकर अपना रुख स्पष्ट किया और सदन को भरोसा दिलाया कि वर्ष 2028 तक यमुना का पानी शेखावाटी के लोगों को उपलब्ध करवाएंगे बुधवार को राजस्थान विधानसभा में यमुना जल परियोजना का मुद्दा उठा। जिस पर जवाब देते हुए प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि सरकार यमुना जल परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर गंभीर है इसके लिए डीपीआर तैयार करने का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है इस योजना को लेकर हरियाणा सरकार और राजस्थान सरकार दोनों ओर से क्रियान्वयन के सतत प्रयास जारी हैं जिसमें दोनों राज्यों के डीपीआर बनने के बाद इस योजना के क्रियान्वयन के लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2028 तक यमुना जल परियोजना के तहत शेखावाटी के लोगों को पानी उपलब्ध करवाएंगे। राजस्थान विधानसभा में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने जोड़ देकर कहा कि यमुना जल परियोजना के लिए बजट में भी हमारी सरकार ने प्रावधान किया है इसलिए इस योजना को लेकर किसी को भी संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसकी डीपीआर का कार्य करीब अंतिम चरण में है कोई भी बड़ा कार्य शुरू करने से पहले कई तरह की प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है । जिन्हें कंप्लीट करना पड़ता है इसलिए इस तरह की बड़ी परियोजनाएं हाथों-हाथ बनकर तैयार नहीं होती उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर शुरू से ही संकल्पित है और हरियाणा सरकार भी इस योजना को लेकर गंभीर है । उल्लेखनीय है कि यमुना जल परियोजना को लेकर कांग्रेस पार्टी के तमाम बड़े नेता सरकार पर आरोप लगाते हैं कि इस योजना में सरकार को केंद्र सरकार से भी किसी भी तरह की आर्थिक मदद नहीं मिली है और इस योजना को लेकर सरकार ने पहले दो महीने में डीपीआर बनाने की बात कही थी लेकिन 2 महीने बीतने के कई दिन बाद भी डीपीआर अब तक नहीं बनी है राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी सार्वजनिक सभा में कई बार कहा है कि यमुना जल परियोजना सिर्फ लोगों के साथ छलावा है इस योजना में शेखावाटी के लोगों को एक बूंद पानी भी नहीं मिलेगा लेकिन बुधवार को सदन में जल संसाधन मंत्री ने प्रभावी तौर पर 2028 तक हर हाल में शेखावाटी के लोगों को यमुना का पानी उपलब्ध करवाने की बात कहकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं की जुबान बंद कर दी है।

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
19 फरवरी, 2026

# जिला कलक्टर ने ली जिले की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक

## जल जीवन मिशन के तहत शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण वाले गांवों का करावें हर घर जल सर्टिफिकेशन - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिले की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, समर कंटेंजेंसी तैयारियों एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक लेकर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने जल जीवन मिशन की समीक्षा कर कहा कि जिले में वर्तमान में 75 प्रतिशत घरेलू कनेक्शन किए जा चुके हैं तथा जिन योजनाओं का कार्य प्रगति पर है उनका मासिक आधार पर लक्ष्य निर्धारित कर कनेक्शन करावें तथा 31 मार्च तक शत-प्रतिशत घरेलू कनेक्शन करने की कार्यवाही पूर्ण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के जिन गांवों में जल जीवन मिशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है, उनको आगामी 7 दिवस में हर घर जल सर्टिफिकेशन के तहत रिपोर्टेड गांवों की सूची में सम्मिलित कराने एवं आगामी ग्राम सभा में सर्टिफिकेशन सुनिश्चित करावें। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि जल कनेक्शन विहीन स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में 31 मार्च तक पानी कनेक्शन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जल सेवा आकलन एवं जल अर्पण की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत कंट्रोल रूम स्थापित करने के लिए निर्देशित किया।

**ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल आपूर्ति हेतु स्वीकृत कार्यों को देवें गति**

जिला कलक्टर ने समर कंटीन्जेंसी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु में जिले में पेयजल आपूर्ति सुचारू रहे, इसके लिए स्वीकृत कार्यों को मार्च माह तक पूर्ण करावें तथा शेष कार्यों को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अलवर शहर में विभिन्न मदों से स्वीकृत 93 नए ट्यूबवेल एवं 43 ट्यूबवेल की गहराई के कार्यों की वस्तुस्थिति की समीक्षा कर निर्देश दिये कि शेष रहे ट्यूबवेल्स की ड्रिलिंग करावे तथा जिनकी ड्रिलिंग हो चुकी है उनको समयबद्ध रूप में चालू करावें। उन्होंने निर्देश दिये कि इसी प्रकार जिले में स्वीकृत ट्यूबवेल्स कार्य एवं पेयजल योजनाओं के कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करावे। बैठक में जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश सैनी, अधीक्षण अभियन्ता एनसीआर धर्मवीर सिंह, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, सीडीईओ महेश गुप्ता सहित जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियन्ता महेंद्र मीणा, कमल किशोर नारंग, के एल सैनी, संजय सिंह, अभिषेक कुमार एवं सहायक अभियन्ता सियाराम गुर्जर, गिर्राज प्रसाद मीणा, जैकी शर्मा, हितेश कुमार, प्रकाश मीणा, सुनील यादव, पवन जांगिड़, जितेंद्र कुमार, प्रवीण सैनी, भगवान सैनी मौजूद रहे।

## राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय टहला में कक्षा 6 से कक्षा 12 (विज्ञान वर्ग) तक के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 मई तक

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय टहला में वर्ष 2026-27 के लिए कक्षा 6 से कक्षा 12 (विज्ञान वर्ग) तक के लिए छात्राएं 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय टहला के प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह ने बताया कि पूर्व की भांति विद्यार्थी की स्वयं की एसएसओ आईडी से नवीन प्रवेश पोर्टल SJMS पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। अतः संबंधित आवेदन जल्द से जल्द करें, जिससे प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके। प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2026 नियत है। आवासीय विद्यालय में प्रवेश से संबंधित जानकारी एवं सामान्य दिशा-निर्देश का विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट http//sje.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

## घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग करने पर 4 गैस सिलेंडर किए जब्त

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु गठित जांच दल द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई कर 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि टीम द्वारा सतीश गुर्जर, जयराम नगर खुदनपुरी 200 फीट रोड के व्यावसायिक स्थल पर जांच के दौरान 4 घरेलू गैस सिलेंडरों को व्यावसायिक कार्यों में उपयोग किया जाना पाया गया, जिसे आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत दण्डनीय अपराध होने के कारण जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से मैसर्स प्रसन्ना गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार मैसर्स अलवर इंडेन के भगवानपुरा स्थित शोरूम एवं गोदाम की जांच के दौरान कई अनियमितताएं पाई गई, जिसमें गोदाम से डिलीवरी प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं को कैश एण्ड कैरी की सुविधा नहीं देना पाया गया। जबकि गोदाम से सिलेण्डर प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं को 33 रूपये 43 पैसे की छूट दी जानी चाहिए। सिलेंडर के भौतिक सत्यापन में 14.2 किग्रा के 36 सिलेंडर कम पाए गए एवं 19 किग्रा के 108 सिलेंडर कम पाए गए। नया कनेक्शन लेते समय चूल्हा/स्टोव लेना अनिवार्य नहीं है। ऐसी सूचना शोरूम पर अंकित होना नहीं पाई गई तथा गोदाम पर उपलब्ध स्टॉक का अंकन नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु आगामी दिवसों में भी कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरा प्रवर्तन अधिकारी रणधीर सिंह, बनवारी लाल शर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक अशोक कुमार शर्मा, विजयपाल यादव एवं प्रगति बरवाल मौजूद रहे।

## सैनी समाज के 16 जोड़ो का सामूहिक विवाह आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति, अलवर क तत्वावधान में 29वाँ अखिल भारतीय सैनी सामूहिक विवाह समारोह 19 फरवरी गुरूवार को प्याज मण्डी (नई सब्जी मण्डी) अग्रसेन सर्किल के पास अलवर में आयोजित होगा। समिति प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि सर्वप्रथम 16 दूल्हों की सामूहिक बारात निकासी को प्रातः साढ़े 8 बजे महताब सिंह का नौहरा से प्रारम्भ होकर रोड़ नम्बर-2, भगत सिंह सर्किल, मण्डी पुलिया, अग्रसेन सर्किल होते हुए 11 बजे विवाह समारोह स्थल प्याज मण्डी (नई सब्जी मण्डी) पहुचेगी। जहॉ पर हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार आचार्यों द्वारा तोरण, वरमाला एवं पाणिग्रहण संस्कार की रस्में सम्पन्न करवाई जावेगी। इस अवसर पर सामूहिक विवाह समारोह में महिलाओं एवं बालिकाओं की अधिक भागीदारी बढ़ाने हेतु 15 फरवरी रविवार को आयोजित हुई मैहन्दी, रंगोली एवं फैन्सीड्रेस प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों सहित कुल 33 लक्की ड्रॉ कुपन निकालकर प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को दोपहर 12:30 बजे पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। दोपहर 3 बजे सामूहिक विदाई के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समिति द्वारा समाज के भामाशाओं एवं दानदाताओं के सहयोग से नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप गृहस्थ जीवन बसाने हेतू आवश्यक सामग्री दी जावेगी। समिति द्वारा गत 28 वर्षों में 820 से अधिक वर-वधुओं का सफलतापूर्वक सामूहिक विवाह के माध्यम से करोड़ों रूपये फिजूलखर्ची रोककर समाज में समानता एवं समरसता का संदेश देने के कार्य कर रही है।

## निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर कल

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महावीर इन्टरनेशनल अलवर केन्द्र द्वारा संचालित आचार्य हस्ति चिकित्सालय, 1 शान्तिकुंज, भवानी तोप सर्किल, मीनल होटल के पास, अलवर में विश्व सिंधी सेवा संगम द्वारा 20 फरवरी, शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर प्रातः 8.30 बजे से 10:30 बजे तक लगाया जा रहा है। केन्द्र सचिव वीर सूर्यकान्त भारद्वाज ने बताया कि यह शिविर श्रीमती ईश्वरी देवी व गोविन्दराम मोहन की स्मृति में विश्व सिंधी सेवा संगम द्वारा लगाया जा रहा है। इस शिविर में मोतियाबिन्द के मरीजों के लैंस प्रत्यारोपण के ऑपरेशन डॉ. राकेश गुप्ता (नेत्र रोग विशेषज्ञ) द्वारा निःशुल्क किए गये। ऑपरेशन के बाद मरीजों को रहने, खाने, दवाईया, चश्में की सुविधा निःशुल्क रहेगी। उन्होंने बताया कि आँखों की जाँच कराने वाले रोगी अपना आधार एवं वोटर आई.डी या राशन कार्ड की फोटों प्रति साथ लानी होगी।

## आठवीं के छात्रों का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं शहर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 10 में कक्षा 8 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न हुआ। विदाई समारोह में छात्रों को भय मुक्त परीक्षा देने के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई। प्रधानाचार्य खेमचंद तंवर ने कहा कि यह विदाई एक नए सफर की शुरुआत है। हमें विश्वास है कि यहां से शिक्षा प्राप्त कर आप अपने क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन करेंगे। समारोह में राजकुमार सैनी, संस्था के अध्यापक- अध्यापिकाओं और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा सातवीं के छात्रों ने कक्षा आठवीं के छात्रों को भावभीनी विदाई दी।



## एक जिला एक उत्पाद नीति एवं अन्य विभागीय नीतियों व योजनाओं के प्रति जागरूकता हेतु कार्यशाला आयोजित

### उद्यमियों को सरकार द्वारा संचालित नीतियों एवं योजनाओं की दी गई जानकारी






जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य सरकार के पंच गौरव कार्यक्रम के तहत चयनित एक जिला एक उत्पाद के प्रचार-प्रसार के लिए राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति एवं अन्य विभागीय नीतियों व योजनाओं के प्रति जागरूकता हेतु होटल सरोवर प्रीमियर में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक संजय प्रधान ने उद्यमियों को उद्योग विभाग द्वारा संचालित नीतियों एवं योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेकर राज्य के विकास में भागदारी निभाने हेतु प्रोत्साहित किया। वहीं कार्यशाला में ओडीओपी एवं एक्सपोर्ट के विषय विशेषज्ञ अजय गुप्ता ने उद्योग एंव वाणिज्य विभाग की राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीतिएवं राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति 2024 की विस्तृत जानकारी दी। भारत सरकार के रैम्प कार्यक्रम के तहत आए नैबकॉन के प्रतिनिधि जितेन्द्र यादव द्वारा विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं राजस्थान एमएसएमई नीति 2024 के प्रावधानों एवं परिलाभों के संबंध में प्रजेंटेशन दिया। ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग के विषय विशेषज्ञ मनीष खण्डेलवाल ने ओडीओपी उद्यमियों को कैटेलॉग डवलपमेंट एवं पीएनबी के अग्रणी बैंक प्रबंधक बाबूलाल पालरिया ने एमएसएमई के प्रोत्साहन हेतु संचालित योजनाओं एवं बैंकों की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान कॉमर्स एवं इण्डस्ट्रीज के संरक्षक राजेश गुप्ता, अध्यक्ष निकुंज सांघी, मत्स्य उद्योग संघ के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष शशांक झालानी, महिला इकाई की अध्यक्ष शिवानी यादव सहित संबंधित अधिकारी एवं संघों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## भिवाड़ी में पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण अग्निकांड की जांच कराने की मांग को लेकर एडीएम (शहर) को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से बुधवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) को ज्ञापन सौंप कर भिवाड़ी के खुशखेड़ा क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण अग्निकांड मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच करने एवं खुशियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वही कमेटी ने आरोप लगाया कि खुशखेड़ा क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण अग्निकांड ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के अध्यक्ष प्रकाश गंगावत के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के नाम मिनी सचिवायल में ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने कहा कि भिवाड़ी खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में हुए इस दर्दनाक हादसे में प्रशासनिक लापरवाही स्पष्ट रूप से सामने आई है। ज्ञापन में मांग की गई कि दोषी फैक्ट्री संचालकों एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से यह भी आग्रह किया कि पूरे अलवर व भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा नियमों की व्यापक समीक्षा कराई जाए तथा अवैध या नियमों के विपरीत चल रही इकाइयों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। संलग्न ज्ञापन में भी प्रशासनिक जिम्मेदारी तय करने और निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। इस अवसर पर अजीत यादव, पुष्पेन्द्र धाबाई, योगेश मिश्रा, कमलेश सैनी, लीली यादव, गफूर खान, अंकित गोयल, राकेश बैरवा, जेडी आर्यन, हिम्मत चौधरी, रमन सैनी, गौरव यादव, उमरदीन, अनवर साजिद खान, रिपुदमन गुप्ता, राजेश कृष्ण सिद्ध, के.के. खण्डलेवाल, साहुन खान, जमशेद खान, प्रमेन्द्र शर्मा, एस आर यादव, आमीन महर, प्रशांत राजा, महेन्द्र गोयल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## बेमौसम वर्षा से कटाई के बाद रखी फसल खराब होने पर मिल सकेगा बीमा क्लेम

### 72 घण्टे में देनी होगी सूचना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्य में वर्तमान में हो रही बेमौसम बरसात, ओलावृष्टि, चक्रवर्ती वर्षा व चक्रवात से कटाई के बाद 14 दिन तक की अवधि तक खेत में सुखाने के लिए रखी रबी की फसल खराब होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत नुकसान की भरपाई हो सकेगी, जिसके लिए प्रभावित बीमित फसल के काश्तकार को 72 घण्टे के भीतर खराबे की सूचना कृषि रक्षक पोर्टल व हेल्पलाइन नंबर 14447 पर देनी होगी। कृषि विभाग नें बीमा कम्पनियों को प्राप्त सभी इंटीमेशन का तत्काल सर्वे कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत असामयिक वर्षा के कारण फसल कटाई उपरान्त खेत में सुखाने के लिए रखी फसल को 14 दिन की अवधि में नुकसान होने पर व्यक्तिगत आधार पर बीमा आवरण उपलब्ध है। असामयिक वर्षा से प्रभावित काश्तकारों के लिए बीमित फसल के नुकसान की सूचना 72 घण्टे के भीतर जिले में कार्यरत बीमा कम्पनी को देना जरूरी है, ताकि नुकसान का आंकलन कर बीमा क्लेम देने की कार्यवाही की जा सके। फसल में हुए नुकसान की सूचना कृषि रक्षक पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर 14447 दी जा सकती है। इसके अलावा प्रभावित किसान जिले में कार्यरत बीमा कम्पनी, नज़दीकी कृषि कार्यालय अथवा सम्बन्धित बैंक को भी हानि प्रपत्र भरकर सूचना दे सकते है। विभागीय अधिकारियों व बीमा कम्पनियों को तत्काल फील्ड में पहुंचकर फसल खराबे का सर्वे प्रारंभ करने के निर्देश दिए है, ताकि प्रभावित किसानों को बीमित फसलों के नुकसान का क्लेम दिलवाकर राहत प्रदान की जा सके।

## तीन बेटियों का किया कन्यादान, चरण धोकर लिया आशीर्वाद

### नेक कमाई के अब तक 329 कन्यादान हुए

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से नेक कार्य में एक और पुण्य का काम जुड़ गया, जिसमें तीन बेटियों का कन्यादान कर उनके चरण धोकर उनसे नेक कार्य करने वालों ने आशीर्वाद लिया गया। इसके साथ ही नेक कमाई अब तक 329 कन्यादान कर चुका है। नेक कमाई के संरक्षक दौलत राम हजरती ने बेटियों का कन्यादान कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर सरंक्षक हजरती ने बताया कि नेक कमाई अब तक 329 गरीब बेटियों का कन्यादान पूरे कर चुका है। इसके साथ ही नेक कमाई सेवा के बहुत से प्रकल्प चला रहा है जिसमें महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दस प्रकार के निःशुल्क प्रशिक्षण, कचरा बीनने वाले बच्चों के लिए शिक्षा संस्कार कक्षाएं चलाना, सरकारी स्कूलों में संसाधन उपलबध कराना, असहाय परिवारों को राशन देना, विमंदित बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करना और उनकी फीस देना मुखय है। नेक कमाई फाउंडेशन के कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि इस अवसर पर तीन बेटियों को घरेलू सामान दिया गया तथा सेवा कार्यों के लिए सुनीता शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी और रकतदान एंबेसडर तारेश जोरवाल, लेखक और समाजसेवी सुरेश गुप्ता, हुंडी वाले, विमंदित बच्चों की स्कूल संचालिका पायल प्रधान, गायत्री परिवार और शिक्षा संस्कार स्कूल की संचालिका प्रतिभा सिंह, समाजसेवी जितेन्द्र सेतिया, सुनीता शर्मा, सोशल वर्कर खुशबू भारद्वाज, राजकुमार अदलकखा, यूथ सोशल वर्कर भावना सैनी, निशकतजन के लिए कार्य कर रही माया सैनी ने कन्याओं के चरण धोए और आशीर्वाद लिया। कन्यादान कार्यक्रम में रेड क्रास सोसायटी, खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट और डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट का सहयोग रहा। अंत में यूथ आइकान तारेश जोरवाल ने आभार जताया।

## निःशुल्क नेत्र शिविर 21 को, मोतियाबिंद ऑपरेशन होंगे मुफ्त

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** उपखण्ड मुख्यालय स्थित विद्या भारती के विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर, नावां में छठा निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण नेत्र शिविर 21 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन विद्यालय प्रबंध समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष तुलसीराम राजस्थानी ने जानकारी देते हुए बताया कि सामान्यतः विद्यालय परिसर में प्रत्येक माह की 29 तारीख को स्थायी रूप से नेत्र शिविर आयोजित किया जाता है, लेकिन फरवरी माह में 29 तारीख नहीं होने तथा आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए इस बार शिविर की तिथि 21 फरवरी निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि शिविर का आयोजन आई रिसर्च सेंटर एवं जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के सौजन्य से किया जा रहा है। शिविर में सहाय हॉस्पिटल, जयपुर की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम की ओर से मरीजों की आंखों की विस्तृत जांच की जाएगी। जांच उपरांत चयनित मोतियाबिंद मरीजों का निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण (ऑपरेशन) किया जाएगा। शिविर में ऑपरेशन के साथ ही आवश्यक दवाइयां एवं परामर्श भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के जरूरतमंद एवं नेत्र रोग से पीड़ित लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। पूर्व में आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में मरीज लाभान्वित हो चुके हैं। इस बार भी अधिक से अधिक मरीजों के पंजीकरण की उम्मीद जताई जा रही है।

## सचिव रेखा यादव ने वृद्धाश्रमों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला व सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने बीआर गार्डन सैंपऊ व वाटर वर्क्स चौराहे स्थित नारायण हॉस्पिटल के पास संचालित वृद्धाश्रमों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा आवासीय व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, मनोरंजन गतिविधियों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बीआर गार्डन स्थित वृद्धाश्रम में 7 पुरुष एवं 6 महिला वृद्धजन उपस्थित मिले, जिनसे पेंशन व चिकित्सा संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। वाटर वर्क्स चौराहे स्थित वृद्धाश्रम में भी 10 वृद्धजन उपस्थित मिले। यहां नए भवन में कमरों व रसोई घर का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। सचिव ने संबंधित इंचार्ज को वृद्धजनों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण व आपात चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों के लिए नालसा की विधिक सेवाएं योजना-2016 व माता-पिता व वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए प्रत्येक वृद्धजन को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

## *अमावस्या पर भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी*

*जयपुर टाइम्स*

***बाड़ी(निस)।*** *धौलपुर उपखंड के बाड़ी क्षेत्र में श्री मचकुंड सेवा समिति की ओर से अमावस्या के अवसर पर मंगलवार को विशाल प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ जी महाराज के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक माह अमावस्या पर नियमित रूप से भंडारे का आयोजन किया जाता है। भक्ति गीतों व जयकारों के बीच आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती व प्रसादी वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष शिवजीराम गर्ग, कोषाध्यक्ष वीर सिंह मीणा, संयोजक धर्म सिंह मीणा, मनोज भगेला, सचिन सोनी, मनोज सिंघल, मोहित शर्मा, पंकज शर्मा, जितेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।*

## स्कूल में प्रेमी युगल ने फांसी लगाई, एक अन्य जगह पर कंपाउंडर ने भी फांसी लगाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के डूंगरपुर जिले के चौरासी थाना इलाके के गजी गांव में स्थित सरकारी स्कूल में एक प्रेमी युगल केशव फांसी से लटके हुए मिले सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक युवक और युवती की बॉडी को कब्जे में किया तथा घटनास्थल से आवश्य सबूत जुटाए और मामले की जांच शुरू की जिसमें मृतक युवक के शादीशुदा होने की जानकारी भी मिली है पुलिस ने मृतक युवक और युवती के परिजनों को सूचित कर दिया है। जानकारी के अनुसार सरकारी स्कूल में लोहे के एंगल से प्रेमी युगल की बॉडी लटकी हुई देखकर आसपास के लोग घबरा गए और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में ही यह मामला पूरी तरह से प्रेम प्रसंग का निकल कर सामने आया। हालांकि मृतक युवक शादीशुदा था लेकिन मृतका लड़की से प्यार करता था दोनों एक दूसरे को चाहते थे और दोनों शादी भी करना चाहते थे लेकिन युवक के शादीशुदा होने और सामाजिक और पारिवारिक विरोध के चलते दोनों ने जब यह सोच लिया कि उनकी शादी नहीं हो सकती और दोनों साथ-साथ घर बसा कर नहीं रह सकते। इसके बाद दोनों ने एक साथ जीवन लीला समाप्त करने का निर्णय लिया। इसी तरह से प्रदेश के धौलपुर के निहालगंज थाना इलाके में अंबेडकर कॉलोनी में एक सरकारी कंपाउंडर ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कंपाउंडर के शव को कब्जे में किया । घटना स्थल से आवश्यक सबूत जुटाए हैं और मामले की जांच शुरू करदी है । पुलिस ने मृतक कंपाउंडर के परिजनों को भी सूचित कर दिया है हालांकि पुलिस को मौके पर किसी भी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है इसलिए पुलिस मृतक के परिजनों से भी आवश्यक पूछताछ कर रही है। इसके अलावा मृतक कंपाउंड अब्दुलपुर में नियुक्त था इसलिए यहां उसके साथ काम करने वाले डॉक्टर और अन्य स्टाफ से भी पूछताछ करके यह पता लगाया जा रहा है कि मृतक ने आत्महत्या किस वजह से की है पुलिस यह भी जांच पड़ताल कर रही है कि कहीं मृतक को कोई अनुचित रूप से परेशान तो नहीं कर रहा था या फिर मृतक किसी गंभीर समस्या और परेशानी से तो नहीं जूझ रहा था इन सब बातों की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है ।

## एसीबी ने कनिष्ठ लिपि को 15000 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बुधवार को प्रदेश के चूरू में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए चूरू जिला परिषद के कनिष्ठ लिपिक को 15000 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में अरेस्ट किया है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार कनिष्ठ लिपिक सुभाष चंद्र है जिसने परिवादी से मनरेगा के पुराने बिलों के भुगतान के बदले रिश्वत की डिमांड की थी जिसमें आरोपी सुभाष चंद्र ने परिवादी से ऑनलाइन तरीके से 10000 रुपए पहले ही ले लिए थे बाद में परिवादी ने आरोपी कनिष्ठ लिपिक के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो में रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज करवाई। एंटी करप्शन ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई। इसके बाद एसीबी ने आरोपी कनिष्ठ लिपिक सुभाष चंद्र को रंगे हाथों अरेस्ट करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत बुधवार को परिवादी ने जैसे ही आरोपी सुभाष चंद्र को रिश्वत के बकाया 5000 दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ सुभाष चंद्र को मौके पर ही पकड़ लिया यह रिश्वत की रकम सुभाष चंद्र जिला परिषद कार्यालय के बाहर चाय की थड़ी पर ले रहा था जहां पर एसीबी ने ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया।

## शादी में डीजे की गाड़ी ने पांच बच्चों को कुचला, दो बच्चों की मौत तीन गंभीर रूप से घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के टोंक जिले में सदर थाना इलाके में बुधवार को शादी के माहौल में उस समय मातम छा गया जब डीजे बजा रही गाड़ी ने पांच बच्चों को कुचल डाला। जिसमें दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई है तथा तीन बच्चों की गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस घटना के बाद शादी में शामिल होने आए सभी लोगों के चेहरों पर उदासी छा गई है सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का पुलिस ने दौरा किया है घटनास्थल से आवश्यक सबूत जुटाए हैं तथा शादी में शामिल लोगों से पूछताछ की जा रही है जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के गोल डुंगरी इलाके में शादी समारोह के दौरान डीजे की गाड़ी से डीजे बज रहा था और डीजे के गानों पर लोग मौके पर डांस कर रहे थे। बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी वो जो सामूहिक रूप से डांस कर रहे थे इस दौरान ही डीजे की गाड़ी को बैक करने के दौरान पांच बच्चे डीजे की गाड़ी के नीचे आ गए जिसकी वजह से दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई तथा तीन बच्चे गंभीर अवस्था में घायल हो गए हैं जिन्हें टोंक के शहादत अस्पताल में एडमिट करवाया गया है। फिलहाल अस्पताल में भर्ती बच्चों की हालत भी काफी सीरियस बताई गई है इस हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में खलबली मच गई। हालांकि लोगों ने डीजे की गाड़ी के टायर के नीचे दबे बच्चों को बाहर निकाला और उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचन का भी प्रयास किया लेकिन गाड़ी के नीचे आने से दो बच्चों की तो मौके पर ही मौत हो गई थी इसलिए बच्चों की मौत को अपने आंखों के सामने होता हुआ देखकर वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गई कुछ देर पहले जिस जगह पर डीजे की धुन पर बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं और बच्चे डांस कर रहे थे वहां मातम पसर गया।

## एनएसएस शिविर के पंचम दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजकीय महाविद्यालय राजाखेड़ा में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के पंचम दिवस पर सांस्कृतिक एवं कलात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम एवं भारतीय संस्कृति को समर्पित रहा, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में




हरेंद्र राव, अमित, ज्योति कुशवाह एवं धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्वयंसेवकों को एनएसएस गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पारंपरिक लोकगीत 'कुरंजा' की प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक नृत्य ने उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में संस्कृति एवं कला के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा समूह गायन, नृत्य, काव्य पाठ एवं नाटक की प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति एवं एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन होशांग पंचाल ने किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी मान सिंह मीणा, रामकरण रावत, पियूष जांगिड़, चंद्रशेखर, बादाम सिंह तोमर, कुश राठौर सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# राष्ट्रीय स्तर पर भजनलाल सरकार की हुई फिर प्रशंसा: सहकार क्षेत्र की प्रगति में राजस्थान अग्रणी

**गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सहकार मंथन की बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह भी रहे मौजूद प्रदेश के सहकार मंत्री गौतम कुमार ने प्रदेश में सहकार के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार नवीन प्रयोग और कार्यों का प्रभावी तरीके से किया बखान, बैठक में सहकार क्षेत्र में राजस्थान के कार्यों की की गई प्रशंसा**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर।** प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से पिछले 2 साल में सहकार के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों और उपलब्धियां तथा नवाचार की प्रशंसा गुजरात के गांधीनगर में सरकार के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई बैठक में सुनने को मिली। बैठक में राजस्थान में सहकार के क्षेत्र में हो रही प्रगति और कार्यों को देखकर बैठक में मौजूद सहकार मंत्री अमित शाह भी राजस्थान की उपलब्धि को देखकर काफी प्रभावित दिखे । इस बैठक में राजस्थान के सहकार मंत्री गौतम कुमार ने बहुत ही प्रभावी तरीके से पिछले 2 साल में सहकार के क्षेत्र में जो जो कार्य हुए और जो जो नवाचार और नवीन लागू करके प्रदेश के सहकार क्षेत्र के ढांचे को प्रभावी तरीके से मजबूत बनाने का जो कार्य किया उसके बारे में एक-एक बिंदु पर गौतम कुमार तक ने विस्तार से सरकार की उपलब्धियां के बारे में बताया । जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत गुजरात के गांधीनगर में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंगलवार को 'सहकार मंथन' बैठक आयोजित हुई। राजस्थान से सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने इस अहम बैठक में सहभागिता की। दक ने बताया कि 'सहकार से समृद्धि' की दिशा में राज्य में किये जा रहे कार्यों एवं नवाचारों को बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। विशेष रूप से विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना के बेहतर क्रियान्वयन, सहकारी समितियों द्वारा मिलेट आउटलेट्स खोले जाने, राष्ट्रीय स्तर पर गठित बहुराज्यीय सहकारी समितियों की राज्य की सहकारी समितियों द्वारा सदस्यता, नवीन एम-पैक्स के गठन, उदयपुर में बाइक ऑन रेंट सेवा शुरू किए जाने एवं सहकार सदस्यता अभियान आदि के लिए राज्य की सराहना की गई। उन्होंने बताया कि विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना के क्रियान्वयन में राज्य का देश में प्रथम एवं नवीन एम-पैक्स के गठन में द्वितीय स्थान है। इसी प्रकार, भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड की सदस्यता के मामले में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने बताया कि राज्य की सहकारी समितियों द्वारा अब तक 225 मिलेट आउटलेट्स खोले जा चुके हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में सहकारिता की भूमिका को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित यह उच्चस्तरीय बैठक सहकारी संस्थाओं को और अधिक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं लाभकारी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में एम-पैक्स, डेयरी सहकारी समिति एवं मत्स्य सहकारी समितियों के गठन, विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना के क्रियान्वयन, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन आदि विभिन्न विषयों पर नीतिगत मंथन किया गया। दक ने बताया कि शाह ने बैठक में राज्यों को अन्न भण्डारण क्षमता बढ़ाने, सभी सहकारी संस्थाओं के बैंक खाते ज़िला सहकारी बैंकों में खोलने एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में सहकारी बैंकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने आगामी दिनों में देश में अनाज भण्डारण क्षमता उत्पादन की तुलना में तीन गुना बढ़ाने पर बल दिया।

सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने बैठक में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए राज्य की ओर से अपने सुझाव दिए। वहीं, राज्य की ओर से एक प्रस्तुतीकरण भी हुआ, जिसमें बताया गया कि राज्य की सहकारी समितियां अब केवल किसानों को ऋण वितरण तक सीमित नहीं है बल्कि सोलर एनर्जी प्लांट, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, वेयर हाउस, जिम, लाइब्रेरी, गेस्ट हाउस, ड्रोन, कस्टम हायरिंग सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर एवं ई-मित्र आदि नवीन गतिविधियों को अपनाकर वे आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं एवं नये वर्गों को भी अपने साथ जोड़ रही हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। सहकारिता विभाग की शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां आनन्दी भी इस बैठक में शामिल हुईं।

## भिवाड़ी फैक्ट्री अग्निकांड में फैक्ट्री का मालिक और मैनेजर गिरफ्तार, पुलिस ने कोर्ट में किया पेश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में भिवाड़ी के खुशीहैड़ा औद्योगिक क्षेत्र के भीषण अग्निकांड मामले में पुलिस ने फैक्ट्री के मालिक और मैनेजर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था जिसमें पुलिस ने फैक्ट्री के मालिक हेमंत कुमार शर्मा और मैनेजर अभिनंदन को अरेस्ट किया है और दोनों को ही पुलिस ने कोर्ट में प्रस्तुत किया है। इस मामले में राजेंद्र प्रसाद और अजीत को भी आरोपी बनाया गया है । इस मामले को कांग्रेस पार्टी एक तरफ जहां राजस्थान विधानसभा में जोर-शोर से उठा रही है तो दूसरी तरफ इस मामले में मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से धरने प्रदर्शन के कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहे हैं ।उल्लेखनीय है कि इस फैक्ट्री के नजदीकी पुलिस ने एक अन्य जगहों पर गोदाम में छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया जहां बड़ी संख्या में अवैध पटाखे रखे हुए थे। इसलिए यह तो कहना ही पड़ेगा की इस औद्योगिक क्षेत्र में नियम और कानून को दरकिनार करके यहां फैक्ट्री में अवैध गतिविधियां और धंधे संचालित किया जा रहे हैं जो कहीं ना कहीं जिला प्रशासन और पुलिस की कार्य शैली पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में खुशहैड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री में भीषण आग लगने की वजह से फैक्ट्री में मौजूद 7 मजदूर जिंदा ही जल गए थे और चार-चार मजदूर घायल हो गए जिनका अभी उपचार जारी है यह फैक्ट्री पिछले दो महीना से बंद बताई जा रही थी लेकिन फैक्ट्री में अवैध तरीके से पटाखा निर्मित किए जा रहे थे फैक्ट्री में केमिकल और पटाखा होने के पुख्ता संकेत मिले थे इसलिए फैक्ट्री में नियम और कानून को दरकिनार करके जिस तरह से पटाखा गुपचुप में निर्मित किया जा रहे थे स्थानीय जिला प्रशासन पुलिस और अन्य विभागों की कार्यशैली पर भी लोगों ने सवालिया निशान खड़े किए और कहा कि कहीं ना कहीं इस मामले में प्रशासन और पुलिस के लापरवाही साफ रही हालांकि फैक्ट्री में अग्निकांड के बाद जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह से हरकत में आ गई है और भिवाड़ी और आसपास के इलाके में स्थित सभी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित सभी फैक्ट्री की गतिविधियों के बारे में आवश्यक जानकारी जुटा जा रही है कहीं कोई फैक्ट्री अवैध रूप से संचालित तो नहीं हो रही या फिर फैक्ट्री में नियम विरुद्ध कोई कार्य तो नहीं हो रहा इन सब के बारे में इलाके की सभी फैक्ट्रियों की जांच पड़ताल की जा रही है ।

## जल जीवन घोटाले में गिरफ्तार किए गए 9 अभियुक्तों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर कोर्ट ने भेजा, कुछ और लोगों की हो सकती है गिरफ्तारी

### एक और अभियुक्त मुकेश पाठक को एमपी से किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** जल जीवन मिशन के 950 करोड रुपए के घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की ओर से गिरफ्तार किए गए 9 अभियुक्तों को बुधवार को एसीबी ने कोर्ट में प्रस्तुत किया। एसीबी की ओर से इन सब लोगों के लिए 5 दिन का पुलिस रिमांड मांगा था लेकिन कोर्ट ने इन सब लोगों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजने की निर्देश दिए हैं। पुलिस अब इन सब अभियुक्तों से पूछताछ कर रही है पूछताछ में कहीं और बड़े तथ्य उजागर होने की बात कही जा रही है जिसके बाद इस बहुचर्चित घोटाले में कई और लोगों के गिरफ्तार होने की संभावना प्रकट की जा रही है। फिलहाल प्रदेश के जल संसाधन विभाग में पोस्टेड अधिकारियों और कर्मचारियों में एंटी करप्शन ब्यूरो की व्यापक स्तर पर की गई यह कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है इसके अलावा फर्जी प्रमाण पत्र बनाने के आरोप में एंटी करप्शन ब्यूरो ने मध्य प्रदेश से मुकेश पाठक को भी अरेस्ट किया है । पाठक को जयपुर लाया जा रहा है और पाठक को भी कोर्ट में प्रस्तुत करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। पाठक ने श्री गणपति ट्यूबवेल प्राइवेट लिमिटेड का फर्जी इरकॉन का सर्टिफिकेट बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी इसलिए इस प्रकरण में मंगलवार और बुधवार तक 10 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी थी जिनमें जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के कई वर्तमान और पूर्व इंजीनियर और अधिकारी शामिल हैं । जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो की जांच प्रक्रिया अब तेजी से आगे बढ़ रही है इसलिए मंगलवार को जिस तरह से देश भर में कई जगहों पर विभिन्न ठिकानों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम देकर इस मामले में 9 लोगों को अरेस्ट किया और अब जिस तरह से उन्हें 3 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है तो जाहिर तौर पर कहा जा रहा है कि तीन दिन तक होने वाली इस पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां पुलिस को और हासिल हो सकेगी। इसके माध्यम से आने वाले दिनों में इस बहुचर्चित घोटाले में कई और गिरफ्तारियां भी हो सकती है इसलिए जल संसाधन विभाग में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारी के चेहरों पर चिंता की लकीर भी देखी जा रही है। मंगलवार को जब बड़े स्तर पर इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कई वर्तमान और पूर्व अधिकारियों और इंजीनियरों की गिरफ्तारी की उसके बाद प्रदेश के जयपुर स्थित जल भवन में पोस्टेड अधिकारियों और कर्मचारियों में मंगलवार को दिनभर खलबली मची रही। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पहले भी कई गिरफ्तारियां हो चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी इस मामले की जांच प्रक्रिया जारी है इस मामले में पिछले गहलोत सरकार के मंत्री महेश जोशी भी गिरफ्तार हो चुके हैं जो कई दिनों तक जेल में बंद रहे बाद में कोर्ट के आदेश पर उन्हें जमानत मिली है । लेकिन प्रदेश की भजनलाल सरकार से जुड़े लोग बार-बार यह कह रहे हैं कि इस मामले में जिसने भी भ्रष्टाचार किया है उन सबको जेल भेजेंगे । राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने भी कहा था कि जल जीवन मिशन घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा उसे अरेस्ट किया जाएगा चौधरी ने सदन में यह भी स्वीकार किया था कि जल जीवन मिशन में व्यापक तौर पर भ्रष्टाचार हुआ था जिसको पिछली गहलोत सरकार ने उजागर नहीं होने दिया लेकिन हमारी सरकार इस घोटाले से जुड़े सभी छोटे-बड़े अधिकारियों और लोगों को जो जांच में दोषी पाए जा रहे हैं उन्हें जेल की सलाखों में भेज रही है ।

## बजट नहीं, यह कर्जकटौती और केंद्र के सामने सरेंडर का दस्तावेज है: टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन और जनविरोधी नीतियों पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल कागजों की बाजीगरी है, जो राजस्थान को आर्थिक गुलामी की ओर धकेल रहा है। जूली ने` दावों के बारे मे कहा कि भाजपा ने 5 साल का कर्ज 2 साल में ही पार कर लिया है।वर्तमान भाजपा सरकार मात्र 3 साल में ही 2.22 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लेने जा रही है जूली ने बताया कि राजकोषीय घाटे को कागजों पर कम दिखाने के लिए सरकार ने प्रदेश के विकास की बलि दे दी है।वर्ष 2025-26 में बुनियादी ढांचे के लिए 53,686 करोड़ रुपएआवंटित थे, जिसे संशोधित अनुमान में घटाकर 38,288 करोड़ रुपए (28 प्रतिशत की कटौती) कर दिया गया,राज्य की अपनी कर आय भी बजट अनुमानों से 18 प्रतिशत कम रही, जो सरकार की वित्तीय विफलता का प्रमाण है ,मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरों पर सवाल उठाते हुए जूली ने बताया कि दिल्ली से राजस्थान का हक घटकर आ रहा है उन्होंने कहा कि ब्याजमुक्त लोन भी कम दिया गया है 15,000 करोड़ रुपए के बजाय मात्र 9,500 करोड़ रुपए मिले (37 प्रतिशत की कमी) है, इसी तरह केंद्रीय कर 85,716 करोड़ रुपए के लक्ष्य के मुकाबले 2,000 करोड़ रुपए कम मिले है है । टीकाराम जूली ने कहा कि16वां वित्त आयोग ने राजस्थान का हिस्सा 6.03 प्रतिशत से घटाकर 5.93 प्रतिशत कर दिया गया, जिससे हर साल 1,700 करोड़ रुपए का सीधा नुकसान होगा।



उन्होंने कहा कि शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण का वादा था, लेकिन भर्ती 30 प्रतिशत पर ही निकाल दी गई और महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन देने वाली महत्वपूर्ण उड़ान योजना को बंद कर दिया गया है। बजट में नई सरकारी नौकरियों का कोई जिक्र तक नहीं है जूली ने कहा कि शिक्षा बजट 18.2 प्रतिशत से घटाकर 17.1 प्रतिशतऔर स्वास्थ्य बजट 8.4 प्रतिशत से घटाकर 8.1 प्रतिशतकर दिया गया है जूली ने पुरजोर शब्दों में कहा कि सरकार सफाई कर्मचारी भर्ती में देरी कर वाल्मीकि समाज के हक पर प्रहार कर रही है। उन्होंने मांग की कि इस भर्ती में विशेष प्रावधान कर वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता दी जाए जूली ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रस्ताव रखा कि 16वें वित्त आयोग के अन्याय के खिलाफ सदन से एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजा जाए ताकि राजस्थान के गरीब, किसान और युवाओं के हक का पैसा वापस मिल सके ।

## जयपुर में 15 साल पुराने वाहनों को सीज करने के विशेष अभियान का आगाज कर रहा परिवहन विभाग

### बिना परमिट और बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के संपादित हो रहे वाहनों के खिलाफ भी होगी कड़ी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर में प्रदूषण के बढ़ते हुए खतरे को देखते हुए तथा जयपुर में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के प्रयास में अब परिवहन विभाग ने 45 दिन की एक विशेष कार्य योजना तैयार की है जिसमें जयपुर की सड़कों पर दौड़ रहे पुराने वाहनों को सीज करने के अलावा बिना परमिट और बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के संचालित हो रहे वाहनों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी । यह 45 दिन का विशेष अभियान जयपुर आरटीओ प्रथम की ओर से संचालित किया जा रहा है और इस अभियान को प्रभावित तरीके से संपादित करने के लिए परिवहन विभाग के छोटे-बड़े सभी अधिकारियों ने अपनी कमर कस ली है। जानकारी के अनुसार राजधानी जयपुर में परिवहन विभाग पुलिस और जिला प्रशासन की लाख कोशिश के बावजूद भी अवैध और पुराने वाहनों के संचालन पर ठीक तरह से अंकुश नहीं लग पाया है । जिसकी वजह से एक तरफ जहां पुराने वाहनों के संचालन से जयपुर में प्रदूषण की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है तो दूसरी तरफ नियम और कानून को दरकिनार करके जयपुर में यातायात नियमों के उल्लंघन करने में भी वाहन चालक अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे इसलिए जयपुर में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण यह भी है कि यहां पर पुराने वाहन तो बड़ी संख्या में संचालित हो ही रहे हैं इसके अलावा अवैध परमिट और बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के भी वहां यहां पर संचालित हो रहे हैं जो ट्रैफिक पुलिस के लिए भी बड़ी चिंता का विषय बने हुए हैं । इसलिए परिवहन विभाग ने अब जयपुर को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए पुरी तैयारी की है जिसमें 45 दोनों का एक विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है जिसमें 15 साल पुराने वाहनों को किसी भी हालत में जयपुर की सड़कों पर अब नहीं दौड़ने दिया जाएगा। इसलिए इस अभियान में पुराने वाहनों को सीज करने की पूरी तैयारी कर ली है । हालांकि पिछले कुछ महीनो में परिवहन विभाग की सक्रियता और परिवहन विभाग की प्रभावी कार्रवाई से बड़ी संख्या में जयपुर की सड़कों से अवैध वाहन हटाई गई है बिना परमिट और बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के संचालित होने वाले दो पहिया तिपैया चौपाइयां सभी वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई । लेकिन अभी भी जयपुर की सड़कों पर बड़ी संख्या में नियम और कानून को दरकिनार करके बड़ी संख्या में पुराने वाहन दौड़ रहे हैं जिसकी वजह से जयपुर के प्रदूषण की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है जो एक तरफ जयपुर की सुंदरता और लोकप्रियता के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है तो दूसरी तरफ जयपुर के 40 लाख लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी काफी हानिकारक साबित हो रही है इसलिए परिवहन विभाग अब पुराने वाहनों के खिलाफ फुल एक्शन में आ गया है इसीलिए इस विशेष अभियान का आगाज किया जा रहा है जानकारी का कहना है कि जयपुर में रोजाना बड़ी संख्या में देसी और विदेशी पर्यटक भी यहां पर घूमने आते हैं इसलिए जयपुर जैसे शहर को प्रदूषण की समस्या से बचाने के लिए परिवहन विभाग की जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है इसलिए अब परिवहन विभाग पुराने वाहनों को लेकर बिल्कुल सख्त हो गया है ।

## महाशिवरात्रि पर ब्रह्माकुमारीज़ ने निकाली जन-जागरूकता रैली

### बुराइयां त्यागने का दिया संदेश

?जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से महाशिवरात्रि और भौमवती अमावस्या के उपलक्ष्य में क्षेत्र में एक भव्य आध्यात्मिक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली फतेहाबाद तहसील के ग्राम लालपुरा, सलमपुर, नाथूपुरा और रामगढ़ से होते हुए गुजरी, जिसका समापन पुनः लालपुरा में हुआ। रैली के दौरान पूरा ग्रामीण क्षेत्र महादेव के जयकारों और 'एक-दो, एक-दो, बीड़ी पीना छोड़ दो' जैसे नशामुक्ति के नारों से गूंज उठा। रैली में देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां सजाई गई थीं, जिनमें दर्जनों महिलाओं, पुरुषों और नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बीके रंजना बहन ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि शिवरात्रि पर हम शिवजी को आक, धतूरा और



फूल तो अर्पित करते हैं, लेकिन वास्तविक अर्पण अपनी बुराइयों का होना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे पांच विकारों को परमात्मा शिव पर अर्पित कर अपने जीवन को सुखमय बनाएं। इस कार्यक्रम में बीके रंजना बहन, बीके काजल बहन, बीके कुशमा, बीके रानी, फतेहसिंह शर्मा, राजेंद्र भाई, डब्बलसिंह भाई, सीताराम भाई सहित बड़ी संख्या में भाई-बहन और श्रद्धालु सम्मिलित रहे।

## अनिल शर्मा बने अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंगठन के भरतपुर संभाग महासचिव

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंगठन ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कैथरी निवासी अनिल शर्मा को भरतपुर संभाग का महासचिव नियुक्त किया है। नियुक्ति की घोषणा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पदमाकर कुमार द्विवेदी ने की। नवनियुक्त महासचिव शर्मा ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प व्यक्त किया। उनकी नियुक्ति पर विनीत शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, सत्यवीर शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, राजू शर्मा व शैलेष कबीर सहित समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## पीएम स्वनिधि योजनाः स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा 90 हजार तक ऋण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर की ओर से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 के तहत असंगठित क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स के लिए 18 फरवरी से 30 मार्च 2026 तक जोनवार शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में नए आवेदन भरवाने के साथ लंबित आवेदनों की ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। योजना के तहत पात्र वेंडर्स को बिना गारंटी के तीन चरणों में कुल 90 हजार रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। समय पर भुगतान करने वाले लाभार्थियों को 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी तथा डिजिटल लेन-देन पर कैशबैक की सुविधा भी मिलेगी। उपायुक्त श्याम जांगिड़ ने बताया कि मालवीय नगर, जगतपुरा, सांगानेर, झोटवाड़ा, मानसरोवर, मुरलीपुरा, विद्याधर नगर, आदर्श नगर, किशनपोल, सिविल लाइन एवं हवामहल-आमेर जोन में निर्धारित तिथियों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए संबंधित जोन कार्यालयों से संपर्क किया जा सकता है।

## जयपुर के भविष्य की यातायात व्यवस्था को मिलेगा नया विज़न

### जेडीए ने किया कॉम्प्रीहेंसिव मोबिलिटी प्लान का ड्राफ्ट सार्वजनिक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जयपुर शहर की वर्तमान और भविष्य की यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की ओर से तैयार किए गए कॉम्प्रीहेंसिव मोबिलिटी प्लान का प्रारूप सार्वजनिक कर दिया गया है। इस महत्त्वपूर्ण योजना का उद्देश्य शहर में सुगम, सुरक्षित, समावेशी और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था विकसित करना है। जेडीए ने इस ड्राफ्ट को आमजन, विभिन्न हितधारकों, विशेषज्ञों, शैक्षणिक संस्थानों तथा गैर-सरकारी संगठनों के सुझाव व अभिमत प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक किया है, ताकि शहर के विकास में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। सीएमपी का ड्राफ्ट बुधवार से जेडीए की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है और आगामी 7 (सात) दिनों तक अवलोकन के लिए ऑनलाइन देखा जा सकता है। नागरिक, संबंधित विभाग व संगठन अपने सुझाव, अभिमत अथवा आपत्तियाँ 26 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे तक ईमेल आईडी पर प्रेषित कर सकते हैं ।

## घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग व कालाबाजारी पर कार्रवाई

### 102 सिलेण्डर सहित वाहन व उपकरण जब्त

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशों की अनुपालना में घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के व्यवसायिक उपयोग, अवैध रिफिलिंग, अवैध भण्डारण एवं कालाबाजारी जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना एवं एलपीजी आपूर्ति प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जयपुर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण की ओर से जयपुर शहर में कार्रवाई के लिए 4 जाँच दलों का गठन किया गया। गठित दलों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर प्रभावी कार्रवाई की। चारों कार्रवाइयों के दौरान कुल 102 घरेलू/व्यवसायिक एवं अप्रमाणित सिलेण्डर, 01 पिकअप, 02 मोटरसाइकिल, 02 रिफिलिंग मोटर मय रबर पाइप व नोजल, 02 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 01 रेगुलेटर, 05 भट्टियां, 01 मोबाइल एवं 01 फोन-पे स्कैनर जब्त किए गए। प्रकरण में 03 व्यक्तियों तथा सैनिक गैस सर्विस, शाहपुरा की प्रथम दृष्टया संलिप्तता सामने आने पर संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई की जा रही है। जाँच दल 'ए' सरोज मीणा, प्रवर्तन अधिकारी व सुनिता चौधरी, प्रवर्तन निरीक्षक) ने महल योजना डी ब्लॉक, बैरवा छात्रावास के पीछे, कैलाश सरोवर कॉलोनी, जगतपुरा (पुलिस थाना शिवदासपुरा) में कार्रवाई की। मौके पर अवैध क्रय-विक्रय व भण्डारण की पुष्टि होने पर 14 घरेलू गैस सिलेण्डर, 02 छोटे अप्रमाणित सिलेण्डर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 01 रिफिलिंग मोटर मय रबर पाइप व नोजल, 01 रेगुलेटर, 01 गैस रिफिलिंग जुगाड़, 02 मोटरसाइकिल, 01 मोबाइल एवं 01 फोन-पे स्कैनर जब्त किए गए। जाँच दल 'बी' कविता शर्मा, प्रवर्तन अधिकारी व कीर्ति शर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक) ने किरण पैराडाइज के सामने, पत्रकार रोड, मानसरोवर (पुलिस थाना पत्रकार कॉलोनी) क्षेत्र में दबिश दी। यहाँ से 12 घरेलू गैस सिलेण्डर, 01 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 01 रिफिलिंग मोटर मय रबर पाइप व 90 सिलेण्डर प्लास्टिक कैप जब्त किए गए। इस प्रकरण में 02 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जाँच दल 'सी' पूजा शर्मा व विजयलक्ष्मी शर्मा, प्रवर्तन अधिकारी) ने चांदपोल क्षेत्र में होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकान व फैक्ट्री जैसे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण किया। 07 प्रतिष्ठानों पर घरेलू सिलेण्डरों का व्यवसायिक उपयोग पाया गया। कार्रवाई के दौरान 13 घरेलू सिलेण्डर व 5 भट्टियां जब्त की गईं। जाँच दल 'डी' योगेश कुमार मिश्रा, प्रवर्तन अधिकारी व प्रिया गंगवानी, प्रवर्तन निरीक्षक) ने डी-491, जगदम्बा नगर, धावास रोड, गिरधारीपुरा (पुलिस थाना करणी विहार) में दबिश दी। मौके पर अवैध परिवहन, क्रय-विक्रय एवं अनधिकृत व्यापार की पुष्टि होने पर 57 घरेलू सिलेण्डर, 04 व्यवसायिक सिलेण्डर एवं 01 पिकअप वाहन जब्त किया गया। इस प्रकरण में 1 व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिला रसद अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यवसायिक उपयोग व अवैध रिफिलिंग गंभीर अपराध है। ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें

# जाति की जकड़न से मुक्ति का समय

*'कास्ट' शब्द पुर्तगाली भाषा के कास्टा से आया है, जिसका अर्थ है वंश या जन्म से निर्धारित समूह। औपनिवेशिक शासकों ने भारतीय समाज की बहुआयामी और लचीली व्यवस्था को समझने के बजाय उसे एक कठोर, जन्म-आधारित ढांचे में बांधने का प्रयास किया, जबकि भारतीय परंपरा में वर्णों का निर्धारण जन्म से नहीं, बल्कि गुण, स्वभाव और कर्म के आधार पर समझा गया। हमारे प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद में एक रूपक प्रस्तुत किया गया, जिसे प्रायः औपनिवेशिक व्याख्याओं में पदानुक्रम (ऊंच-नीच) के रूप में चित्रित किया गया, किंतु विज्ञानसम्मत दृष्टि से यह समाज को एक सजीव, कार्यात्मक और परस्पर-निर्भर शरीर के रूप में प्रस्तुत करता है, जहां प्रत्येक अंग की अपनी विशिष्ट भूमिका है और सभी मिलकर समग्र व्यवस्था को संतुलित एवं सशक्त बनाते हैं। प्रतीकात्मक रूप से प्रत्येक व्यक्ति चार वर्णों का समन्वित स्वरूप है। मस्तिष्क या मन ब्राह्मण का प्रतीक है, जो ज्ञान, चिंतन एवं मार्गदर्शन का प्रतिनिधित्व करता है। भुजाएं क्षत्रिय का प्रतीक हैं, जो शक्ति, साहस और कर्तव्यपरायणता का द्योतक हैं। उदर और जंघाएं वैश्य का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो उत्पादन, पोषण और आर्थिक गतिविधियों को गति देती हैं। चरण शूद्र का प्रतीक हैं, जो श्रम, सेवा और आधार प्रदान करते हुए संपूर्ण सामाजिक संरचना को स्थिरता देते हैं। यह रूपक समाज को संगठित और सहयोगात्मक इकाई के रूप में*



हाल में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा बनाए गए भेदभाव रोधी नियमों ने चिंता और बहस उत्पन्न की, जिसके चलते सर्वोच्च न्यायालय ने उनके क्रियान्वयन पर रोक लगा दी। 2047 तक विकसित भारत बनने का संकल्प लेने वाले राष्ट्र के लिए यह स्थिति स्वस्थ नहीं कि उसके किसी नियमों से सामान्य और एससी-एसटी एवं ओबीसी वर्ग के छात्रों के बीच किसी तरह का विभाजन दिखे। छात्र देश की वास्तविक शक्ति हैं और आने वाले वर्षों में राष्ट्र की प्रगति के ध्वजवाहक बनेंगे। समाज को विभाजित करने का कोई भी प्रयास राष्ट्रहित के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। यह समय उस 'जाति-प्रेत' पर विचार करने का है, जिसने सदियों से सामाजिक सद्भाव को प्रभावित किया है। विभाजनकारी प्रवृत्तियां न केवल सामाजिक समरसता को कमजोर करती हैं, बल्कि युवाओं के प्रतिभा-विकास और सार्थक राष्ट्र-निर्माण में उनकी भूमिका को भी बाधित करती हैं। आज आवश्यकता है कि हम संवाद, समझ और एकता के माध्यम से ऐसे अवरोधों को दूर करें, ताकि युवा वर्ग अपनी ऊर्जा और क्षमता राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में समर्पित कर सके। वस्तुतः 'कास्ट' या 'जाति' शब्द जिस अर्थ में आज प्रचलित है, वह सनातन धर्म की मूल अवधारणाओं का अंग नहीं है। जैसे 'रिलीजन' भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की व्यापकता को पूर्णतः व्यक्त नहीं करता, वैसे ही 'कास्ट' शब्द भी भारतीय सामाजिक संरचना की वास्तविकता को ठीक से नहीं दर्शाता। 'कास्ट' शब्द पुर्तगाली भाषा के कास्टा से आया है, जिसका अर्थ है वंश या जन्म से निर्धारित समूह। औपनिवेशिक शासकों ने भारतीय समाज की बहुआयामी और लचीली व्यवस्था को समझने के बजाय उसे एक कठोर, जन्म-आधारित ढांचे में बांधने का प्रयास किया, जबकि भारतीय परंपरा में वर्णों का निर्धारण जन्म से नहीं, बल्कि गुण, स्वभाव और कर्म के आधार पर समझा गया। हमारे प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद में एक रूपक प्रस्तुत किया गया, जिसे प्रायः औपनिवेशिक व्याख्याओं में पदानुक्रम (ऊंच-नीच) के रूप में चित्रित किया गया, किंतु विज्ञानसम्मत दृष्टि से यह समाज को एक सजीव, कार्यात्मक और परस्पर-निर्भर शरीर के रूप में प्रस्तुत करता है, जहां प्रत्येक अंग की अपनी विशिष्ट भूमिका है और सभी मिलकर समग्र व्यवस्था को संतुलित एवं सशक्त बनाते हैं। प्रतीकात्मक रूप से प्रत्येक व्यक्ति चार वर्णों का समन्वित स्वरूप है। मस्तिष्क या मन ब्राह्मण का प्रतीक है, जो ज्ञान, चिंतन एवं मार्गदर्शन का प्रतिनिधित्व करता है। भुजाएं क्षत्रिय का प्रतीक हैं, जो शक्ति, साहस और कर्तव्यपरायणता का द्योतक हैं। उदर और जंघाएं वैश्य का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो उत्पादन, पोषण और आर्थिक गतिविधियों को गति देती हैं। चरण शूद्र का प्रतीक हैं, जो श्रम, सेवा और आधार प्रदान करते हुए संपूर्ण सामाजिक संरचना को स्थिरता देते हैं। यह रूपक समाज को संगठित और सहयोगात्मक इकाई के रूप में प्रस्तुत करता है, जहां सभी मिलकर समग्र संतुलन और समृद्धि का निर्माण करते हैं। आज हम जिन समस्याओं, विशेषकर जाति और सामाजिक विखंडन का सामना कर रहे हैं, उन्हें प्राचीन भारत की स्वाभाविक देन मानना उचित नहीं। वे दीर्घकालिक ऐतिहासिक आघातों और औपनिवेशिक हस्तक्षेपों से उत्पन्न जटिलताओं का भी प्रतिफल हैं। अतः यह आवश्यक है कि इतिहास को बहुआयामी दृष्टि और संतुलित दृष्टिकोण से समझा जाए, ताकि वर्तमान चुनौतियों की जड़ों को पहचानकर अधिक समरस और सुदृढ़ समाज का निर्माण किया जा सके। महाभारत के शांति पर्व में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वर्ण का आधार केवल जन्म नहीं, बल्कि गुण (स्वभाव, क्षमता, कौशल, आचरण) और कर्म (कर्तव्य, दायित्व, कार्य) है। भारतीय दर्शन में चार वर्ण-ब्राह्मण (ज्ञान), क्षत्रिय (रक्षा), वैश्य (व्यापार) और शूद्र (उत्पादन एवं सेवा)-समाज के परस्पर पूरक अंग माने गए। प्राचीन काल में आक्रांताओं ने भारत पर हमला किया। उन्होंने अपनी भयावह और क्रूर करतूतों को अपनी विजय के रूप में दर्ज किया, पर सनातन संस्कृति की जड़ें इतनी गहरी थीं कि उसके बीच ऐसे नायक उत्पन्न हुए, जिन्होंने आक्रांताओं को चुनौती दी, उन्हें परास्त किया और उनकी चालों को विफल किया। फिर ईस्ट इंडिया कंपनी ने चालाकी और बल का इस्तेमाल कर भारत पर कब्जा किया और हमें ब्रिटिश उपनिवेश बना दिया। जहां इस्लामी आक्रमणकारी भारत की उत्पादन क्षमता और मानव संसाधन पर नियंत्रण पाने के लिए आए थे, वहीं उपनिवेशवादी हर स्तर पर स्थानीय लोगों को अपने वफादार सेवक के रूप में ढालना चाहते थे। उपनिवेशवादियों को विशाल जनसंख्या की आवश्यकता थी ताकि वे अपनी जरूरतों के अनुसार संसाधनों का शोषण कर सकें। उनके सामने विविध प्रकार के लोगों में ऐसे लोगों को चुनने की चुनौती थी, जो शिक्षा, प्रशासन से लेकर किसान, कारीगर, बढ़ई, लोहार आदि की विभिन्न गतिविधियों और संसाधनों को संभालने में सक्षम हों। इसके लिए विभिन्न व्यावसायिक वर्गों का दस्तावेजीकरण और सूचीकरण हुआ। इस उपनिवेशवादी रणनीति ने न केवल जनता की उद्यमशीलता की भावना को कमजोर किया, बल्कि लोगों को उपनिवेशी शासन के वफादार बनने पर मजबूर किया। इसी ढांचे से अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियां जैसे पदनाम उभरे, जिन्हें बाद में वोट-बैंक की राजनीति ने और अधिक विभाजित कर दिया, जैसे अन्य पिछड़ा वर्ग या फिर दलित और महादलित।

# सरकारों के काम करता सुप्रीम कोर्ट

*इसी समिति ने एसओपी का प्रस्ताव तैयार किया। प्रश्न यह है कि गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर साइबर धोखाधड़ी रोकने के लिए जो जतन करने शुरू किए, वे उसकी ओर से समय रहते स्वतः क्यों नहीं किए हुए और वह भी तब जब डिजिटल अरेस्ट के मामले बढ़ते ही चले जा रहे हों? चूंकि कानून एवं व्यवस्था राज्यों का विषय है, इसलिए साइबर ठगी रोकने का काम मुख्यतः राज्य सरकारों का ही है, लेकिन केंद्र सरकार बैंकों, टेलीकॉम कंपनियों और डिजिटल प्लेटफॉर्मों की भूमिका पर तो ध्यान दे ही सकती थी। इस पर गौर करें कि सुप्रीम कोर्ट ने साइबर ठगी के मामले में बैंकों की भूमिका को संदिग्ध पाया और इससे तो सभी परिचित हैं कि डिजिटल अरेस्ट समेत साइबर ठगी के अधिकतर मामलों में वाट्सएप की भूमिका रहती है। साइबर धोखाधड़ी के मामलों की सुनवाई के समय सुप्रीम कोर्ट में यह उल्लेख किया गया कि*

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने साइबर धोखाधड़ी और विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट के मामलों को डकैती और लूट करार देते हुए केंद्र सरकार को कई निर्देश दिए। उसने गृह मंत्रालय को हाल में तैयार मानक संचालन प्रक्रिया अर्थात स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) लागू करने, सीबीआई को मामलों की पहचान करने और रिजर्व बैंक को संदिग्ध बैंकिंग लेनदेन रोकने के निर्देश दिए। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न एजेंसियों के बीच तालमेल के लिए एक मसौदा तैयार करने को भी कहा।

उसने जब डिजिटल अरेस्ट के एक मामले का स्वतः संज्ञान लेकर ऐसे मामलों की सुनवाई शुरू की थी, तब गृह मंत्रालय ने एक एसओपी का प्रस्ताव रखा था। इसका उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और जहां संभव हो, ठगी से निकाली गई राशि की समयबद्ध वापसी सुनिश्चित करना था। यह उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ही गृह मंत्रालय ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़े सभी पहलुओं की व्यापक जांच के लिए एक उच्चस्तरीय अंतर-विभागीय समिति का गठन किया था। इसी समिति ने एसओपी का प्रस्ताव तैयार किया। प्रश्न यह है कि गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर साइबर धोखाधड़ी रोकने के लिए जो जतन करने शुरू किए, वे उसकी ओर से समय रहते स्वतः क्यों नहीं किए हुए और वह भी तब जब डिजिटल अरेस्ट के मामले बढ़ते ही चले जा रहे हों? चूंकि कानून एवं व्यवस्था राज्यों का विषय है, इसलिए साइबर ठगी रोकने का काम मुख्यतः राज्य सरकारों का ही है, लेकिन केंद्र सरकार बैंकों, टेलीकॉम कंपनियों और डिजिटल प्लेटफॉर्मों की भूमिका पर तो ध्यान दे ही सकती थी। इस पर गौर करें कि सुप्रीम कोर्ट ने साइबर ठगी के मामले में बैंकों की भूमिका को संदिग्ध पाया और इससे तो सभी परिचित हैं कि डिजिटल अरेस्ट समेत साइबर ठगी के अधिकतर मामलों में वाट्सएप



की भूमिका रहती है। साइबर धोखाधड़ी के मामलों की सुनवाई के समय सुप्रीम कोर्ट में यह उल्लेख किया गया कि डिजिटल फ्रॉड के जरिये अब तक 54 हजार करोड़ से भी ज्यादा की रकम हड़पी जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार यह रकम कई राज्यों के बजट से भी ज्यादा है। क्या यह विचित्र नहीं कि लोगों की हजारों करोड़ रुपये की गाढ़ी कमाई लूटी जा चुकी है, लेकिन केंद्र सरकार ने अपने स्तर पर इस पर वैसी कार्रवाई करना जरूरी नहीं समझा, जैसी अब वह शीर्ष कोर्ट के निर्देश पर कर रही है? साइबर ठगी पर राज्य सरकारें भी कम लापरवाह नहीं। एक आंकड़ा यह कहता है कि 2021 से 2023 के बीच डिजिटल फ्रॉड की 48 लाख शिकायतों के मुकाबले केवल दो लाख एफआईआर दर्ज हुईं। यह स्थिति यही बताती है कि पुलिस साइबर ठगी की रोकथाम के लिए तत्पर नहीं। हैरानी नहीं कि इससे साइबर अपराधियों का दुस्साहस बढ़ रहा है। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि आम तौर पर हड़पी गई राशि लोगों को वापस नहीं मिल पाती, क्योंकि पुलिस की इसमें दिलचस्पी नहीं होती। निःसंदेह बेलगाम होती साइबर ठगी पर ही सुप्रीम कोर्ट सरकारों के हिस्से का काम करने के लिए सक्रिय नहीं हुआ। ऐसे न जाने कितने मामले हैं, जो सरकारों को करने चाहिए, लेकिन उनमें सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ता है। हाल में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को छह महीने के भीतर सड़क सुरक्षा से जुड़े उपायों को सशक्त करने के लिए नियम बनाने का निर्देश दिया, ताकि गैर-मोटर चालित वाहन और पैदल चलने वालों की गतिविधियों को नियमित किया जा सके और हादसे रोके जा सकें।

# नफरती भाषण पर सुप्रीम कोर्ट ने दिखाया आईना

सुप्रीम कोर्ट ने नेता एवं वकील कपिल सिब्बल की उस याचिका को सुनने से मना कर सही किया, जिसमें असम, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों के बयानों को आधार बनाकर हेट स्पीच यानी नफरती भाषण के खिलाफ कठोर दिशानिर्देश बनाने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने यह पाया कि इस याचिका में भाजपा के मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाकर यह सिद्ध करने की चेष्टा की गई थी कि केवल वही नफरती भाषण देने के आरोपित हैं। साफ है कि इस याचिका में बड़ी चतुराई से अन्य दलों के नेताओं के विषाक्त माने जाने वाले भाषणों का जानबूझकर उल्लेख नहीं किया गया। नफरती भाषण के खिलाफ दल विशेष के



नेताओं को निशाना बनाने वाली इस याचिका ने यही बताया कि याचिकाकर्ता स्वयं दुराग्रह से ग्रस्त हैं। देखना है कि वे संशोधित याचिका दायर करते हैं या नहीं और उस पर सुप्रीम कोर्ट कोई दिशानिर्देश बनाता है या नहीं? वैसे यह आसान काम नहीं, क्योंकि नफरती भाषणों के खिलाफ प्रभावी गाइडलाइंस तभी बन सकती है, जब इसे परिभाषित किया जाए कि क्या नफरती है और क्या नहीं? इस संदर्भ में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कई बार किसी की ओर से कटु सत्य के उल्लेख को द्वेष फैलाने वाला करार दिया जाता है तो कई बार नफरती भाषण को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आवरण पहनाने की कोशिश की जाती है। इस सबके बीच नेताओं की ओर से नफरती या फिर विभाजनकारी अथवा भड़काऊ भाषण दिए जाने का सिलसिला कायम है। नफरती भाषण देने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई के मामले दुर्लभ ही हैं। इसका कारण यह है कि जब कोई नेता ऐसे भाषण देता है तो उसके दल के लोग उसका बचाव करने के लिए आगे आ जाते हैं। यह भी देखा गया है कि राज्य सरकारें नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में प्रायः पक्षपात करती हैं। कभी वे किसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करती हैं तो कभी किसी के घोर आपत्तिजनक बयान की भी अनदेखी कर देती हैं। इस तरह का सबसे चकित करने वाला मामला तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि का है, जिन्होंने सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया जैसा बताते हुए उसके खात्मे की बात की थी, पर राज्य सरकार ने उनके खिलाफ कुछ नहीं किया, क्योंकि वे मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की भी अनदेखी की गई।

# 42 करोड़ मंजूर, जमीन अलॉट... फिर भी अस्पताल नहीं : जर्जर भवन में इलाज को मजबूर नावां की जनता

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** उपखंड मुख्यालय स्थित उप जिला चिकित्सालय इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं और संसाधनों की भारी कमी से जूझ रहा है। अस्पताल का भवन सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से जर्जर और कंडम घोषित किया जा चुका है, बावजूद इसके यहां प्रतिदिन सैकड़ों मरीज ओपीडी और आपातकालीन सेवाओं के लिए जान जोखिम में डालकर इलाज कराने को मजबूर हैं।



### जर्जर भवन में चल रही स्वास्थ्य सेवाएं:

पीडब्ल्यूडी की रिपोर्ट में अस्पताल भवन की संरचना को असुरक्षित बताया गया है। बरसात के दौरान छत से पानी टपकना, दीवारों में दरारें पड़ना और प्लास्टर झड़ना आम बात हो गई है। मरीजों और उनके परिजनों के मन में हर समय हादसे का डर बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते भवन की मरम्मत या नए भवन में शिफ्टिंग नहीं की गई, तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। अस्पताल में डॉक्टरों के 33 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 11 डॉक्टर कार्यरत हैं। इनमें से भी 4 डॉक्टर डेपुटेशन पर अन्य स्थानों पर सेवाएं दे रहे हैं, जिससे नावां उप जिला चिकित्सालय में रोजाना सिर्फ 7 डॉक्टर ही मरीजों का इलाज कर रहे हैं। डेपुटेशन पर गए डॉक्टरों में, डॉ. पूजा गायनी सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर, डॉ. विवेकशील मीणा (नेत्र रोग विशेषज्ञ) राजकीय मेडिकल कॉलेज, अलवर डॉ. कल्पना पेथो, जवाहरलाल नेहरू अस्पताल, अजमेर डॉ. नीलम एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर है। ऐसे में ओपीडी में लंबी कतारें लगना आम हो गया है और मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।

### नए डॉक्टरों की नियुक्ति भी नहीं लाई राहत:

हाल ही में नियुक्त किए गए चार नए डॉक्टरों से सुधार की उम्मीद जगी थी, लेकिन ज्वाइनिंग के बाद तीन डॉक्टरों को डेपुटेशन पर अन्य स्थानों पर भेज दिया गया। इससे अस्पताल की जमीनी स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं हो पाया।

### गंभीर मरीजों को तुरंत किया जा रहा रेफर:

डॉक्टरों और संसाधनों की कमी के चलते एक्सीडेंट, हार्ट अटैक या अन्य जटिल मामलों में मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत जयपुर या अजमेर रेफर कर दिया जाता है। इससे मरीजों और उनके परिजनों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है और कई बार समय पर इलाज नहीं मिलने से स्थिति और गंभीर हो जाती है।

### 144 में से 73 स्टाफ पद खाली

अस्पताल में कुल स्वीकृत 144 स्टाफ पदों में से 73 पद रिक्त हैं। नर्सिंग स्टाफ, तकनीकी कर्मचारियों और सहायक कर्मियों की कमी से कार्यरत कर्मचारियों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। नावा उप जिला चिकित्सालय के नए भवन निर्माण के लिए शहर में तीन अलग-अलग स्थानों पर भूमि अलॉट की जा चुकी है और 42 करोड़ रुपये का बजट भी स्वीकृत है। इसके बावजूद आज तक नए भवन का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में नावा विधानसभा क्षेत्र के कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति उप जिला चिकित्सालय से बेहतर है।

### जनता में आक्रोश, प्रशासन से मांग:

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जर्जर भवन की तत्काल मरम्मत या नए भवन में शिफ्टिंग की जाए, स्वीकृत पदों के अनुसार डॉक्टरों व स्टाफ की नियमित नियुक्ति की जाए, डेपुटेशन व्यवस्था पर नियंत्रण रखा जाए, आपातकालीन सेवाओं को सशक्त बनाया जाए। उप जिला चिकित्सालय की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में यह स्थिति बड़े हादसे का कारण बन सकती है। फिलहाल नावा का उप जिला चिकित्सालय मरीजों के लिए राहत का नहीं, बल्कि चिंता का केंद्र बना हुआ है।

## बाइक भिड़ंत में युवक गंभीर घायल हायर सेंटर रेफर



जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** कस्बे में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। फुलेरा निवासी 24 वर्षीय रणजीत गुर्जर पुत्र मोहनलाल अपनी बाइक से नावां की ओर आ रहा था। इसी दौरान गोविंदी टोल नाके के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि रणजीत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस के पायलट मूलसिंह मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तुरंत नावां उपजिला अस्पताल पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर गोपाल ढाका ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार युवक के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। हालत चिंताजनक होने के चलते डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## सुबह से छाए घने बादल, हल्की बूंदाबांदी से बदला मौसम का मिजाज



जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** क्षेत्र में सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। तड़के करीब 5 बजे आसमान में घने बादल छा गए और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। बूंदाबांदी भले ही ज्यादा देर तक नहीं चली, लेकिन इससे वातावरण में ठंडक घुल गई और बारिश से एक बार फिर सर्दी बढ़ गई। सुबह के समय ठंडी हवाएं चलने से मौसम सुहावना बना रहा। बादलों की लगातार आवाजाही से दिनभर आसमान ढका रहा, जिससे तापमान में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने इस हल्की बारिश को फसलों के लिए लाभकारी बताया। हालांकि कुछ लोगों को सुबह के समय अपने दैनिक कार्यों में हल्की परेशानी का सामना भी करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, बादलों की स्थिति को देखते हुए आगे भी हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। यदि इसी तरह बादल छाए रहे तो तापमान में और गिरावट आ सकती है। बदले मौसम के कारण बाजारों में भी चहल-पहल कम देखने को मिली। फिलहाल लोग आगामी मौसम को लेकर सतर्क हैं और बारिश की संभावना को देखते हुए आवश्यक तैयारियां कर रहे हैं।

## न्यायालय की सख्ती के आगे झुकी नगरपालिका, श्रमिक की मौत पर 2 साल बाद मिला 11.36 लाख मुआवजा

जयपुर टाइम्स




**नावां सिटी(निस)।** मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य के दौरान महिला श्रमिक की मौत के बाद मुआवजे को लेकर चला लंबा विवाद आखिरकार न्यायालय की सख्ती के बाद समाप्त हो गया। नावा नगरपालिका ने मृतका शांति देवी के पति पूरणमल को 11 लाख 36 हजार 360 रुपये का चेक सौंप दिया है। गौरतलब है कि 18 नवंबर 2022 को मोक्षधाम परिसर में कार्य के दौरान छज्जा ढहने से श्रमिक शांति देवी की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद नगरपालिका की ओर से 10 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की गई थी, लेकिन लंबे समय तक भुगतान नहीं होने पर पीड़ित परिवार को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। मृतका के पति पूरणमल ने अधिवक्ता अनिल कुमावत व मुकेश धसवा के माध्यम से वरिष्ठ सिविल न्यायालय में क्षतिपूर्ति दावा पेश किया। मामले की सुनवाई के बाद जिला व सेशन न्यायालय कुचामन ने 21 अगस्त 2025 को नगरपालिका को पीड़ित पक्ष को मुआवजा राशि अदा करने के आदेश दिए। आदेश के बावजूद भुगतान नहीं होने पर न्यायालय ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। स्थिति तब गंभीर हो गई जब न्यायाधीश धर्मेंद्र जाखड़ (नावा) ने नगरपालिका के सेफ्टी टैंक वाहन को कुर्क कर नीलामी प्रक्रिया शुरू करने के आदेश जारी कर दिए। न्यायालय ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि निर्धारित तिथि तक 11.36 लाख रुपए ब्याज सहित अदा नहीं किए गए तो वाहन की नीलामी कर राशि वसूल की जाएगी। न्यायालय की सख्ती के बाद हरकत में आई नगरपालिका ने अधिशाषी अधिकारी शिकेश कांकरिया के माध्यम से मृतका के पति को 11 लाख 36 हजार 360 रुपये का चेक सौंप दिया। यह प्रकरण जहां एक ओर पीड़ित परिवार को आर्थिक राहत दिलाने में सफल रहा, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक जवाबदेही और न्यायिक हस्तक्षेप को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। अब क्षेत्र में यह चर्चा है कि यदि समय रहते मुआवजा दे दिया जाता तो नगरपालिका को कुर्की व सार्वजनिक आलोचना का सामना नहीं करना पड़े।

## चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने उठाए संविदा कर्मियों व सफाई कर्मचारियों की भर्ती के मुद्दे

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने विधानसभा सत्र के प्रश्नकाल के दौरान संविदा कर्मियों की रोजगार सुरक्षा, बढ़ते भ्रष्टाचार और नियमित सफाई कर्मचारियों की भर्ती का गंभीर मुद्दा सदन में उठाया। विधायक डॉ. बराला ने कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के नाम पर संविदा कर्मियों की नियुक्ति तो कर रही है, लेकिन प्रदेशभर में संविदा कर्मचारियों के बीच नौकरी को लेकर असुरक्षा की भावना व्याप्त है। इस असुरक्षा का लाभ उठाकर कुछ उच्च अधिकारियों की ओर से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिए जाने के मामले सामने आ रहे हैं। हाल ही में जयपुर नगर निगम की पशु शाखा में सामने आए प्रकरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था की गंभीर खामी को दर्शाता है।

डॉ. बराला ने सरकार से स्पष्ट पूछा कि क्या वह संविदा कर्मियों की रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित करने व जवाबदेही तय करने के लिए कोई स्थायी समाधान लाने की मंशा रखती है या नहीं। उन्होंने कहा कि केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं है, बल्कि ठोस नीति और समयबद्ध निर्णय आवश्यक हैं।

साथ ही उन्होंने नगर परिषद चौमूं का उदाहरण देते हुए कहा कि वहाँ संविदा कर्मचारियों को समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है तथा पीएफ जमा करने में भी अनियमितता है। साथ ही नियमित सफाई कर्मचारियों की भर्ती को बार-बार टाला जा रहा है, जिससे व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने सरकार से पूछा कि क्या नियमित सफाई कर्मचारियों की भर्ती हेतु कोई स्पष्ट योजना है? यदि हाँ, तो भर्ती प्रक्रिया कब तक प्रारंभ की जाएगी? डॉ. विधायक बराला ने कहा कि सदन के माध्यम से प्रदेश के लाखों संविदा कर्मियों व सफाई कर्मचारियों को स्पष्ट और समयबद्ध उत्तर मिलना चाहिए।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** उपखण्ड मुख्यालय स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में मंगलवार को अमावस्या के अवसर पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट राजेश सिहोटा ने की। बैठक में आगामी 18वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सम्मेलन के लिए आर्थिक सहयोग जुटाने के लिए समाजबंधुओं को डायरियों का वितरण किया गया। अध्यक्ष ने सभी समाजजनों से अधिक से अधिक चंदा एकत्रित कर सम्मेलन को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि राज्य मंत्री विजयसिंह की ओर से मंदिर परिसर में सुलभ शौचालय निर्माण की स्वीकृति जारी की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। मीडिया प्रभारी तुलसीराम राजस्थानी ने बताया कि रविवार को दो नए जोड़ों का पंजीयन किया गया है। इसके साथ ही सम्मेलन में भाग लेने वाले कुल जोड़ों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। वैवाहिक जोड़ों के पंजीयन की अंतिम तिथि 6 मार्च निर्धारित की गई है।
बैठक में नवविवाहित जोड़ों को प्रदान किए जाने वाले सामान, जैसे आलमारी व पलंग निर्माण की जिम्मेदारी संबंधित समिति को सौंपी गई। इस दौरान समाज अध्यक्ष सीताराम नागा सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे और सभी ने सम्मेलन को भव्य व सफल बनाने का संकल्प लिया।

## सामूहिक विवाह पूर्व ऐतिहासिक कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान के तत्वावधान में क़स्बे में गुरुवार को आयोजित होने वाले माली सैनी समाज के चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन के उपलक्ष में आज समाज के लोगों की ओर से ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली गई। संस्थान के सचिव हनुमान सिंह सैनी ने बताया कि क़स्बे में गुरुवार को माली सैनी समाज के 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होगा जिससे पूर्व आज 2100 महिलाओं ने कलश धारण करते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान से आरंभ होकर उप जिला अस्पताल, मामोडीया का मोहल्ला, गोदामों, मुख्य बाज़ार, सब्ज़ी मंडी, फागी रोड होते हुए विशाल कलश यात्रा निकाली। सचिव हनुमान सिंह सैनी ने बताया कि कलश यात्रा का जगह जगह अनेक समाजों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनो ने भव्य स्वागत किया। माली समाज सब्जी मंडी में आर पी अजमेरा के नेतृत्व में पेयजल और अल्पाहार की व्यवस्था और पुष्पवर्षा की गई। संस्थान के अध्यक्ष ग्यारसीलाल सैनी ने बताया कि गुरुवार को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन से पूर्व दूल्हों की मुख्य बाजार से निकासी निकली जाएगी। तत्पश्चात सभी 21 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चारण व रीति रिवाज से परिणय सूत्र में बँधेंगे। उपाध्यक्ष सुरेश सैनी कोटखावदा ने बताया कि कार्यक्रम में भामाशाहों और अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। सम्मेलन में तीस से पैंतीस हज़ार लोगों के शामिल होने की संभावना है।

### करियर सफलता के लिए संप्रेषण कौशल जरूरी

## दुर्गापुरा उद्यानिकी महाविद्यालय में सप्ताहभर का प्रशिक्षण शुरू



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के अधीनस्थ उद्यानिकी महाविद्यालय, दुर्गापुरा में 'पाठ्यक्रम से करियर तक: व्यावसायिक सफलता के लिए संप्रेषण कौशल' विषय पर एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। कुलगुरु डॉ. चौहान ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि प्रभावी संवाद क्षमता, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल सफलता के लिए अनिवार्य हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी अभिव्यक्ति क्षमता विकसित करने व नई चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया।बमुख्य वक्ता प्रो. डॉ. वैश्ना नारंग (पूर्व प्रोफेसर एवं डीन, जेएनयू) ने कहा कि संचार कौशल करियर निर्माण की कुंजी है। साक्षात्कार कौशल, समूह चर्चा, प्रभावी ईमेल लेखन, समय प्रबंधन एवं पेशेवर व्यवहार जैसे विषय सफलता में अहम भूमिका निभाते हैं। निदेशक छात्र कल्याण डॉ. के.सी. शर्मा एवं राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. सुरेंद्र सिंह मनोहर ने भी विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ व्यवहारिक कौशल विकसित करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एल.एन. बैरवा ने अतिथियों का स्वागत किया। कोर्स समन्वयक डॉ. संदेसा रयपा ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि सप्ताहभर चलने वाले इस कार्यक्रम में व्याख्यान, समूह चर्चा, मॉक इंटरव्यू एवं प्रस्तुतीकरण अभ्यास आयोजित किए जाएंगे। अंत में इवेंट कॉर्डिनेटर डॉ. भारती शोकीन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गौरक्षा श्याम महायज्ञ, निकाली कलश यात्रा

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** हाडोता बाईपास स्थित बालाजी बिहार श्याम मन्दिर पर होने वाले गौरक्षा श्याम महायज्ञ की मंगल कलशयात्रा महाराज गजानंद देवी उपासक रिसाणी के सानिध्य में 251 महिलाओं की ओर से गाजे-बाजे के साथ वीर तेजाजी मन्दिर से निकाली गई। इस मौके पर पण्डित मुकेश कुमार दीक्षित, सांवर मल तिवारी, सीताराम कुमावत, मन्दिर पुजारी पुखराज सिंह आदि ग्राम वासियों ने भाग लिया।

## भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष का एक साल का कार्यकाल बेमिसाल

### अमित गोयल का किया अभूतपूर्व अभिनंदन

जयपुर टाइम्स




**सांगानेर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर के जिला अध्यक्ष अमित गोयल के सफल नेतृत्व के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जयपुर शहर में भव्य, ऐतिहासिक व उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारी बारिश के बावजूद शहर के कोने-कोने से उमड़े कार्यकर्ताओं के सैलाब से संगठन की एकता का संदेश गया। फूलमालाओं के साथ पहुंचे हजारों कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान आतिशबाजी ने उत्सव को और भव्य बना दिया, वहीं सौहार्द एवं एकता के प्रतीक स्वरूप हजारों की संख्या में सफेद और केसरिया रंग के गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। संगठन 1 वर्ष पूर्ण होने पर गाजर के हलवे का केक भी काटा गया। कुछ महिलाएं नाच गाने के साथ संगठन का उत्साह बढ़ाने पहुंचे। जिला पदाधिकारियों की ओर से अमित गोयल को 51 किलो की विशाल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा, हनुमान जी का गोटा तथा तलवार सहित शौर्य और भारतीय परंपरा के प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में जोश, ऊर्जा और संगठनात्मक एकजुटता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने अमित गोयल के नेतृत्व में संगठन की निरंतर सक्रियता और मजबूती की सराहना करते हुए भाजपा को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में अमित गोयल ने सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने का संकल्प दोहराते हुए संगठन को सर्वोपरि बताया और 'संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो' का नारा देकर कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा भर दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के मंत्री, विधायक, भाजपा के अनेक प्रदेश पदाधिकारी, पार्षद, पूर्व पार्षद, जनप्रतिनिधि व हजारों कार्यकर्ता बधाई देने पहुंचे। इस अवसर पर संत समाज का विशेष आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। गलता पीठ से राघवेंद्राचार्य, परशुराम महाराज, कमलेश महाराज व साध्वी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं का उत्साह और भाजपा की मजबूत संगठनात्मक शक्ति स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिसने जयपुर शहर की राजनीति में एक सशक्त संदेश दिया।



# 30 अप्रैल को थिएटर्स में आएगी राम चरण की आने वाली फिल्म 'पेद्दी'

साउथ सुपरस्टार राम चरण इन दिनों निजी और प्रोफेशनल दोनों वजहों से चर्चा में हैं। हाल ही में वह जुड़वां बच्चों एक बेटे और एक बेटी के पिता बने हैं। पिछले महीने उनकी पत्नी उपासना ने बच्चों को जन्म दिया था। उनकी आगामी फिल्म 'पेद्दी' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। जब से फिल्म 'पेद्दी' का ऐलान हुआ है, तब से यह सोशल मीडिया पर लगातार चर्चा में बनी हुई है। अब मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट भी बता दी है। 'पेद्दी' 30 अप्रैल 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नए पोस्टर में राम बेहद दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। वह लंबे बाल, बड़ी दाढ़ी, खून से सना चेहरा और धूल में लिपटे रफ-टफ अवतार में दिखाई दे रहे हैं। भीड़ के बीच खड़े राम चरण की मौजूदगी एक ताकतवर और मास अपील वाले किरदार की ओर इशारा करती है। पोस्टर के साथ मेकर्स ने लिखा... 'उसके आने की तारीख बदल सकती है, लेकिन उसकी ताकत और जज्बा नहीं।' बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही 'पेद्दी' को एक बड़ी पैन इंडिया फिल्म माना जा रहा है। फिल्म में राम के साथ जाह्नवी कपूर भी लीड रोल में दिखाई देंगी। इसके अलावा जगपति बाबू, शिवा राजकुमार और दिव्येंदु शर्मा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।





# ट्रोल होने पर क्या करती हैं तृप्ति डिमरी

तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 'वैलेंटाइन डे' से एक दिन पहले 13 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म में तृप्ति डिमरी अफशा का किरदार निभाएंगी। इसमें उनके साथ शाहिद कपूर अहम किरदार में हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अमर उजाला से खास बातचीत की है। उन्होंने बताया है कि वह ट्रोल होने पर कैसा महसूस करती हैं।

## ट्रोल होने पर कैसा महसूस करती हैं तृप्ति?

तृप्ति डिमरी से जब पूछा गया कि जब कोई उन्हें ट्रोल करता है, तो उन्हें कैसा लगता है? इस पर उन्होंने कहा 'मैं रोती हूं। इंसान हूं, इसलिए कभी-कभी बहुत रोती भी हूं। लेकिन अगर कोई मेरी फिल्म या मेरे काम को लेकर आलोचना करे, तो मैं उस पर नहीं रोती। मैं इसे ऐसे लेती हूं कि किसी को मेरा काम पसंद आएगा, किसी को नहीं। सबको खुश करना संभव नहीं है।'

## पर्सनल कमेंट लगते हैं बुरे

उन्होंने आगे कहा 'हां, अगर कोई पर्सनल कमेंट कर दे, तो वह बात मुझे बुरी लगती है। बिलकुल अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर भी, मैं उस पर रोती नहीं हूं। मुझे कोई इतनी आसानी से रुला नहीं सकता।'

## प्यार पर क्या बोलीं तृप्ति?

तृप्ति डिमरी ने प्यार पर अपनी बात रखते हुए कहा 'अगर मैं खुद को फिल्म की लव स्टोरी में रखूं, तो जिस बात से मैं सबसे ज्यादा जुड़ पाती हूं, वह है इस कहानी में मौजूद प्यार की सच्चाई। मुझे हमेशा लगता है कि प्यार ऐसा ही होना चाहिए। सीधा, साफ और बिल्कुल पवित्र। यही चीज इस कहानी में भी है। यही बात मेरी अपनी रियल लाइफ से भी सबसे ज्यादा मिलती है।

## कौन है फिल्म का निर्देशक?

फिल्म 'ओ रोमियो' एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसके लेखक और निर्देशक विशाल भारद्वाज हैं। इसके निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। फिल्म में तृप्ति और शाहिद के अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और फरीदा जलाल भी होंगी।

# नाम बदलने के फैसले के बाद 'घूसखोर पंडित' विवाद पर मनोज बाजपेयी ने दी प्रतिक्रिया



नेटफ्लिक्स पर आने वाली मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म 'घूसखोर पंडित' अपनी घोषणा के बाद से ही विवादों में घिरी है। फिल्म के नाम को लेकर ब्राह्मण समुदाय और एफडब्ल्यूआईसीई ने आपत्ति जताई और रिलीज पर रोक लगाने की मांग की थी। जब मामला कोर्ट में पहुंचा तब मेकर्स ने फिल्म का नाम बदलने का फैसला किया। अब इस पूरे मामले में मनोज बाजपेयी की प्रतिक्रिया भी सामने आई है।

## हम छोटी-छोटी बातों पर भड़क उठते हैं

डेक्कन क्रॉनिकल से बात करते हुए फिल्म के लीड एक्टर मनोज बाजपेयी ने विवाद पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, 'हमारा देश बहुत संवेदनशील हो गया है। हम हमेशा तनाव में रहते हैं, छोटी-छोटी बातों पर भड़क उठते हैं और व्यक्तिगत रूप से अपशब्दों का प्रयोग करने लगते हैं। अब फिल्म के शीर्षक में इन सभी बातों का ध्यान रखा जा रहा है।'

## मेकर्स ने लिया फिल्म का नाम बदलने का फैसला

इससे पहले नेटफ्लिक्स पर फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसको लेकर विवाद शुरू हो गया था। देश के अलग-अलग हिस्सों में ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं कोर्ट में भी फिल्म के टाइटल को लेकर इसे भड़काऊ और ब्राह्मणों का अपमान करने वाला बताते हुए याचिका दायर की गई। इसमें फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की बात कही गई। हालांकि, बीते दिन दिल्ली हाईकोर्ट में हुई सुनवाई में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने कोर्ट को बताया कि मेकर्स फिल्म के नाम में बदलाव करने को तैयार हैं। मेकर्स की ओर से आश्वस्त किया गया कि प्रमोशनल सामग्री पहले ही हटा ली गई है और फिल्म का नाम भी बदल दिया जाएगा। हालांकि, अभी तक फिल्म के नए नाम की घोषणा नहीं की गई है।

**नीरज पांडे ने किया है निर्माण**

नीरज पांडे द्वारा निर्मित 'घूसखोर पंडित' में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में नुसरत भरूचा, साकिब सलीम, श्रद्धा दास, अक्षय ओबेरॉय और कीकू शारदा भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।



# गोलमाल 5 में हुई करीना की वापसी

रोहित शेट्टी की सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइज 'गोलमाल 5' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म में करीना कपूर की वापसी तय हो चुकी है और वह एक बार फिर अजय देवगन के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। इसके साथ ही रोहित शेट्टी ने फिल्म में अक्षय कुमार को शामिल कर दिया है। अजय, अक्षय और करीना जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने 'गोलमाल 5' को अब तक की सबसे बड़ी और दमदार टीम वाली फिल्म बना दिया है। फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक... 'करीना की कास्टिंग में थोड़ा वक्त लगा। इसकी वजह डेट्स और कुछ अन्य मुद्दों पर बातचीत थी।'

## फिल्म में अजय का ही रहेगा अहम किरदार

'गोलमाल' फ्रेंचाइज के अब तक आए चारों पार्ट हिट साबित हुए हैं। अब अक्षय की एंट्री और करीना की वापसी ने इस उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। फिल्म इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि इतने बड़े सितारों को एक साथ लाना आसान नहीं होता। फिल्म में अजय का ही किरदार अहम रहेगा।



# विक्रांत मैसी ने रिटायरमेंट को लेकर कही बड़ी बात

विक्रांत मैसी ने हाल ही में अपने रिटायरमेंट को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर बात की है। अभिनेता ने साल 2024 में टेंपरेरी रिटायरमेंट को लेकर पोस्ट शेयर की थी। पोस्ट के बाद फैंस में खलबली मच गई थी। उनके एक पोस्ट से सबको यह लगा कि एक्टर रिटायरमेंट लेने वाले हैं। अब उन्होंने बताया है कि उनकी पोस्ट का मतलब क्या था।

## विक्रांत मैसी ने लिया था एक्टिंग से ब्रेक

अभिनेता विक्रांत मैसी ने क्लियर किया कि उनकी दिसंबर 2024 की पोस्ट का मतलब रिटायरमेंट से नहीं था। बल्कि यह एक जरूरी ब्रेक था, जो गंभीर बर्नआउट और परिवार के साथ समय न बिताने के पछतावे की वजह से लिया गया था।

## लोगों को हुई गलतफहमी

अभिनेता ने सोशल मीडिया पर हुए वायरल पोस्ट के बारे में बात करते हुए कहा, 'एक्स पर शब्दों की लिमिट होती है, उसमें मैंने सारी जानकारी देने की कोशिश की। लेकिन पूरी जानकारी लोगों तक नहीं पहुंच पाई। लोगों ने बहुत कुछ गलत समझ लिया। मैं सिर्फ ब्रेक लेना चाहता था। उस समय मैं बहुत ज्यादा थकान से जूझ रहा था। अगर आप अपने काम की वजह से पलों का आनंद नहीं ले पा रहे, तो सफलता का क्या फायदा?

**काम इंतजार कर सकता है...**

अभिनेता के मुताबिक उन्होंने अपने बेटे के मुंह से पहली बार 'पापा' सुनने का पल मिस कर दिया। इससे उन्हें समझ आया कि प्रोफेशनल उपलब्धियां कुछ समय के लिए हैं, लेकिन बेटे का बचपन वापस लौटकर नहीं आएगा। 7 महीने के ब्रेक के दौरान, उन्होंने एक पति और पिता होने का दायित्व निभाया। उन्होंने कहा, 'काम इंतजार कर सकता है, लेकिन परिवार के साथ बिताए पल वापस लौटकर नहीं आते।'



# यह जिंदगी बदल देने वाली फिल्म है 'कैनेडी'

अभिनेत्री सनी लियोन जल्द ही अनुराग कश्यप की फिल्म 'कैनेडी' में नजर आएंगी। सनी लियोन इस फिल्म को अपने 15 साल के करियर में सबसे खास मानती हैं। साथ ही उनका कहना है कि उन्हें यकीन ही नहीं हुआ, जब अनुराग कश्यप ने इस फिल्म के लिए उन्हें कॉल किया था। 'कैनेडी' काफी वक्त से तैयार है और कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इसे तारीफें भी मिल चुकी हैं। अब सनी लियोन ने फिल्म के अपने अनुभव के बारे में बात की।

## फिल्म को लेकर उत्साहित हैं सनी

इंडिया टुडे के साथ बातचीत के दौरान सनी लियोन ने फिल्म के लिए अपनी तैयारी और इस फिल्म की गंभीरता को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं बेहद उत्साहित हूं। मैं वहां थोड़े समय के लिए ही थी, लेकिन उस दौरान इस फिल्म पर काम करना एक अद्भुत अनुभव रहा। इसमें जो मेहनत लगी है, इस फिल्म के लिए हम जितनी जगहों पर गए हैं और अलग-अलग जगहों, देशों, फिल्म समारोहों और यहां तक कि आम लोगों से भी जो प्रतिक्रिया मिली है, वह कमाल की है। सच में यह बहुत ही रोमांचक है। कैनेडी को आखिरकार एक घर मिल गया।' फिल्म में कम स्क्रीन टाइम को लेकर सनी ने कहा कि यह निश्चित रूप से किरदार के बारे में है। यह स्क्रीन टाइम के बारे में नहीं है। यह इस बारे में है कि फिल्म में वह समय कितना प्रभावशाली है। मुझे लगता है कि इसका हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत ही अद्भुत अनुभव था। जब आप इसे देखते हैं, तो ऐसा नहीं लगता कि मैं वहां हूं और फिर गायब हो जाती हूं। यह अधिकांश बड़ी फिल्मों की तरह, केवल एक व्यक्ति पर आधारित नहीं है। इसमें कई अलग-अलग किरदार हैं।

## अनुराग कश्यप के साथ ऐसी थी पहली मुलाकात

अनुराग कश्यप के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए सनी लियोन ने कहा मैं चौंक गई थी। मैंने सोचा, 'आप मुझे फोन करना चाहते थे?' तो पहले उन्होंने डेनियल को फोन किया और डेनियल ने कहा, 'आप मुझसे क्यों पूछ रहे हैं भाई? आप सीधे सनी को फोन करके पूछ लीजिए।' तो जब उन्होंने फोन किया, तो दूसरी तरफ डेनियल ने कहा, 'हे भगवान, यह तो कमाल है।' और फिर उन्होंने फोन करके कहा कि वह चाहते हैं कि मैं इस रोल के लिए ऑडिशन दूं। मैं ऑडिशन के लिए तैयार थी, लेकिन मुझे इसके लिए गिड़गिड़ाना पड़ा क्योंकि वह बार-बार कह रहे थे, 'तुम्हें ऑडिशन की जरूरत नहीं है।' मैंने उनसे कहा, प्लीज। अगर अंग्रेजी में है तो मत भेजिए, लेकिन अगर हिंदी में है तो भेज दीजिए। कुछ शब्द मुश्किल हो सकते हैं। तो उन्होंने डायलॉग भेजे और मैंने उन्हें याद कर लिया। मुझे बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि ऑफिस के ये सभी लोग मेरे साथ एक मजाक कर रहे थे। मुझे कान्स में डिनर के दौरान पता चला। वे कहने लगे, 'हां, हमने तुम्हारे साथ एक मजाक किया था। हम बस यह देखना चाहते थे कि तुम आओगी या नहीं।' मैंने कहा कि क्या आप सच कह रहे हैं? मैंने डायलॉग याद कर लिए थे। मैं बहुत घबराई हुई थी।

## चुनौतीपूर्ण था किरदार

अपने किरदार चार्ली को चुनौतीपूर्ण बताते हुए सनी का कहना है कि अनुराग को भरोसा था मैं कर लूंगी। लेकिन मुझे नहीं था। किरदार की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक चार्ली की विशिष्ट हंसी को हूबहू नकल करना था। शुरू से ही वह इसे चाहते थे। लेकिन मैं सोच रही थी कि मैंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी ऐसे नहीं हंसा। कौन ऐसे हंसता है? इसलिए मैं जहां भी जाती, चार्ली की तरह हंसने लगती थी। किरदार की तैयारी के लिए हमने डायलॉग्स की कोचिंग ली, स्क्रिप्ट रीडिंग और वर्कशॉप में भाग लिया। उन्होंने मेरी एक भी लाइन नहीं बदली, जो बहुत अच्छी बात थी। यह वाकई एक जिंदगी बदल देने वाली फिल्म है।

**20 फरवरी को रिलीज होगी 'कैनेडी'**

अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित 'कैनेडी' में सनी लियोन के साथ राहुल भट्ट प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद अब यह फिल्म भारत में 20 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो रही है।

# हाईकोर्ट की सख्ती से टूटा अतिक्रमण का किला, पोयणा में गूंजी जेसीबी

## सरकारी जमीन हुई अतिक्रमण मुक्त, अब बनेगी 'जनता जल मिशन' की पानी टंकी

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/पोयणा।** वर्षों से सार्वजनिक भूमि पर जमे अवैध कब्जों पर आखिरकार कानून का बुलडोज़र चल ही गया। राजस्थान उच्च न्यायालय के सख्त और स्पष्ट निर्देशों के बाद पाली जिले की सुमेरपुर तहसील के राजस्व गांव पोयणा में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा दिया। 27 जनवरी को सुमेरपुर उपखंड प्रशासन और ग्राम पंचायत बामनेरा की संयुक्त टीम ने पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों से कच्चे-पक्के



निर्माण ध्वस्त किए। सुबह 11 बजे शुरू हुई कार्रवाई शाम 5:30 बजे तक लगातार चलती रही। जेसीबी की गूंज के बीच वर्षों पुराने कब्जों का अंत हो गया।

### जनहित याचिका बनी बड़ा हथियार:

मामला तब गरमाया जब गांव के जागरूक नागरिक कृष्णपाल सिंह ने सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को लेकर जनहित याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार सीमांकन कर अतिक्रमण हटाया जाए। याचिका में खसरा संख्या 91 (गैर मुमकिन खड्डा, सिवायचक भूमि) और खसरा संख्या 92/1 (राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, पोयणा के नाम दर्ज बंजर भूमि) पर अवैध निर्माण और बाड़ेबंदी का उल्लेख किया गया था। तहसीलदार हिमांशु कच्छवाह के नेतृत्व में राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर सीमांकन कराया और नियमानुसार कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रशासन ने साफ शब्दों में चेतावनी दी– सरकारी जमीन पर कब्जा अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। अतिक्रमण हटते ही राज्य सरकार की 'जनता जल मिशन' योजना के तहत स्वीकृत पानी की टंकी का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। लंबे समय से अवैध कब्जों के कारण यह विकास कार्य अटका हुआ था। अब निर्माण तेज़ी से प्रगति पर है और टंकी के तैयार होते ही गांव की पेयजल व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा। सैकड़ों ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। अतिक्रमण हटने के बाद पोयणा में संतोष और राहत का माहौल है। ग्रामीणों ने न्यायालय के आदेश और प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत करते हुए इसे विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। ग्रामीणों का कहना है कि पहले कई बार ज्ञापन दिए गए, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अंततः न्यायालय की शरण लेने के बाद प्रशासन को सख्त कदम उठाना पड़ा। प्रशासन ने दोहराया है कि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज सरकारी भूमि की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और न्यायालय के आदेशों के अनुरूप आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कानून का डंडा चला तो अवैध कब्जों का खेल खत्म–अब पोयणा में विकास की नई धारा बहेगी।

## ऋतुराज मीणा बने एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) प्रदेश नेतृत्व व जिलाध्यक्ष सम्पत गुर्जर के निर्देशानुसार बिजौलियां ब्लॉक की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी में ब्लॉक अध्यक्ष - ऋतुराज मीणा उपाध्यक्ष- मनोज सिंह, बंटी बंजारा, विष्णु बंजारा, महासचिव-अनिल बंजारा, प्रिंस मालवीय, पीयूष शर्मा, दिलीप भाटी, सचिव-अभिषेक वैष्णव, विशाल धाकड़, राहुल धाकड़, सदस्य-कमल मालवीय, लक्की सिंह, शुभम सिंह, अनीस धाकड़ को बनाया गया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने राजकीय किशोर गृह का किया निरीक्षण

### बालकों की नोटबुक देख बोले वैरी गुड



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश कमल छंगाणी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने बुधवार को राजकीय किशोर व सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विधि से संघर्षरत बालकों से वार्तालाप कर यहां मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बालकों के शयन कक्षों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान विधि से संघर्षरत बालकों ने सचिव को उनकी दिनभर की गतिविधियों के बारे में बारे बताया व बालकों की ओर से पढ़ाई की नोट बुक दिखाई तो सचिव ने बालकों की तारीफ की। अधीक्षक मोर कंवर व लकमाराम को निर्देश दिए कि बालकों की पढ़ाई के लिए आवश्यकतानुसार नोटबुक, किताबें पेन आदि उपलब्ध करवाई जाए। मौर कंवर ने बताया कि यहां पर बालकों को दिन में कम्प्यूटर सिखाया जा रहा है। इस दौरान सचिव ने बालकों को उनके प्रकरणों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जिन बालकों की पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं हो, वे अधीक्षक के मार्फत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचित कराए। उन्होंने निशुल्क विधिक सहायता व बालकों के अधिकारों की जानकारी दी। इस दौरान प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट गजेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

## पोयणा में आस्था का महा संगम, तैयारियां शुरू



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर के निकटवर्ती पोयणा गांव स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र मामा जी मंदिर परिसर में चैत्र शुद्ध सातम का पर्व इस वर्ष अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। श्रद्धालु विशेष रूप से अंदौर से पावन घोड़ी लेकर पहुंचे हैं, जिसे शुभ मुहूर्त में विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ मामा जी के श्रीचरणों में अर्पित किया जाएगा। सुबह घोड़ी चढ़ाने का कार्यक्रम होगा, वहीं शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सजावट व व्यवस्थाओं की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। शोभायात्रा, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच पूरा गांव भक्तिमय माहौल में रंगा रहेगा। इसी क्रम में गांव पोयणा स्थित वरु ढीबी के पावन ओरण में विराजमान मामा जी की चौकी पर सूअरों की ओर से घोड़े व गादी को क्षति पहुंचने के बाद अब श्रद्धालुओं के सहयोग से नए घोड़े चढ़ाकर पुनः स्थापना की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और परंपराओं के संरक्षण का प्रतीक है।मामा जी की घोड़ी लेने के लिए भगवत सिंह देवड़ा, नारायण भारती, मंशाराम सोलंकी, बाबूलाल जालोरा, कालूराम सोलंकी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## घरेलू गैस के दुरुपयोग पर कार्रवाई, 9 सिलेंडर जब्त

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** घरेलू गैस के दुरुपयोग व कालाबाजारी की रोकथाम के लिए राज्य स्तर पर संचालित विशेष अभियान के तहत बुधवार को जिले के बाड़ी क्षेत्र में जिला रसद कार्यालय के प्रवर्तन दल ने दो प्रतिष्ठानों की जांच की। जांच के दौरान बाड़ी शहर स्थित एक मैरिज होम में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग पाया गया। मौके से 9 घरेलू गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, नली व भट्टी जब्त की गई। मैरिज होम संचालकों को घरेलू गैस का अवैध भंडारण व व्यवसायिक दुरुपयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त बाड़ी स्थित कन्हैया रिसोर्ट की भी जांच की गई, जहां घरेलू गैस का दुरुपयोग नहीं पाया गया। वहीं बिजौली स्थित कंसाना एचपी गैस ग्रामीण वितरक की भी जांच की गई।

## जीरो डोज' बच्चों तक पहुंचेगा टीकाकरणः सायला में धर्मगुरुओं व प्रभावशाली व्यक्तियों की कार्यशाला

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** बच्चों व गर्भवती महिलाओं को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से चिकित्सा विभाग की ओर से नियमित टीकाकरण व 'जीरो डोज' टीकाकरण को सशक्त बनाने के लिए बुधवार को सायला खंड में धर्मगुरुओं व प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी व जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार बाजिया की अध्यक्षता तथा खंड मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रघुनन्दन विश्नोई के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम चिकित्सा विभाग व दिशा-आरसीडीएसएसएस/यूनिसेफ टीम के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों तक टीकाकरण सेवाएं पहुंचाना था, जिन्हें विभिन्न कारणों से अब तक एक भी टीका नहीं लग पाया है और जिन्हें 'जीरो डोज' श्रेणी में रखा जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का मिनी प्लांट भेंट कर स्वागत करने के साथ हुई। इसके बाद खंड समन्वयक लक्ष्मण गुर्जर की ओर से पीपीटी व वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, ममता दिवस के महत्व, जीरो डोज बच्चों की पहचान तथा क्षेत्रीय चुनौतियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रस्तुति में बताया गया कि प्रवासी परिवारों, दूरस्थ ढाणियों, कच्ची बस्तियों एवं ईंट-भट्टों में रहने वाले कई बच्चे टीकाकरण से वंचित रह जाते हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि टीकाकरण के बाद हल्का बुखार या सूजन सामान्य प्रक्रिया है और इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। डॉ. सुनील कुमार सोलंकी ने उपस्थित धर्मगुरुओं एवं प्रभावशाली व्यक्तियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में टीकाकरण को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करें तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सहयोग करते हुए समुदाय को ममता दिवस पर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करें। तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, डॉ. बाजिया एवं मौलाना साहब ने अपने संबोधन में कहा कि टीकाकरण केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशासन, समाज एवं प्रभावशाली व्यक्तियों के संयुक्त प्रयास से ही कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम के अंत में टीकाकरण अभियान में उत्कृष्ट सहयोग देने वाले प्रभावशाली व्यक्तियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि ब्लॉक सायला में कोई भी बच्चा नियमित टीकाकरण एवं जीरो डोज टीकाकरण से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम का संचालन सीएचओ चैन सिंह राजपुरोहित एवं बीएनओ रमेश कुमार डांगी द्वारा किया गया। इस दौरान डब्ल्यूएचओ खंड समन्वयक किशनाराम सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्रीराम गौशाला में विकास कार्यों की शुरुआत, आत्मनिर्भर मॉडल की दिशा में पहल

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** कोलीवाड़ा स्थित श्रीराम गौशाला में व्यापक विकास एवं आधुनिकीकरण कार्यों का शुभारंभ किया गया है। अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि गौसेवा की निरंतरता बनाए रखते हुए निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से किए जाएंगे, ताकि दैनिक गतिविधियां प्रभावित न हों। योजना के तहत गौशाला परिसर में आधुनिक स्वागत कक्ष, आंतरिक पक्के मार्ग एवं सुदृढ़ ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाएगा, जिससे स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी और वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सोलर ऊर्जा संयंत्र स्थापना, चारा उत्पादन हेतु भूमि विकास, वर्षा जल संचयन प्रणाली एवं जैविक खाद निर्माण जैसी योजनाओं पर भी कार्य किया जाएगा। अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों से इस महाअभियान में सहभागिता की अपील करते हुए विश्वास जताया कि



गौशाला भविष्य में गौसंरक्षण का आदर्श मॉडल बनकर उभरेगी।

## डिजिटल जनगणना के नवाचारों के प्रति आमजन को करें प्रेरितः श्रीनिधि बी टी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जनगणना- 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण व मकान गणना कार्य के लिए नियमित सहायकों का जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। 16 से 18 फरवरी तक जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण का समापन प्रमुख जनगणना अधिकारी व जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में हुआ। समापन सत्र में जिला कलक्टर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि नवीनतम जनगणना के आंकड़ों का उपयोग राष्ट्रीय नीति निर्माण और आधारभूत संरचना विकास में किया जाएगा, इसलिए जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में पूर्ण गंभीरता व शुद्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि डिजिटल जनगणना के अंतर्गत किए गए नवाचारों, विशेषकर स्व-गणना प्रक्रिया के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए। साथ ही चार्ज स्तर पर कार्य कर रहे कार्मिकों



को योजना बनाकर निर्धारित समयावधि में सभी कार्य पूर्ण करने को कहा। जनगणना निदेशालय के मास्टर ट्रेनर रजत कुमार अग्रजी व बृजेश कुमार शर्मा ने प्रथम चरण से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी और प्रतिभागियों को जनगणना के लिए तैयार पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन पर अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम में सांख्यिकी अधिकारी राजेश कुमार, राघव पाठक, अभिषेक चौधरी, हमेन्द्र सिंह, मोहम्मद आसिफ सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एलाना में दो मौत प्रकरणों का पर्दाफाश, भाई की हत्या के आरोप में भाई गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले के बिशनगढ़ थाना क्षेत्र के एलाना में कुछ दिनों अलग अलग दो मौत प्रकरणों का पुलिस ने पर्दाफाश कर लिया है। इसमें एक भाई की हत्या के आरोप में भाई को ही गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्रसिंह इंदौलिया ने बताया कि पहले प्रकरण में 1 जनवरी 2026 को खेकाराम भील ने बिशनगढ़ थाने में रिपोर्ट पेश की थी कि उसने एलाना निवासी मांगीलाल व तेजाराम चौधरी के ऐलाना गांव मे खेत को भावली (काश्तकारी) पर लिया हुआ था, जहां से उसका पुत्र बुटाराम 21 दिसम्बर 2025 गायब हो गया था, बाद में बुटाराम का शव 28 दिसम्बर 2025 को तेलवाडा सरहद में मिला था। खेकाराम भील ने मांगीलाल चौधरी व उसके भाई तेजाराम चौधरी के पर बुटाराम की हत्या का शक जाहिर किया। समाजबंधुओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन भी किया। इसी प्रकार दूसरे प्रकरण में 27 जनवरी 2026 मांगीलाल चौधरी व तेजाराम चौधरी के ठेके पर लिये हुए जुगराज जैन के बेरे पर तेजाराम चौधरी का शव मिला जिसके सिर, हाथ एंव पाँव पर गंभीर चोट के निशान थेद्व घटनाक्रम के सम्बंध में मृतक तेजाराम के पुत्र जेताराम ने बुटाराम के पिता खेकाराम व अन्य परिजनों पर शक जाहिर करते हुए प्रकरण दर्ज करवाया था। इन दोनों प्रकरणों में पुलिस ने गम्भीर तकनीकी रूप से तथ्य जुटाकर मृतक बुटाराम व तेजाराम के परिजनो से घटना के रोज की गतिविधियों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की तो मांगीलाल चौधरी के संदिग्ध होने पर उसको दस्तयाब कर गहन पूछताछ की गई। इस पर मांगीलाल ने अपने भाई तेजाराम चौधरी की उलटी कुल्हाड़ी से चोट मार हत्या करना स्वीकार किया

### साक्ष्य मिटाने के किए प्रयासः

पुलिस ने बताया कि आरोपी मांगीलाल व उसके भाई तेजाराम चौधरी ने गांव ऐलाना में गणपतसिंह राजपूत व जुगराज जैन के बेरे ठेके पर लिए हुए थे और चोथी पांती में मृतक बुटाराम भील को खेत काश्त पर दिए हुए थे, मांगीलाल व तेजाराम ने खेत मे पशुओं से फसल की सुरक्षा के लिए हेवी करंट वाले तार लगाए हुए थे, 21 दिसम्बर 2025 को बुटाराम इन्ही तारों के टच होने से उसकी मृत्यु हो गई। तब इस बात को छुपाने के व सबुत नष्ट करने के उद्देश्य से मृतक बुटाराम की लाश को तेजाराम व मांगीलाल दोनों ने उसी रात्री को अपनी गाडी में डालकर तेलवाडा के जंगल में फेंककर आ गए। कुछ दिन बाद बुटाराम के परिजनो ने मांगीलाल व तेजाराम के विरूद्ध बुटाराम हत्या का मुकदमा दर्ज करवा दिया। इस प्रकरण में पुलिस ने मांगीलाल व तेजाराम दोनों का नार्को टेस्ट करवाने के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। बुटाराम के परिवार व मांगीलाल वगैरा के आपस में विवाद भी हो गया था, मांगीलाल को यह शक था कि नार्को टेस्ट में तेजाराम बुटाराम वाली पूरी बात बता देगा, इस कारण मांगीलाल ने तेजाराम की हत्या करने का मन बनाया व मौका पाकर 26 जनवरी 2026 को शाम को उल्टी कुल्हाडी से तेजाराम के सिर, हाथ व पांव पर गंभीर चोटे मारकर उसकी हत्या कर दी। इस घटना का आरोप बुटाराम के पिता व भाइयों पर लगा दिया। आरोपी मांगीलाल ने पहले भी अपने सगे साले की हत्या की हुई है, जिसमें आरोपी 5 साल जेल में रह चुका है।

### विकास के दावों की पोल खुली

## वेरारामपुरा में 'सिस्टम फेल', कीचड़ में कैद ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** राजस्थान में 'आदर्श गांव' और विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच शिवगंज तहसील का वेरारामपुरा गांव आज सरकारी तंत्र की विफलता की जीती-जागती मिसाल बन गया है। गांव की सड़कों पर फैला कीचड़, जलभराव और टूटी पड़ी नालियां विकास योजनाओं की हकीकत बयां कर रही हैं। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों का घर से निकलना, बच्चों को स्कूल जाने तक मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क और ड्रेनेज व्यवस्था के नाम पर बजट स्वीकृत हुए, योजनाएं बनीं, लेकिन धरातल पर न तो पक्की सड़क दिख रही है और न ही सुचारू जल निकासी। बरसात के बाद मुख्य मार्ग दलदल में तब्दील हो गए हैं। स्कूली बच्चे कीचड़ में होकर गुजरने को मजबूर



हैं,मरीजों को अस्पताल पहुंचाना चुनौती बन चुका है और बुजुर्गों के लिए बाहर निकलना जोखिम भरा हो गया है।

### जिम्मेदार मस्त, जनता त्रस्तः

ग्रामीणों ने राज्य मंत्री,प्रशासक और संबंधित ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) पर सीधा आरोप लगाया है कि बार-बार शिकायतों और ज्ञापन के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि अधिकारी केवल कागजी रिपोर्टों में विकास दिखाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान रहे हैं, जबकि गांव की जमीनी सच्चाई कुछ और ही कहानी कह रही है। गांववासियों का सवाल है कि जब योजनाओं पर लाखों रुपये खर्च दिखाए गए,तो फिर सड़कों की यह हालत क्यों? क्या निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप हुआ? यदि हुआ तो बारिश हो या नहीं आए दिन गली जलमग्न हो गईं? क्या गुणवत्ता और विकास की जांच हुई या फिर सब कुछ 'औपचारिकता' में निपटा दिया गया? ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आने से भी बच रहे हैं। कई स्थानों पर वाहन फंस रहे हैं और लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। गांव में गंदगी और जलभराव से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

### सरकार के दावे पर सवालः

वेरारामपुरा की यह स्थिति सरकार के उस दावे पर सवाल खड़ा कर रही है, जिसमें गांवों को आदर्श और आत्मनिर्भर बनाने की बात कही जाती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। अब निगाहें जिला प्रशासन और राज्य सरकार पर टिकी हैं कि वे इस मामले को गंभीरता से लेकर जवाबदेही तय करते हैं या फिर वेरारामपुरा के ग्रामीण यूं ही विकास के दावों और कीचड़ भरी हकीकत के बीच संघर्ष करते रहेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि राज्य सरकार समस्याओं पर गंभीर हैं लेकिन संबंधित विभाग बेपरवाह है।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
19 फरवरी, 2026


## श्याम भक्तों ने निकाली निशान यात्रा, अगुणा मोहल्ला स्थित श्याम मंदिर लगाई धोक



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** श्याम मित्र मंडल की ओर से बुधवार को विशाल निशान यात्रा निकाली गई। रामावतार लोहिया ने बताया कि यात्रा से पहले निशानों की पूजा-अर्चना की गई। यात्रा सुभाष चौक से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होते हुए अगुणा मोहल्ला स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंची। निशान यात्रा में श्याम भक्त डीजे की धुन पर बाबा श्याम के भजनों पर नाचते गाते हुए हाथों में निशान लेकर श्याम मंदिर पहुंचे। जहां भक्तों ने बाबा को निशान चढ़ाकर विधिवत् पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर कृष्णकांत लोहिया, सुनील जालान, कालू सरोठिया, प्रभु मेहरीवाला, विकास बांठिया, विनोद, अजय भालेरीवाला, राजेश बजाज, सुनील बजाज, अशोक खेमका, गणेश लोहिया, शशिकांत क्याल, राजेश पोद्दार, आनंद बजाज, कौशल सरोठिया, निशा लोहिया, रंजू जालान, रंजू लोहिया, मीना भावसिंहका, रेखा मेहरीवाला, सुनीता सरोठिया सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को दी आई स्टार्ट प्रोजेक्ट की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय रतन देवी सेटिया पब्लिक स्कूल में आई स्टार्ट प्रोजेक्ट के तहत विधार्थियों को नवाचार के माध्यम से नये विचारों को विकसित करने व आई स्टार्ट राजस्थान के माध्यम से मिलने वाले प्रोत्साहन के लिए जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी व संचार विभाग, चूरू के संयुक्त निदेशक नरेश टूहानिया, डिविजन इन्क्यूबेटर सेन्टर, आई स्टार्ट प्रोजेक्ट उप निदेशक विनोद कुमारी, इन्क्यूबेटर सेन्टर मेन्टर जीतमल, लॉचपेड के मेन्टर शाहरूख की ओर से विभिन्न स्कूलों के आये विद्यार्थियों को योजना की जानकारी दी। कार्यकम में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 400 विद्यार्थी उपस्थित हुए। कार्यकम में उपखण्ड अधिकारी ओम प्रकाश वर्मा, प्रोग्रामर गौरीशंकर नाई, एसीबीओ मन्जू पंवार, सहायक प्रोग्रामर गजेन्द्र सबलानिया, नगरपरिषद के त्रिलोकचन्द व विभिन्न स्कूलों से अध्यापक उपस्थित हुए।

## हिरण शिकार की फिराक में घूम रहे दो आरोपी डिटेन, अवैध टोपीदार बंदूक व बाइक जब्त

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** अवैध हथियारों की धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तारानगर थाना पुलिस ने हिरण शिकार की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अवैध टोपीदार बंदूक सहित मोटरसाइकिल जब्त की है। मामले में नामजद आरोपी पालाराम बावरी व प्रदीप कुमार को डिटेन कर पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी सतपाल बिश्नोई ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के गांव अलायला व महात्मा के बीच खेतों में भुतिया जोहड़ी के आसपास मलवास निवासी पालाराम व प्रदीप कुमार मोटरसाइकिल पर अवैध बंदूक लेकर घूम रहे हैं और हिरणों का शिकार करने की फिराक में हैं। सूचना पर वन विभाग को अवगत करवाते हुए हेड कांस्टेबल संतोष हैडकानी मय जाप्ता मौके पर पहुंचे, जहां ग्रामीण भी एकत्रित मिले। इस दौरान वन विभाग के रेंजर सुरेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से रोही अलायला के खेतों व भुतिया जोहड़ी के आसपास संभावित मृत हिरण के शव अथवा अवशेषों की तलाश की, लेकिन कहीं भी कोई शव या अवशेष नहीं मिले। इसके बाद टीम ने नहर पटड़ा रोही अलायला क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया, जहां एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के पास से अवैध टोपीदार बंदूक बरामद की गई। पुलिस ने हथियार व मोटरसाइकिल को जब्त कर फर्द तैयार किया। इस संबंध में प्रकरण संख्या 27/26 दर्ज कर अनुसंधान एएसआई महेशचंद मीणा द्वारा किया जा रहा है। दौराने अनुसंधान दोनों आरोपियों को डिटेन कर पूछताछ जारी है। कार्रवाई में सीआई सतपाल बिश्नोई, एएसआई महेशचंद मीणा, कांस्टेबल राजेंद्र कुमार व चालक बलजीन्द्र सहित पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

## दरभंगा में शोकसभा में शामिल हुए भाजपा नेता दिनेश जोशी



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लक्ष्मणगढ़ वासि दरभंगा बिहार प्रवासी भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेशाध्यक्ष व दरभंगा नगर से छठी बार विधायक संजय सरावगी की माता राधा देवी सरावगी के निधन का समाचार मिलते ही लक्ष्मणगढ़ विधानसभा के भाजपा नेता दिनेश जोशी दरभंगा पहुंचकर शोकसभा में शामिल हुए। दिनेश जोशी ने दरभंगा स्थित सरावगी परिवार के आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की, उन्हें ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जोशी ने कहा कि माता का साया सिर से उठ जाना जीवन की सबसे बड़ी क्षति होती है। इस दुख की घड़ी में समस्त भाजपा परिवार सरावगी परिवार के साथ खड़ा है।

# जिला परिषद का एलडीसी रिश्वत लेते गिरफ्तार

### मनरेगा बिल पास करने के लिए मांगे थे 15 हजार, चाय की दुकान पर किया ट्रैप



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** एसीबी श्रीगंगानगर की टीम ने बुधवार को जिला परिषद, चूरू के एलडीसी सुभाष चंद्र शर्मा को 5,000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के सीआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि जैतासर सरपंच ने 1024 पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि कनिष्ठ सहायक सुभाष चंद्र शर्मा मनरेगा के वर्ष 2023-24 के कार्यों के लंबित भुगतान को पास करने के लिए 15,000 रुपए की रिश्वत मांग रहा था। आरोपी ने कुल 15,000 रुपए की मांग की थी, जिसमें से 10,000 रुपए पहले ही ऑनलाइन फोन-पे के माध्यम से ले लिए गए थे। शेष 5,000 रुपए नकद देने का दबाव बनाया जा रहा था और भुगतान रोकने की धमकी भी दी जा रही थी। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने जाल बिछाकर कार्रवाई की। सीआई राजेंद्र कुमार और उनकी टीम ने आरोपी को जिला परिषद परिसर के पास एक चाय की दुकान पर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। सीआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित ने 15 फरवरी को ऑनलाइन हेल्पलाइन 1024 पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने अनुरोध किया था कि यह कार्रवाई चूरू टीम के बजाय श्रीगंगानगर की टीम की ओर से की जाए, जिसके बाद यह कार्रवाई श्रीगंगानगर एसीबी ने की। एसीबी ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में संजीव कुमार, भवानी सिंह, पंकज शर्मा, धर्मवीर, आशीष कुमार, मनजीत और राजेश कुमार सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

## ढप की थाप, बांसुरी की धुन और फाल्गुनी गीतो पर जमकर थिरके विदेशी पर्यटक



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** शेखावाटी अंचल का कस्बा मंडावा होली के नजदीक आते ही होली के रंगो में रंगने लगा है। पर्यटन क्षेत्र में विशिष्ट पहचान के साथ साथ यहां पर विभिन्न त्यौहारों को मनाने की एक अलग ही पहचान है। यहां की धुलंडी मनाने की परंपरा विश्व स्तर पर पहचान रखती हैं। सर्व हितैषी व्यायाम शाला मे धर्म ध्वज स्थापना के साथ ही यहां 40 दिवसीय कार्यक्रमो का आगाज हो जाता है। यह परंपरागत विगत 125 वर्षों से अधिक समय से चली आ रही है। चारो तरफ फाल्गुनी गीतो की बहार ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमो का सिलसिला जारी है। कार्यक्रमो के इस दौर में स्थानीय लोगो के साथ दूरदराज रहने वाले शेखावाटी की धरा से जूड़े प्रवासी बंधुजन ओर विदेशी पर्यटक जमकर राजस्थानी लोक परंपराओं के तहत होने वाले फाल्गुनी कार्यक्रमों का आनंद उठा रहे है। कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों के साथ विदेशी सैलानी भी कार्यक्रमों में शामिल हो कर भारतीय संस्कृति ओर राजस्थानी लोक परम्पराओं से रूबरू होकर फाल्गुनी गीतों में शिरकत करते हुए जमकर लुफ्त उठा रहे हैं। कार्यक्रमों के इस दौर में मुख्य बाजार में फतेहपुर स्टैंड पर चेस क्लब कार्यालय में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। होली से पुर्व आयोजित होने वाले सांस्कृतिक ओर फाल्गुली कार्यक्रम में ढप मंडलियों की ओर से एक से बढ़कर एक लोक गीतो की प्रस्तुतिया देकर प्रवासी ओर विदेशी लोगो को झुमने को विवश कर दिया। इस अवसर पर केशरदेव टेलर, मनोज सोनी, ओम प्रकाश चोटिया, नरेंद्र कुमार नरेड़ा, बीलू सोनी सहित अन्य कलाकारों ने लोक गीतों की प्रस्तुतियां दी।

## बापा सेवा सदन की भूमि बचाने और स्कूल के पुनः संचालन के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील में स्थित ऐतिहासिक बापा सेवा सदन की भूमि को बचाने और स्कूल को पुनः शुरू करने की मांग को लेकर बुधवार को अनुसूचित जाति व जनजाति समाज के प्रतिनिधियों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि सन् 1952 में बपा ठक्कर ट्रस्ट की स्थापना अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के बच्चों की शिक्षा के लिए की गई थी। सन् 1962 में वरिष्ठ नेता चन्दनमल बैद के प्रयासों से राज्य सरकार की ओर से इस संस्था को 40 बीघा जमीन आवंटित की गई थी ताकि यहां छात्रावास और स्वरोजगार के लिए उद्योग विकसित किए जा सकें। अनुसूचित जाति-जनजाति समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की कथित लापरवाही और नकारात्मक दृष्टिकोण के कारण वर्ष 2012 में इस विद्यालय को पूर्णतया बंद कर दिया गया। वर्तमान में करोड़ों रुपये की लागत से बना विद्यालय भवन जर्जर हो रहा है और आसपास जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। ज्ञापन के माध्यम से समाज ने चेतावनी दी है कि बापा सेवा सदन की 40 बीघा भूमि पर उपजिला अस्पताल का निर्माण करना न्यायोचित नहीं है। यदि प्रशासन ने राजनीतिक प्रभाव के चलते विद्यालय की भूमि पर अस्पताल निर्माण का कार्य किया तो समाज की ओर से उग्र आंदोलन किया जाएगा। समाज के लोगों का कहना है कि प्रशासन विद्यालय को पुनर्जीवित करने के बजाय उसकी कीमती भूमि को अन्य संस्थानों, कॉलेज, अस्पताल के नाम आवंटित कर उसे खुर्द-बुर्द करने पर आमादा है। जिससे भू-माफियाओं को लाभ पहुंचने की आशंका है। प्रतिनिधिमंडल ने उपखण्ड अधिकारी से इस पूरे मामले की अविलम्ब जांच करवाने, विद्यालय की 40 बीघा भूमि को पुनः संस्था के नाम दर्ज करने और विद्यालय को पूर्व की भांति सुचारू रूप से शुरू करने की मांग की है। समाज ने स्पष्ट किया कि उन्हें अस्पताल बनने से आपत्ति नहीं है,। बशर्ते वह विद्यालय की भूमि के अलावा किसी अन्य स्थान पर बनाया जाए। इस अवसर पर एडवोकेट भगवतीप्रसाद सांडेला, भाजपा नेता निरंजन धानका, एडवोकेट राजकुमार गहनोलिया, बजरंगलाल मेघवाल, मामराज कटारिया, सन्दीप मेघवाल, दीपक मीणा, अनिल बरोड़, गिरधारीलाल नायक, करण नायक, भगवानाराम मेघवाल, संतोष कुमार मेघवाल, पवन मेघवाल, जगदीश मेघवाल सहित अनुसूचित जाति- जनजाति समाज के अनेक नागरिक और युवा उपस्थित रहे।

## खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के आदर्श महाविद्यालय में बुधवार को साप्ताहिक खेल गतिविधियों का शुभारंभ मां सरस्वती की समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। खेल के प्रथम दिन बौद्धिक व शारीरिक दक्षता वाले खेलों का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरूआत शतरंज और कैरम जैसे इंडोर खेलों के साथ-साथ राजस्थान के लोकप्रिय पारंपरिक खेल सतौलिया से हुई। खेल मैदान पर विद्यार्थियों ने खेल भावना और कौशल का परिचय दिया। खेल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच छिपी प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें स्वच्छ प्रतिस्पर्धा के लिए मंच प्रदान करना है। शतरंज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी दिमागी, कुशलता और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया। शतरंज प्रतियोगिता में विजेता बीएससी बीएड द्वितीय वर्ष का प्रशिक्षणार्थी चेतन पुरोहित रहे। शतरंज प्रतियोगिता में महाविद्यालय प्राध्यापक लोकेश सैन, सुमन चौहान निर्णायक की भूमिका में रहे। एकाग्रता और सटीक निशानेबाजी खेल कैरम बोर्ड में विद्यार्थियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देते हुए सतौलिया प्रतियोगिता विद्यार्थियों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सतौलिया प्रतियोगिता की छात्रा वर्ग में सुनीता, मोनिका, स्नेहा पारीक की टीम बी विजेता रही तथा छात्र वर्ग में देवेश, नरेंद्र, राजेश, मनीष, नेमीचंद, राम प्रताप, बजरंग सुथार की टीम ए विजेता रही। सतौलिया प्रतियोगिता में राजेंद्र भाट्ट निर्णायक की भूमिका में रहे।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में अभिमन्यु लाटा, कृष्णा लाटा, नारायण लाटा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खेल प्रभारी महेश कुमार छींपा के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापक मुकेश सुथार, वैद प्रकाश बरोड़, आशीष पारीक, उमा भारती जांगिड़, सुमन चौहान, कपिल सारस्वत तथा विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

## पंडित सुंदरलाल गंगानी स्मृति 24 वां कथक नृत्य महोत्सव, कलाकारों ने वाह वाही लूटी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** तहसील के बड़ाबर गांव के अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथक गुरु स्व पंडित सुंदरलाल गंगानी स्मृति 24 वां कथक नृत्य महोत्सव विगत रात्रि कथक दर्शन चेरिटेबल ट्रस्ट बड़ौदरा के तत्वावधान में बड़ौदा के कीर्ति मंदिर सभागार में आयोजित हुआ। द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत अमेरिका से आई कलाकार रक्षिता जैन की एकल कथक नृत्य प्रस्तुति से हुआ। कलाकार ने पंडित सुंदरलाल गंगानी की रचना - एक ब्रह्म उर धरि सुंदर, दो नयना निरखी त्रिलोकी, चतुर भाग अवनी उर प्रगटे, पांच तत्व धर आए नाथ.. को राग पूरिया धनाश्री में मनोयोग से प्रस्तुत कर वाह वाही लूटी। तत्पश्चात चंडीगढ़ से आई डॉ समीरा कौशर ने एकल कथक नृत्य के माध्यम से शिव पार्वती विवाह की प्रस्तुति में थाट, आमद, परमेलू, परन, तिहाईयां, चलन की प्रस्तुतियों से भरपूर तालियां बटोरी। अंत में उन्होंने बृजमोहन गंगानी की ओर से लिखित मनोवैज्ञानिक पद पेश किया जिसमें जन्म से लेकर अंत तक का सफर प्रस्तुत किया। अगली प्रस्तुति में प्रख्यात कथक कलाकार डॉ प्रीति साठे दामले के साथ एम एस यूनिवर्सिटी की नृत्य विभाग की छात्राओं मैमूना, जयश्री, कशिश, वाणी, हर्षिता, वृषाली ने कथक गुरु पंडित जगदीश गंगानी के निर्देशन में नृत्य अभिलाषा की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन प्रीति साठे दामले ने लाल तीन ताल में ठाट, परण, चलन एवं कृष्ण लीला के रूप में एकल कथक नृत्य प्रस्तुति से हुआ जिसमें विश्व विख्यात तबला वादक सुखविंदर सिंह ने शानदार संगत करके आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। इस सांगीतिक अनुष्ठान में वर्ष 2026 का पंडित सुंदरलाल गंगानी चंद्रकला सम्मान कथक गुरु डॉ शोभा कौशर व भरत नाट्यम विधा के प्रतिष्ठित कलाकार बिजोय आनंद शिवरामन को दिया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यूनिवर्सिटी चांसलर राजमाता शुभांगिनी राजे गायकवाड़, बनारस घराने के अंतरराष्ट्रीय ख्याति नाम तबलावादक सुखविंदर सिंह, अजय रांका, निशीथ मेहता थे। कलाकारों के साथ हारमोनियम व गायन पर रमेश परिहार, मुन्नालाल भाट, तबला पर महमूद खान, भूपेश गंगानी, सारंगी पर इलियास खान व पढत पर संगत कथक गुरु जगदीश गंगानी ने की।

## संसाधन संपूर्ति व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से बुधवार को राजकीय झंवर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में संसाधन संपूर्ति व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि रेंवतमल, रतनलाल भूतोडिया की पुण्य स्मृति में कमलादेवी, चंद्रकला देवी व विनय भूतोडिया के सौजन्य व क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िया की प्रेरणा से आयोजित हुए कार्यक्रम में झंवर स्कूल की सहायतार्थ अलमारी, किड्स चेयर्स, कक्षा 1 से 5 की सभी छात्राओं को वाटर बोतल, टिफिन उपलब्ध करवाए गए। इसी प्रकार सत्र 2024-25 में कक्षा 8,10 व 12 में प्रथम, द्वितीय, स्थान प्राप्त करने वाली शाला की छात्राओं निर्मला जांगिड़, हेमलता पुरोहित, पायल सोनी, प्रीति शर्मा, दिव्या प्रजापत, लक्षिका जांगिड़ सहित कक्षा 6 की छात्रा देविका जांगिड़ को चित्रकला क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर अतिथियों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। भामाशाह कमला सिंघी की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीबीईओ मंजू पंवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी अनुशासन व मनोयोग से शिक्षा ग्रहण कर समाज व राष्ट्र का नाम रोशन करे। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद रेखाराम गोदारा ने भी विद्यार्थियों को प्रेरणास्पद संदेश दिया। तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष राजकुमारी भूतोडिया ने रेंवतमल, रतनलाल भूतोडिया का परिचय प्रस्तुत करते हुए उनकी ओर से किए गए समाज सेवा क्षेत्र में योगदान को रेखांकित किया। बतौर विशिष्ट अतिथि भामाशाह विनोद गोठड़िया, विमल पाटनी, कौशल्या गुलेरिया, क्लब के पूर्व अध्यक्ष दानमल शर्मा व भूतोडिया परिवार के प्रतिनिधि के रूप में प्रदीप, अमरचंद, विनय भूतोडिया, राजकुमारी, बबीता, जागृति, हेमंत भूतोडिया मंचस्थ रहे। प्रधानाचार्या कुसुम शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सहयोग के लिए यंग्स क्लब का आभार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन जागृति भूतोडिया ने किया। संचालन शिक्षक बोदूराम शास्त्री ने किया। अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत हाजी मोहम्मद, कुणाल सोनी, योगेंद्र भोजक, स्वनंदा म्हैन, हरिप्रसाद टेलर, रामलाल गुलेरिया, सीताराम मीणा, आसुराम, कंचन स्वामी, ओमप्रकाश, राजकंवर मीणा, अंकिता शर्मा ने किया।

## हरीश चौधरी ने जैसलमेर नहरी क्षेत्र के किसानों के हक में विधानसभा में उठाई आवाज

### 35,000 किसानों की रबी फसल पर संकट, छठी-सातवीं बारी का पानी नहीं मिला

जयपुर टाइम्स



**जयपुर/जैसलमेर।** बायतु विधायक हरीश चौधरी ने बुधवार को राजस्थान विधानसभा में कार्य संचालन नियम 50 के अंतर्गत स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए जैसलमेर नहरी क्षेत्र में रबी फसल के लिए निर्धारित छठी व सातवीं बारी का सिंचाई जल उपलब्ध नहीं कराए जाने का गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से घोषित सिंचाई कार्यक्रम के अनुसार रबी सत्र में सात बारी जल उपलब्ध कराया जाना निर्धारित था। इसी विश्वास पर जैसलमेर नहरी क्षेत्र के लगभग 35,000 किसानों ने करीब 4,00,000 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूँ, चना, सरसों, रायड़ा आदि फसलों की बुवाई की। किन्तु वर्तमान स्थिति यह है कि किसानों को अब तक केवल पाँच बारी जल ही प्राप्त हुआ है और 1 फरवरी से पंजाब क्षेत्र में फिरोजपुर फीडर के क्लोजर के कारण जल आपूर्ति पूर्णतः बाधित है। विधायक हरीश चौधरी ने सदन को अवगत कराया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार फरवरी के प्रथम सप्ताह में 2000 क्यूसेक तथा द्वितीय सप्ताह में 1000 क्यूसेक जल आपूर्ति प्रस्तावित थी, परंतु वास्तविकता में शून्य आपूर्ति की स्थिति है। छठी व सातवीं बारी के संबंध में कोई संशोधित समयबद्ध कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है, जिससे किसानों में गहरी अनिश्चितता और रोष व्याप्त है। किसान विगत 15 दिनों से धरने पर बैठे हैं। यदि फरवरी अंत तक जल उपलब्ध नहीं कराया गया तो लगभग 300 करोड़ रुपये से अधिक की फसल हानि संभावित है। उन्होंने बताया कि रबी सीजन 2025-26 के लिए 4 अक्टूबर से 4 जनवरी तक जारी रेगुलेशन के अनुसार जैसलमेर जोन को 2100 क्यूसेक सिंचाई जल मिलना निर्धारित था, किंतु परामर्शदात्री समिति की बैठकों में 1700 क्यूसेक जल अनवरत देने का आश्वासन दिया गया। इसके बावजूद नवंबर माह में 25-30 प्रतिशत कम जल मिला और 4 जनवरी के बाद तो मात्र 1200-1300 क्यूसेक ही आपूर्ति हुई। 29 जनवरी के बाद 1700 क्यूसेक की गारंटी से भी इंकार कर दिया गया, जिसे विधायक हरीश चौधरी ने किसानों के साथ 'सरासर धोखा' बताया। विधायक चौधरी ने कहा कि यह विषय केवल जैसलमेर जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य की कृषि उत्पादन व्यवस्था, किसान आजीविका और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सरकार से वादे के अनुसार सिंचाई जल उपलब्ध कराकर किसानों को राहत देने तथा भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने हेतु स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की।


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## खुल गए जन्नत के दरवाजे, रमजान महीने का पहला रोजा आज

### 19 फरवरी से 20 मार्च तक चलेगा रोजा व इबादत का दौर

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** रमजान का महीना अरबी कैलेंडर का नौवां माह है। यह महीना काफी फजीलत व बरकत वाला महीना है। इस माह को हर महीनों का सरदार कहा जाता है। इसमें अल्लाह आसमान से रहमतें बरसाता है। रोजेदारों के रिज्क कुशादा कर दिए जाते हैं। रमजान मे रोजेदारों के नेकियों को सात सौ गुणा तक बढ़ा दिया जाता है। रमजान नेकियों, रहमतों और बरकतों का मौसम ए बहार है। इस माह में रोजेदारों को जहन्नुम से छुटकारा मिलता है। सय्यद मोहम्मद अनवार नदीमुल शहर इमाम,चूरू ने बताया कि इस बार रमजान 19 फरवरी से शुरू होकर 20 मार्च तक रमजान चलेंगे। चांद देख कर 21 मार्च को ईद उल फितर मनाएंगे। रमजान शुरू होते ही जन्नत के सभी दरवाजे खोल दिए जाते हैं और जहन्नुम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। रोजा कयामत के दिन रोजेदारों की शिफारिश करेगा। रोजे का अजर बेहिसाब है। रोजेदारों के लिए जन्नत मे एक खास दरवाजा बनाया गया है जिसका नाम रैयान है। रमजान में पूरा माह हर रात अल्लाह लोगों को जहन्नुम से आजाद करता है। रमजान ट्रेनिंग का महीना है। एक माह तक जीवन को अल्लाह की राह में समर्पित करने, तकवा के साथ रोजे रखने, सदका, खैरात, जकात व फितरा अदा करने से फर्ज व सुन्नत की अदायगी के साथ खुशी प्राप्त होती है।



## रामलीला मंचन और दशहरा उत्सव के पुरोधा रमेश चंद्र शर्मा को किया नमन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर के पूनिया कॉलोनी निवासी रमेश चंद्र शर्मा का 3 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया था। रेलवे कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार देर शाम को रेलवे हनुमान मंदिर विकास समिति की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि शर्मा रेलवे कॉलोनी में रामलीला मंचन व दशहरा उत्सव के पुरोधा थे। उनके संरक्षण में पिछले 20 सालों से कॉलोनी में रामलीला का मंचन व दशहरे पर रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित हो रहा था। समिति के पदाधिकारियों के लिए यह अपूरणीय क्षति है। इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों व कॉलोनी के लोगों ने शर्मा के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सचिव विक्रम सिंह सांखला ने बताया कि संरक्षक शर्मा रेलवे के विद्युत विभाग में निरीक्षक के पद से सेवानिवृत हुए थे। उन्होंने पिछले 20 वर्षों से रेलवे हनुमान मंदिर में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष संरक्षक जैसे अलग-अलग पद संभाले। शर्मा ने निस्वार्थ भाव से मंदिर की सेवा की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ख्यालीराम मीणा, सचिव विक्रम सिंह सांखला, सह सचिव मुकेश कुमार मीणा, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर बरोड़, उप कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष भगवान गुर्जर, शशांक भारद्वाज, देवांश भारद्वाज महिपाल सिंह बड़गुर्जर, परमानंद शर्मा, राजेश गौतम, अनिल भार्गव, मंदिर संरक्षक हरिकृष्ण रवि, संतलाल, मोहन सिंह, श्रवण सैनी, विधि सचिव महावीर भार्गव आदि ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## फागोत्सव कार्यक्रम 22 को, घंटाघर पर साकार होगी लोक संस्कृति

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर प्रतिवर्ष होने वाले फागोत्सव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। स्थानीय सफेद घंटाघर पर होने वाले फागोत्सव 2026 को लेकर संस्थान के गुरुदास भारती ने बताया कि रतनलाल पारख की स्मृति में उनके पुत्र बसंत कुमार, संजय कुमार पारख के सौजन्य से 22 फरवरी को दोपहर 4 बजे होने वाले कार्यक्रम में भारत की प्रसिद्ध राजलदेसर ढ़फ मंडली राजस्थानी लोकगीतों की नृत्यमयी प्रस्तुतियाँ देगी। भारती ने बताया कि इस मौके पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर युवक समाचार पत्र के संपादक राहुल शर्मा को पत्रकार पीयूष शर्मा साहित्य पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इसी क्रम में पूर्व सभापति रमाकांत ओझा समृति पुरष्कार युवा लोक कलाकार पंकज ओझा को दिया जाएगा। कार्यक्रम के बतौर अतिथि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी जय यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, सांसद राहुल कस्वां, विधायक हरलाल सहारण, पूर्व विधायक हाजी मकबूल मंडेलिया की गरिमामयी उपस्थिति में कलाकार अपनी विभिन्न राजस्थानी राग-रागिनियों की प्रस्तुतियां देंगे।

# झुंझुनूं-राजगढ़ स्टेट हाइवे पर बिना टोल नहीं होगा सफर, धनूरी व लंबोर प्लाजा से होगी वसूली

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं जिले में स्टेट हाइवे पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों को अब टोल टैक्स देना होगा। राजस्थान राज्य राजमार्ग प्राधिकरण ने झुंझुनूं-राजगढ़ स्टेट हाइवे-41 पर वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित दरों के अनुसार टोल वसूली की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके तहत धनूरी तथा चूरू जिले के बड़ी लंबोर में टोल प्लाजा स्थापित किए गए हैं। प्राधिकरण के अनुसार अलग- अलग श्रेणी के वाहनों के लिए एकल यात्रा, एक दिन में वापसी यात्रा और 50 यात्राओं की दरें तय कर दी गई हैं।



### निर्धारित शुल्क पर बनेंगे मासिक पासः

टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले गैर-व्यावसायिक स्थानीय वाहन मालिक निर्धारित शुल्क देकर मासिक पास बनवा सकेंगे। बार-बार आवागमन करने वालों को रियायती पास की सुविधा भी मिलेगी। उपयोगकर्ता शुल्क की वसूली अधिकृत एजेंसी अनुबंध शर्तों के अनुसार करेगी तथा दरों में संशोधन राज्य सरकार के नियमों के तहत समय-समय पर संभव होगा।

धनूरी टोल प्लाजा की दरें:

धनूरी टोल प्लाजा पर कार, जीप, वैन, हल्के मोटर वाहन या कृषि कार्य में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली से एक तरफ की यात्रा के लिए 45 रुपए लिए जाएंगे। यदि वाहन एक ही दिन में वापसी करता है तो 70 रुपए देने होंगे, जबकि 50 यात्राओं के पास के लिए 1575 रुपए शुल्क तय किया गया है। हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के माल वाहन और मिनी बस के लिए एक तरफ का टोल 70 रुपए, एक दिन के भीतर वापसी के लिए 110 रुपए और 50 यात्राओं के लिए 2405 रुपए होगा। बस और ट्रक से एकल यात्रा पर 140 रुपए, एक दिन में वापसी पर 215 रुपए और 50 यात्राओं के लिए 4730 रुपए लिए जाएंगे। तीन से छह धुरी वाले भारी निर्माण मशीनरी, अर्थ-मूविंग उपकरण या बहु-धुरी वाहनों के लिए एकल यात्रा 235 रुपए, एक दिन की वापसी 355 रुपए और 50 यात्राओं का शुल्क 7885 रुपए निर्धारित है। सात या उससे अधिक धुरी वाले बड़े वाहनों से एकल यात्रा पर 285 रुपए, एक दिन में वापसी पर 425 रुपए और 50 यात्राओं के लिए 9465 रुपए वसूले जाएंगे।

### लंबोर बड़ी टोल प्लाजा की दरें:

लंबोर टोल प्लाजा पर कार, जीप, वैन, हल्के मोटर वाहन या कृषि कार्य में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली से एक तरफ की यात्रा के लिए 50 रुपए लिए जाएंगे। एक दिन के भीतर वापसी करने पर 75 रुपए देने होंगे, जबकि 50 यात्राओं के लिए 1630 रुपए तय किए गए हैं। हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के माल वाहन और मिनी बस के लिए एकल यात्रा 75 रुपए, एक दिन की वापसी 110 रुपए और 50 यात्राओं का शुल्क 2480 रुपए होगा। बस और ट्रक के लिए एक तरफ का टोल 145 रुपए, एक दिन की वापसी 220 रुपए और 50 यात्राओं के लिए 4885 रुपए निर्धारित है। तीन से छह धुरी वाले भारी निर्माण या अर्थ-मूविंग वाहनों से एकल यात्रा पर 245 रुपए, एक दिन की वापसी पर 365 रुपए और 50 यात्राओं के लिए 8140 रुपए लिए जाएंगे। सात या उससे अधिक धुरी वाले बड़े वाहनों के लिए एकल यात्रा 295 रुपए, एक दिन की वापसी 440 रुपए और 50 यात्राओं का शुल्क 9765 रुपए तय किया गया है।

### टोल वसूली जारी:

जिले से गुजर रहे झुंझुनूं- उदयपुरवाटी मार्ग पर नृसिंहपुरा के पास, झुंझुनूं-सीकर-जयपुर मार्ग पर ढिगाल के नजदीक तथा सूरजगढ़-लोहारू रोड पर रघुनाथपुरा के पास पहले से टोल वसूली जारी है। वहीं सिंघाना रोड पर गाडाखेड़ा व पचेरी खुर्द टोल प्लाजा पर वसूली बंद कर दी गई है। परियोजना निदेशक विकास गोयल ने बताया कि झुंझुनूं-राजगढ़ स्टेट हाइवे-41 पर धनूरी और चूरू जिले के लंबोर क्षेत्र में टोल प्लाजा स्थापित कर दरें निर्धारित कर दी गई हैं। जल्द ही टोल वसूली शुरू करने के आदेश जारी किए जाएंगे।

# अब किसान खुद निकाल सकेंगे सरसों का तेलः 'कच्ची घाणी'

यूनिट लगाने पर मिलेगी 10 लाख तक की सब्सिडी

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं जिले में सरसों की बम्पर पैदावार को देखते हुए कृषि विभाग किसानों को सीधे उद्यमी बनाने की तैयारी में जुट गया है। राज्य सरकार की नई तेल मिल सब्सिडी योजना के तहत अब किसान और युवा गांव में ही कच्ची घाणी इकाई स्थापित कर सकेंगे। मशीनरी लागत का 33' यानी अधिकतम 9.90 लाख रुपए तक अनुदान मिलेगा। 10 टन प्रतिदिन क्षमता तक की इकाई पर लागू इस योजना से किसान, FPO और युवा खुद सरसों का तेल तैयार कर बेच सकेंगे। इससे किसानों को अपनी उपज बिचौलियों को औने-पौने दामों में बेचने की मजबूरी नहीं रहेगी और वे खुद सरसों का तेल तैयार कर बाजार में बेचकर अधिक मुनाफा कमा सकेंगे।

### मशीनरी पर 33' अनुदान, अधिकतम 9.90 लाख की सहायताः

डिप्टी डायरेक्टर (कृषि) राजेन्द्र लाम्बा के अनुसार सरकार मशीनरी की कुल लागत पर 33 प्रतिशत सब्सिडी देगी। एक यूनिट पर अधिकतम 9.90 लाख रुपए तक अनुदान दिया जाएगा। यह सहायता 10 टन प्रतिदिन पेराई क्षमता तक के प्लांट पर लागू होगी, जबकि छोटे स्तर पर काम शुरू करने वाले किसानों और युवाओं को भी प्रो-राटा आधार पर सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को कच्चा माल बेचने की बजाय तैयार तेल बेचने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि उनकी आय में सीधा इजाफा हो सके। यह योजना ग्रामीण उद्योग को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के लक्ष्य के साथ शुरू की गई है। इसके तहत किसान उत्पादक संगठन और सहकारी समितियां अपना ब्रांड तैयार कर बाजार में उतार सकेंगी। शिक्षित बेरोजगार युवा कृषि आधारित स्टार्टअप शुरू कर आत्मनिर्भर बन पाएंगे, वहीं स्थानीय निजी उद्यमी भी ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग स्थापित कर योजना का लाभ ले सकेंगे।

### बीआईएस मानक जरूरी, जीएसटी वेंडर से ही खरीदनी होगी मशीनः

सब्सिडी प्राप्त करने के लिए सरकार ने गुणवत्ता मानक अनिवार्य किए हैं। केवल BIS प्रमाणित मशीनों पर ही अनुदान मिलेगा और मशीन खरीद लस्त्र रजिस्टर्ड विक्रेता से ही करनी होगी। इसका उद्देश्य शुद्ध तेल उत्पादन और यूनिट की लंबी उम्र सुनिश्चित करना है, ताकि किसानों को टिकाऊ और भरोसेमंद उद्योग मिल सके। कृषि विभाग कार्यालय झुंझुनू अधिकारी राजेंद्र सिंह लांबा ने योजना के बारे में जानकारी दी। योजना को पारदर्शी बनाने के लिए DBT व्यवस्था लागू की गई है। इच्छुक आवेदक जिला परिषद के सीईओ कार्यालय या जिला तिलहन मिशन कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। भौतिक सत्यापन पूरा होने के बाद सब्सिडी की राशि सीधे बैंक खाते में जमा कर दी जाएगी। जमीन और शेड की व्यवस्था आवेदक को स्वयं करनी होगी तथा यूनिट कम से कम पांच वर्ष तक संचालित रखना अनिवार्य रहेगा। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार झुंझुनूं जिला सरसों उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र है, जहां लगभग 1.30 लाख हेक्टेयर में बुवाई होती है। प्रति हेक्टेयर औसतन 1200 किलो उत्पादन के साथ सालाना करीब 1.56 लाख टन सरसों पैदा होती है।

## सुजानगढ़ के लिए विकास कार्यों की घोषणा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पिछले दिनों विधानसभा में प्रस्तुत बजट में सुजानगढ़ विधान सभा क्षेत्र की उपेक्षा से हुई आलोचना का जवाब देते हुए वित्त मंत्री दिया कुमारी ने सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुछ विकास कार्यों की घोषणा की है। विधायक मनोज मेघवाल ने बताया कि ग्राम रूपेली में पानी की टंकी का निर्माण कार्य, ग्राम घंटियाल बड़ी में पानी की टंकी का निर्माण कार्य, ग्राम डूंगर बालाजी में चिकित्सा उप केंद्र, सडू छात्रावास की सीट संख्या वृद्धि की गई है। विधायक ने बताया कि आलोचना के बाद ठण्डे छींटे देने की कोशिश वित मंत्री दिया कुमारी ने की है।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय उपतहसीलदार (भू.अ.) साहवा**

क्रमांक/भू.अ./2026/44 दिनांक 11.02.2026

**सूचना बनाम सर्वसाधारण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रताप सिंह पुत्र लक्ष्मीनारायण जाति- जाट निवासी साहवा तहसील-तारानगर ने प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि श्री मनीराम पुत्र मामचन्द जाति जाट निवासी साहवा तहसील-तारानगर ने अपने जीवनकाल में अपनी कृषि भूमि की वसीयत नोटेरी पब्लिक दिनांक 26/04/1999 करवाई थी

वसीयतकर्ता श्री मनीराम पुत्र मामचन्द जाति जाट निवासी-साहवा तहसील- तारानगर का दिनांक 10.01.2026 को निधन हो चूका है प्रार्थी वसीयतनामा के आधार पर ग्राम रोही साहवा के खसरा नंबर 472 तादादी 11.3679 हेक्टेयर हिस्सा-पूर्ण भूमि का नामान्तरकरण मुताबिक वसीयत प्रतापसिंह, राजेन्द्र कुमार पुत्रान् लक्ष्मीनारायण जाति-जाट निवासी साहवा के पक्ष में ब. हिस्सा ब. करवाना चाहते है

अतः समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है की इस वसीयत बाबत किसी को उजर एंव ऐतराज हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपना ऐतराज पेश करें बाद मियाद गुजरने पर कोई ऐतराज मान्य नहीं होगा एवं नियमानुसार नामान्तरकरण की कार्यवाही कर दी जाएगी ।

उप तहसीलदार
साहवा (चूरू)

**Government of Rajasthan Director Printing & Stationery Department**

F-Rent contract/computer operater -2026-27/368 Date: 09/02/2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for rent of Computer, printer with operator are invited from interested bidders upto 12:30 P.M, Date 20.02.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in or http:// sppp.rajasthan.gov.in). The approximate value of the procurement is Rs. 11 Lakhs
UBN No. PRS2526SLRC00010

Director

**कार्यालय ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

क्रमांकः ग्रापं घन्टीयाल बड़ी / खु.नि /2025-26/186-190 दिनांकः 17.02.2026

**खुली निविदा सूचना संख्या- 16/2025-26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी पंचायत समिति बीदासर (चूरू) में स्वीकृत निम्नकार्यों को सम्पादित कराने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एक वर्ष की डिफ़ेक्टिव लाइब्लिटिजके साथ उपर्युक्त श्रेणी राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से खुली निविदा प्रक्रिया द्वारा निर्धारित प्रपत्र/फार्म में दिनांक 18.02.2026 समय प्रातः 10:00 बजे से निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1. | सार्वजनिक लाइब्रेरी में फर्नीचर लगाने का कार्य ढिगारिया 2 | 120000 | 2400 |
| 2. | इन्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य भागूराम नाई के घर से चूनाराम नाई के घर की ओर पला | 453000 | 9060 |

उक्त कार्यों के इच्छुक निविदादाताओं द्वारा निर्धारित शुल्क कार्यालय में जमा करवाकर दिनांक 24.02.2026 समय 11:00 ए.एम. बजे तक निविदा फार्म एवं शर्तों की प्रति प्राप्त की जा सकती है। भरी हुई एवं सीलबन्द निविदाऐं दिनांक 24.02.2026 समय 12:00 पी. एम. बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। धरोहर राशि निविदा आवेदन-पत्र के साथ संलग्न शर्तों अनुसार स्थानीय बीदासर बैंक शाखापर देय बैंक डी0डी0 / बैंकर्स चेक द्वारा जमा कराई जा सकेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 24.02.2026 को दोपहर 02:00 बजे से गठित क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी। निविदा शुल्क प्रत्येक कार्य का रूपये 200/- जमा करवाना होगा। उक्त से संबन्धित अन्य विस्तृत शर्तें कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है। उक्त से संबन्धित अन्यविस्तृतविवरण http// sppp.rajasthan.gov.in पर NIBNo ZCR2526A1573 UBNN ZCR2526 WSOB 02728, ZCR2526WSOB02729 से Download कर देखा जा सकता है।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

प्रशासक
ग्राम पंचायत घन्टीयाल बड़ी
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

राजस्थान राजपत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित | Published by Authority
माघ 17, शुक्रवार, शाके 1947- फरवरी 06, 2026
Magha 17, Friday, Saka 1947- February 06, 2026
सत्यमेव जयते

भाग-1 (ख)
महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।
सार्वजनिक निर्माण विभाग
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 05, 2026

**(अतंर्गत भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की पारा 4 ( 1 )**
RajKaj Ref No.: 20330968 :- राजस्थान के राज्यपाल द्वारा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 के तहत् राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधान अनुसार एवं राजस्थान सरकार के राजस्व ( ग्रुप - 6 ) विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 1 (150) राज-6/2016/02 दिनांक 27/01/2017 के निर्देशानुसार स्वीकृत सड़क कार्य Taranagar to Bain Via Changoi Road Km. 8/500 to 13/475, 13/720 to 21/0 विकसित किये जाने के प्रयोजन से जिला चूरू की तहसील तारानगर में निम्नानुसार प्रभावित गांव में भूमि अर्जन प्रस्तावित है:-

| क्रम संख्या | जिला | तहसील | राजस्व ग्राम / नगर का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | चूरू | तारानगर | चंगोई, पेंड्राउताल, श्योपुरा, बनडा, बांय |

परियोजना हेतु नियमानुसार सामाजिक समाधात निर्धारण हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 'सामाजिक आर्थिक विकास समिति, अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड तारानगर ( राजस्थान) एजेंसी का चयन किया गया है।
उपर्युक्त चयनित संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित गांवों में सामाजिक समाधात निर्धारण राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधानानुसार किया जायेगा। सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी
1. संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित व्यक्तियों का विवरण तैयार कर सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रारूप रिपोर्ट तैयार की जायेगी।
2. प्रारूप रिपोर्ट की प्रति प्रभावित गांवों में समुचित स्थान पर प्रदर्शित की जावेगी । तत्पश्चात प्रभावित गांवों में पर्याप्त प्रचार प्रसार के उपरान्त जन सुनवाई की जावेगी, जिसकी कार्यवाही विवरण समुचित रूप से रिकॉर्ड किया जावेगा।

भाग 1 (ख) राजस्थान राज-पत्र, फरवरी 06, 2026 20540

3. जन सुनवाई के दौरान आये सुझाओं / आपत्तियों के समुचित समाधान को शामिल कर सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक समाधात प्रबंध योजना रिपोर्ट तैयार की जायेगी ।
4. सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावित गांवों में सम्बन्धित ग्राम पंचायत / नगरपालिका के परामर्श से की जावेगी ।
5. सार्वजनिक निर्माण विभाग माध्यम के तहत विकसित किये जाने वाली परियोजनाओं हेतु अधिनियम की धारा 2(2) (a) (ii) के प्रावधानानुसार प्रभावित परिवारों की सहमति आवश्यक होगी।
6. सामाजिक समाधात मूल्यांकन के दौरान किसी भी प्रकार के बल प्रयोग या धमकी का प्रयत्न इस कवायद को अकृत और शून्य बना देगा
7. सामाजिक समाघात निर्धारण प्रक्रिया को इस अधिसूचना की तिथि से अधिकतम 6 माह की अवधि से पूर्ण / सम्पूर्ण कराया जाना आवश्यक है।

**संपर्क सूत्रः-**
सामाजिक समाघात निर्धारण इकाई
अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग
खण्ड तारानगर (राजस्थान )
फोन नं. 9166762119
सामाजिक समाघात निर्धारण एजेन्सी
सामाजिक आर्थिक विकास समिति
अधिशाषी अभियन्ता
सार्वजनिक निर्माण विभाग
खण्ड तारानगर (राजस्थान)
फोन नं.
9166762119

आर. के. लूथरा,
संयुक्त सचिव (पथ),
सार्वजनिक निर्माण विभाग, राज0 जयपुर ।
राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर ।

DIPR/C/2995/2026

## झुंझुनूं में मौसम का 'यू-टर्न':मावठ की फुहारों से ठिठुरा झुंझुनूं

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिले में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मंगलवार रात से शुरू हुआ बादलों की गर्जना और बारिश का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे, जिसके बाद साढ़े 11 से 12 बजे के बीच हुई हल्की बरसात ने ठिठुरन बढ़ा दी है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पूरा जिला अब शीतलहर की चपेट में है। मंगलवार देर रात जिले के विभिन्न हिस्सों में अचानक गरज-चमक के साथ मौसम बदला। बुधवार सुबह जब लोगों की आंख खुली तो आसमान में काले बादलों का डेरा था। धुंध और बादलों के कारण सूर्य के दर्शन नहीं हुए, जिससे दिन में भी कड़ाके की ठंड का अहसास हो रहा है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, वर्तमान में एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ प्रभावी है। आगामी 48 से 72 घंटों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट दर्ज की जा सकती है। विभाग ने मेघगर्जना के साथ कहीं-कहीं ओलावृष्टि का 'येलो अलर्ट' भी जारी किया है।

**किसानों के चेहरे खिले, लेकिन ओलों का डर भी बरकरारः**

इस बेमौसम बारिश को खेती के लिए 'मावठ' के रूप में देखा जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह बारिश रबी की फसलों के लिए 'संजीवनी' का काम करेगी। मिट्टी में नमी बढ़ने से फसलों की ग्रोथ अच्छी होगी। यदि बारिश के साथ ओलावृष्टि होती है, तो तैयार खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंच सकता है। मंडावा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेहरादासी के गांव पीपल का बास में ओले गिरे साथ ही हल्की बारिश भी हुई। अमित मीणा ने बताया कि बारिश से तो फसल में अच्छी पैदावार होगी। ओर ओले गिरने से किसान परेशान हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भानीपुरा पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांक :- 138 दिनांक :- 18.02.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भानीपुरा में विभिन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य के लिए इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https//sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN- PDN2526WSOB00357,
PDN2526WSOB00358,
PDN2526WSOB00359

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भाजीपुरा
पंचायत समिति सरदारशहर

प्रशासक
ग्राम पंचायत भाजीपुरा
पंचायत समिति सरदारशहर

## उपखंड अधिकारी ने दिए प्रकरण निस्तारित करने के आदेश

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निर्मला देवी नामक महिला की ओर से जिला कलक्टर व उपखंड अधिकारी के यहां पर शिकायत के बाद मामले को लेकर उपखंड अधिकारी ने आदेश जारी कर नगरपरिषद आयुक्त को मामले में नियमानुसार कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। मामले में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने नगरपरिषद आयुक्त को आदेश जारी कर कहा है कि पट्टा नंबर 984 के सम्बंध में इस कार्यालय में भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है, इसलिए शीघ्र इसका निस्तारण किया जाए। आपको बता दें कि निर्मला देवी पत्नी पुखराज की ओर से पट्टे की नकल को लेकर आवेदन किया गया है, जिसको लेकर अब शिकायतें उच्च अधिकारियों तक करनी पड़ रही हैं, क्योंकि नगरपरिषद प्रशासन पर समय पर पत्रावली की प्रति उपलब्ध नहीं करवाने के आरोप लग रहे हैं।

## मोटे मुनाफे का लालच देकर 1.24 करोड़ की ठगी, साइबर थाना पुलिस ने आरोपी कोटा से दबोचा

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** इन्वेस्टमेंट और इंश्योरेंस के नाम पर सवा करोड़ रुपए की ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देश पर गठित टीम ने तकनीकी संसाधनों और वैज्ञानिक जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी तक पहुंच बनाई। पुलिस ने पंकज (20) पुत्र संजय कुमार यादव निवासी कुंभकोट, थाना सुकेत, जिला कोटा ग्रामीण (हाल निवासी रामचंद्रपुरा, कोटा शहर) को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने परिवादी सज्जन सिंह को निवेश और बीमा योजनाओं में मोटे मुनाफे का लालच देकर अपने जाल में फंसाया था। झांसे में आकर पीड़ित ने अलग-अलग किस्तों में कुल 1 करोड़ 24 लाख रुपए से अधिक की राशि ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने साइबर थाने में मामला दर्ज कराया, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को कोटा से गिरफ्तार किया। साइबर क्राइम थानाधिकारी गोपाल लाल ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है। पूछताछ के दौरान गिरोह के अन्य सदस्यों और ठगी की राशि की बरामदगी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है।




## मनोज मेघवाल ने विधानसभा में उठाई पशुपालकों की समस्याएं

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल ने विधानसभा में पशु चिकित्सा विभाग में डॉक्टरों सहित अधिकांश रिक्त पदों के संबंध में सदन में मामला उठाया और पदों को भरे जाने की मांग की। विधायक मनोज मेघवाल ने डॉक्टरों को व पशुधन सहायकों को अपने चिकित्सा कार्य के अलावा अन्य कार्य करने से वास्तविक चिकित्सीय कार्य में हो रही व्यवधान के प्रति सरकार को अवगत करावाया कि किस तरह से पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और बीमार पशुओं को समय पर ईलाज नहीं मिल पाता है। इसके अतिरिक्त सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रिक्त पदों को भरने, पशु चिकित्सालयों को क्रमोन्नत करने व पॉलीक्लिनिक खोलने की मांग भी विधायक ने रखी।

## हाथ-पैर तोड़ने के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मारपीट के मामले में एडीजे महेन्द्र प्रताप भाटी ने आरोपी के जमानत आवेदन को खारिज कर दिया है। अपर लोक अभियोजक एड. श्याम सुन्दर खंडेलवाल ने बताया कि सीकर के अस्पताल में उपचाराधीन हड़मानाराम की ओर से 28 जुलाई 2025 को सांडवा पुलिस को पर्चा बयान देकर आरोपी थाननाथ पुत्र मोहननाथ निवासी ऊंटालड़ सहित आधा दर्जन नामजद आरोपियों के खिलाफ लाठी सरियों से मारपीट कर उसके दोनो पैर व एक हाथ को तोडने के आरोप का मामला दर्ज करवाया था। जिस पर पुलिस ने गत दस जनवरी को आरोपी थाननाथ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। अपर लोक अभियोजक एड. श्याम सुन्दर खंडेलवाल ने न्यायालय को बताया कि आरोपी थाननाथ के विरूद्ध पहले से तीन मामले सांडवा थाने में दर्ज है। जिनमें से एक में राजीनामा हो गया, वहीं एक अन्य में उसे बरी कर दिया गया और तीसरे मामले में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। दोनो पक्षों को सुनने के पश्चात एडीजे महेन्द्र प्रताप भाटी ने आरोपी थाननाथ के जमानत आवेदन को खारिज कर दिया।

## श्याम धाम मंदिर का पाटोत्सव 23 को



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** श्री श्याम धाम सेवा ट्रस्ट ओम विहार जयपुर रोड, चौमूं की मीटिंग श्याम धाम मंदिर में आयोजित की गई। श्याम धाम मंदिर का पाटोत्सव 23 फरवरी को मनाया जाएगा। इस संदर्भ में ट्रस्ट की ओर से मीटिंग आयोजित की गई। इसमें निर्णय लिया कि श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। 56 भोग का प्रसाद लगाया जाएगा तथा 11:00 बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायकों की ओर से प्रोग्राम किया जाएगा। इसके बाद भंडारा कार्यक्रमरहेगा। मीटिंग में श्री श्याम धाम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. युगल प्रकाश यादव, सचिव रमेश गोयनका, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप जांगिड़, डॉ. राकेश शर्मा, मंगल भोमाका, कैलाश जांगिड़, पप्पू यादव, रमेश बंसल, रामेश्वर भोमाका सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भिवाड़ी अग्निकांड के बाद अलर्ट प्रशासनः नीमराना उद्योगों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश





जयपुर टाइम्स

**नीमरानां(निस)।** रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित इंडस्ट्रीज एसोसिएशन भवन में जिला प्रशासन ने उद्योग प्रतिनिधियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र की आंतरिक व बाह्य सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर आपातकालीन बैठक आयोजित की। हाल ही में भिवाड़ी में हुए भीषण अग्निकांड को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका गोस्वामी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित बैठक में उद्योगों की सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को अपने-अपने संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था की समुचित आंतरिक जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि संभावित हादसों से बचा जा सके एवं श्रमिकों की जनहानि रोकी जा सके। उन्होंने आसपास के उद्योगों में हो रहे उत्पादन की भी निगरानी रखने तथा स्वीकृत उत्पादन के अनुरूप ही गतिविधियां संचालित करने की जानकारी औद्योगिक संगठन को देने के निर्देश दिए। औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले केमिकल युक्त कचरे एवं प्रदूषित जल के सुरक्षित निस्तारण के लिए भी निर्देश जारी किए गए। साथ ही हाइवे किनारे एवं आबादी क्षेत्रों में संचालित कबाड़ गोदामों को हटाकर सर्विस लाइन को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए गए, जिससे आगजनी की घटनाओं की आशंका कम हो सके। बैठक की अध्यक्षता कर रहे उप महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक कोटपूतली-बहरोड़ देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने किराए पर संचालित संस्थानों में संभावित अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए औद्योगिक संगठनों से सहयोग की अपेक्षा जताई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओपी सहारण ने सभी संस्थानों में फायर सिस्टम को सुदृढ़ करने एवं समय-समय पर उसकी कार्यक्षमता की जांच करने के निर्देश दिए। रीको के उपमहाप्रबंधक राहुल भट्ट ने आश्वस्त किया कि सभी उद्योगों की उत्पादन गतिविधियों की निगरानी कर अनियमितताओं पर कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश खींची, उप जिला कलेक्टर महेंद्र यादव, उप पुलिस अधीक्षक चारुल गुप्ता, जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक भंवरलाल सैनी, नीमराना तहसीलदार डॉ. विक्रम सिंह, घीलोट वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज त्यागी, प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी राजकुमार सेहरा, अतिरिक्त श्रम आयुक्त भारती भिंडा, नीमराना थाना अधिकारी राजेश मीणा, श्रम निरीक्षक सुनील यादव, केशवाना इंडस्ट्रियल एसोसिएशन अध्यक्ष अंशुल यादव, सोतानाला अध्यक्ष जेपी चौधरी, शाहजहांपुर अध्यक्ष विजेंद्र चौधरी, महासचिव विनोद जैन, सह सचिव अमित यादव, एचआर महासचिव लोकेश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष विनोद पांडे, ईश्वर यादव, अभिषेक शर्मा, संदीप जांगिड़, वीरेंद्र शर्मा, रणधीर कुमार, रविंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, आरबी विजय, अजय गौड़, पीआरओ विकास कुमावत, आशीष त्रिपाठी, धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य उद्योगपति व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 501 कलशों की आस्था यात्रा से गूंजा सुजडोला-पिलानी

**बाबा मढ़ी धाम में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ**

**घोड़ा-ऊंट, बैंड-बाजा और जयघोष के साथ निकली 3 किमी की शोभायात्रा, पांच गांवों की उमड़ी श्रद्धा**



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** सुजडोला पिलानी बाबा मढ़ी धाम में सोमवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ 501 कलशों की ऐतिहासिक एवं भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर मुख्य यजमान शमदर सिंह शेखावत सपत्नीक ने कलश यात्रा को रवाना किया। करीब तीन किलोमीटर लंबी इस आस्था यात्रा ने पूरे सुजडोला-पिलानी क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। घोड़ा-ऊंट, बैंड-बाजा, डीजे साउंड और 'हरि बोल' के जयघोष के साथ निकली शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। पांच गांवों के श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने आयोजन को धार्मिक जनसैलाब का रूप दे दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सरोज श्योरान रहीं, जिन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता और धार्मिक चेतना का प्रतीक बताया। महंत आकाश गिरी के सानिध्य में निकली शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से कथा स्थल तक पहुंची, जहां वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक का भावभीना स्वागत किया गया। कथा स्थल पर प्रसाद वितरण के बाद श्रीमद्भागवत का मंगलाचरण हुआ। कथावाचक ने प्रथम दिवस भगवान की महिमा का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। महिलाओं की विशेष भागीदारी ने आयोजन को आध्यात्मिक उत्सव का रूप दे दिया। आयोजन समिति के महेश बसावतिया ने बताया कि कथा का आयोजन सात दिनों तक नियमित रूप से होगा। प्रतिदिन भजन-कीर्तन, कथा व प्रसादी का कार्यक्रम रहेगा तथा समापन अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने जानकारी दी कि 25 फरवरी को भव्य मेले का आयोजन होगा, जिसमें खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और धार्मिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कलश यात्रा ने न केवल क्षेत्र में भक्ति की अलख जगाई, बल्कि गांवों के बीच धार्मिक एकता, सामाजिक समरसता और सामूहिक सहभागिता का सशक्त संदेश भी दिया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह शेखावत, जगमाल यादव, मानसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, बाल वाहिनियों पर चला विशेष अभियान

### नियम तोड़ने वाले स्कूल वाहनों पर मौके पर चालान



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने स्कूल वाहनों (बाल वाहिनियों) के खिलाफ विशेष सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है। जिला प्रशासन के निर्देश पर यातायात पुलिस, परिवहन विभाग व शिक्षा विभाग की संयुक्त टीमों ने मंगलवार को शहर के प्रमुख स्थानों– मंडावा मोड़, पीरू सिंह सर्किल, कलेक्ट्रेट सर्किल सहित विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों पर मौके पर ही चालान किए और एक वाहन को जब्त भी किया। अभियान के दौरान यातायात प्रभारी राधेश्याम सांखला के नेतृत्व में टीम ने मंडावा मोड़, पीरू सिंह सर्किल, कलेक्ट्रेट सर्किल सहित कई स्थानों पर स्कूल वाहनों की गहन जांच की। निरीक्षण में वाहनों की फिटनेस, ओवरलोडिंग, आवश्यक दस्तावेज, सुरक्षा मानक तथा मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों के पालन की विस्तार से जांच की गई। जांच के दौरान कई वाहनों में गंभीर खामियां सामने आईं। कुछ वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा था, तो कुछ में फिटनेस प्रमाणपत्र व अन्य आवश्यक दस्तावेज अधूरे पाए गए। ऐसे मामलों में परिवहन व यातायात पुलिस ने मौके पर ही चालानी कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 51 स्कूल वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 18 वाहनों पर नियम उल्लंघन के तहत चालान किए गए, जबकि एक वाहन को गंभीर अनियमितता के चलते जब्त किया गया।

### सुरक्षा से समझौता नहीं :

अधिकारियों ने वाहन चालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं बल्कि निरंतर चलने वाला अभियान है और आगे भी औचक निरीक्षण जारी रहेंगे। यातायात प्रभारी राधेश्याम सांखला ने बताया कि यह अभियान विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जिन बाल वाहिनियों में मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों का पालन नहीं किया जाएगा, उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को केवल अधिकृत एवं सुरक्षित स्कूल वाहनों से ही भेजें और यदि किसी वाहन में लापरवाही दिखाई दे तो तुरंत संबंधित विभाग को सूचित करें।

## राजाखेड़ा में बिजली विभाग का अभियान तेजः 16 कनेक्शन काटे, 180 अवैध केबल जब्त



जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा(निस)।** जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता गोविंद सिंह के आदेश व अधिशासी अभियंता विवेक शर्मा के निर्देशन में उपखंड राजाखेड़ा में बकायादारों व विद्युत चोरी के खिलाफ विशेष वसूली अभियान चलाया गया। सहायक अभियंता आनंद तिवारी के नेतृत्व में गठित टीमों ने शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए लाखों रुपए की बकाया राशि पर कनेक्शन विच्छेद किए तथा अवैध केबल जब्त किए। शहरी क्षेत्र में फीडर 2, 3, 4 व 5 पर कार्रवाई करते हुए करीब 2.4 लाख रुपए की बकाया राशि पर 16 कनेक्शन डीसी किए गए तथा मौके पर ही 90 हजार रुपए वसूले गए। साथ ही 40 अवैध केबल जब्त कर दो विद्युत चोरों के विरुद्ध वीसीआर भरते हुए लगभग 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल की टीम ने नाड़ौरा, बाजना, सिलावट, गाड़ी कारीलपुर व डोंगरपुर में करीब 6 लाख रुपए की बकाया राशि पर 9 कनेक्शन डीसी किए तथा 60 अवैध केबल जब्त कर 5 विद्युत चोरों पर करीब 1.8 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। इसी क्रम में मरैना क्षेत्र में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा व रणवीर सिंह मूंड की टीम ने अतरौली, चड़ियांकपुरा, कठूमरी, चिलपुरा व घुरिया खेड़ा में करीब 25 लाख रुपए की बकाया राशि पर 7 ट्रांसफार्मर हटाकर 40 कनेक्शन डीसी किए तथा 80 अवैध केबल जब्त कर 4 विद्युत चोरों पर 1.5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा कराने व विद्युत तंत्र से छेड़छाड़ न करने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर संयंत्र लगाकर सब्सिडी का लाभ उठाने का भी आह्वान किया। अभियान में वरिष्ठ टेक्निशियन अवधेश कुमार शर्मा सहित अन्य तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रेवेन्यू बोर्ड के स्टे के बावजूद 60 साल पुराना भूमि आवंटन निरस्त, भूमिहीन किसान ने लगाई बहाली की गुहार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सैंपऊ तहसील अंतर्गत एक जमीनी प्रकरण में रेवेन्यू बोर्ड के स्टे के बावजूद तहसीलदार की ओर से भूमिहीन किसान की आवंटित भूमि का निरस्तीकरण किए जाने का मामला सामने आया है। किसान वासुदेव वर्मा का आरोप है कि वर्ष 1965 में सरकारी नीति के तहत उन्हें आवंटित 0.8346 हेक्टेयर भूमि का आवंटन संभागीय आयुक्त न्यायालय के आदेश की प्रति प्राप्त होने से पहले ही निरस्त कर दिया गया। किसान का कहना है कि वह बीते 60 वर्षों से उक्त भूमि पर खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। भूमि आवंटन निरस्तीकरण के खिलाफ उन्होंने रेवेन्यू बोर्ड अजमेर में अपील दायर की, जिस पर 24 सितंबर 2025 को बोर्ड ने संभागीय आयुक्त भरतपुर के आदेश को निरस्त करते हुए रिकॉर्ड यथावत रखने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद राजस्व अधिकारियों की ओर से बिना सूचना रिकॉर्ड में बदलाव कर खातेदारी खारिज करते हुए भूमि को सिवायचक घोषित कर दिया गया। किसान ने बताया कि वर्तमान में भी उक्त भूमि पर उनका कब्जा है तथा इसी जमीन पर 1.70 लाख रुपए का बैंक ऋण चल रहा है, जो संबंधित दस्तावेजों में दर्ज है।

इस संबंध में सिविल मामलों के जानकार अधिवक्ता दीनदयाल शर्मा ने कहा कि 50 वर्ष से अधिक पुरानी आवंटित भूमि का आवंटन अपीलीय समयसीमा दिए बिना जल्दबाजी में निरस्त करना नियमानुसार उचित नहीं है। वहीं एसडीएम सैंपऊ बंशीधर योगी ने बताया कि संभागीय आयुक्त के निर्णय अनुसार कार्रवाई की गई है। किसान इस कार्रवाई के खिलाफ न्यायालय अथवा उच्च अधिकारियों के समक्ष शिकायत दर्ज करा सकता है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** समेकित बाल विकास सेवाएं (महिला व बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार) व आसरा फाउंडेशन जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में झोटवाड़ा एवं जयपुर प्रथम ब्लॉक की 170 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए 16 से 18 फरवरी तक बाल संरक्षण विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनुपमा टेलर, अतिरिक्त निदेशक (पोषण) रहीं। उन्होंने बच्चों के विरुद्ध अपराधों की पहचान व समय पर रिपोर्टिंग के महत्व पर जोर दिया। उपनिदेशक पार्थवी शर्मा ने कार्यकर्ताओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सीडीपीओ धर्मिष्ठा सिकरवार व डॉ. नरेंद्र शर्मा भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों की ओर से पॉक्सो अधिनियम व जेजे एक्ट के प्रावधानों, पीड़ित बच्चों से संवाद की तकनीकों तथा बाल संरक्षण से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर बाल संरक्षण जागरूकता के लिए तैयार फ्लैश कार्ड्स का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में निशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर योजना व स्थायी लोक अदालत संबंधी जानकारी भी साझा की गई। अंत में संस्था की सचिव मंगला शर्मा ने सभी प्रतिभागियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## शिक्षित बेरोजगार से सफल उद्यमी बनने का सफर

## अचार-पापड़ व्यवसाय से संवर रहा है परिवार का भविष्य



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और स्वरोजगार के प्रति संवेदनशीलता धौलपुर जिले के युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। जिले के सैपऊ ब्लॉक स्थित कूंकरा मांकरा गांव के निवासी अंकुर पुत्र मुन्ना की कहानी प्रदेश सरकार के आत्मनिर्भर राजस्थान के संकल्प को धरातल पर चरितार्थ कर रही है। संघर्ष से सफलता का मार्ग एक शिक्षित युवा होने के नाते अंकुर लंबे समय तक राजकीय व निजी क्षेत्र में नौकरी के लिए प्रयासरत रहे। काफी मेहनत और प्रयासों के बावजूद जब सफलता हाथ नहीं लगी, तो परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी एक बड़ी चुनौती बन गई। ऐसे समय में राज्य सरकार के राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम (अनुजा निगम) ने अंकुर की राह आसान की।

**सरकार से मिला आर्थिक संबल**

राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप, जिला प्रशासन और अनुजा निगम की ओर से अंकुर को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में उन्हें अचार-पापड़ व्यवसाय के लिए चयनित किया गया। परियोजना के तहत उन्हें 50 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया, जिसकी राशि उन्हें 13 नवंबर 2024 को प्राप्त हुई।

**प्रतिमाह आय और बढ़ता सम्मानः**

आज अंकुर अपने गांव में ही सफलतापूर्वक अचार-पापड़ का व्यवसाय संचालित कर रहे हैं। इस व्यवसाय से उन्हें प्रतिमाह 3 हजार से 4 हजार रुपये की नियमित आय प्राप्त हो रही है। अंकुर बताते हैं कि सरकार की ओर से समय पर मिली इस आर्थिक सहायता के कारण आज उनका परिवार पूरी तरह संतुष्ट और खुशहाल है। लाभार्थी अंकुर ने कहा कि राज्य सरकार और अनुजा निगम का आभारी हूँ, जिन्होंने मुझ जैसे शिक्षित बेरोजगार को अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर दिया। आज मैं न केवल खुद कमा रहा हूँ, बल्कि अन्य युवाओं को भी सरकार की इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहा हूँ।

**आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदमः**

परियोजना प्रबंधक, अनुजा निगम धौलपुर ने बताया कि राज्य सरकार की इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य पात्र व्यक्तियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। अंकुर की यह सफलता अन्य बेरोजगार युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो स्वयं का लघु उद्योग स्थापित करना चाहते है।